e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 02
मंगलवार
02.01.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार
सफलता का रास्ता ईमानदारी की पटरी से होकर ही जाता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### जापान में 7.4 तीव्रता का भूकंप, मंडराया सुनामी का खतरा

**जापान :** जापान के उत्तर मध्य क्षेत्र में भयानक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनएचके ने बताया कि रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.4 मापी गई है. जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने इशिकावा, निगाटा और टोयामा प्रान्त के तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी जारी की है. इशिकावा के नोटो प्रायद्वीप में 1.2 मीटर तक ऊंची लहरें उठीं, जिससे एक दुर्लभ बड़ी सुनामी की चेतावनी जारी की गई.शुरुआती भूकंप के बाद, कई झटके आए और नोटो प्रायद्वीप क्षेत्र में सुनामी के 5 मीटर तक की ऊंचाई तक पहुंचने की आशंका जताई गई. इसके अलावा, 80 सेंटीमीटर की लहरें टोयामा प्रीफेक्चर तक पहुंच गईं, जबकि 40 मीटर की लहरें काशीवाजाकी, निगाटा प्रीफेक्चर में भी देखी गई.

### उज्जैन: महिला ने पति और जेठ को मारी गोली,दोनों की मौत

**उज्जैन :** उज्जैन के समीप इंगोरिया में एक महिला ने विवाद के बाद अपने पति और जेठ को गोली मार दी। दोनों की मौत हो गई। पत्नी ने पुलिस के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार जब पत्नी ने पति को 2 गोली मारी तो पति की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं जेठ ने भी जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया है। जिला अस्पताल, उज्जैन में शवों को मर्चुरी में रखा गया है। महिला ने खुद ही सरेंडर कर दिया और उज्जैन पुलिस जांच में जुट गई है।

### जीएसटी कलेक्शन 10 प्रतिशत बढ़कर 1.65 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली :** 2024 के पहले दिन यानी सोमवार 1 जनवरी।को जीएसटी क्लेक्शन को लेकर खुशखबरी आई है। ये सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से एक जनवरी को ये जानकारी दी गई। यह लगातार दसवां महीना है जब जीएसटी क्लेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार रहा है। हालांकि, दिसंबर का जीएसटी क्लेक्शन नवंबर के आंकड़े 1.68 लाख करोड़ से कम है। वित्त मंत्रालय की ओर से बताया गया कि अप्रैल-दिसंबर 2023 में खुल जीएसटी कलेक्शन 14.97 लाख करोड़ रुपये का रहा है, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 13.40 लाख करोड़ रुपये रही थी।

### देश में अब तक कोरोना के जेएन.1 वेरिएंट के 196 मामले, तीन की मौत

**नई दिल्ली :** भारत में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसमें नए पहचाने गए संक्रामक वेरिएंट के भी कई मामले शामिल हैं। नए वेरिएंट के अब 196 मामले सामने आ चुके हैं। कोरोना से पिछले 24 घंटों में तीन मौतें हुई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 636 नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान तीन लोगों की मौत हुई है। कोरोना के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 4,394 है। इंसाकोग (विशेष लैब समूह) के आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 के अबतक 196 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। ओडिशा में भी जेएन.1 की पुष्टि की गई है।

### जन मन सर्वेक्षण में भाग लें, भारत की प्रगति पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नागरिकों से 'जन-मन सर्वे' में भाग लेने और पिछले 10 वर्षों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? नमो ऐप पर जन मन सर्वेक्षण के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया सीधे मेरे साथ साझा करें!÷ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 19 दिसंबर को अपनी सरकार और स्थानीय प्रतिनिधियों के प्रदर्शन पर व्यापक सवालों के साथ नमो ऐप पर 'जन-मन सर्वे' की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य सरकार के 10 सालों के कामों पर जनता से फीडबैक लेना है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22⁰ |
| न्युनतम | 10⁰ |

# देश भर में शुरु हुआ अक्षत निमंत्रण महाअभियान



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी को होना है। इस कार्यक्रम के लिए सोमवार से अक्षत निमंत्रण महाअभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान पूरे देश में 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और भगवान श्री राम में आस्था रखने वाले लोग घर-घर जाकर अक्षत निमंत्रण देंगे और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के माध्यम से भेजे गए संदेश को भी लोगों तक पहुंचाएंगे। इस अभियान की शुरुआत दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित आर्य समाज मंदिर में हवन पूजा के साथ की गई। विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने मंदिर में सुबह हवन किया और ट्रस्ट के द्वारा भेजे गए संदेश और अक्षत निमंत्रण को लेकर लोगों तक पहुंचाने के लिए गलियों में निकल गए। वह लोगों को अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर की तस्वीर, ट्रस्ट का संदेश और अयोध्या में पूजित अक्षत देने के लिए महा अभियान पर निकल गए हैं। अयोध्या राम मंदिर में पूजित अक्षत के साथ घर-घर जाकर लोगों को यह संदेश भी दिया जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के दिन अपने नजदीकी मंदिर में जाएं और वहां पर इस कार्यक्रम के साक्षी बनें। विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि भगवान श्री राम की जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए देशव्यापी निमंत्रण दिए जा रहे हैं। आज से 15 दिन का महा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत हर शहर, हर गांव, हर बस्ती और हर घर जाकर लोगों को निमंत्रित करेंगे और कहेंगे कि भगवान श्रीराम 500 वर्ष बाद अपने घर लौट रहे हैं। हम सब लोग भी घर से बाहर निकलें और घर-घर जाकर अपने पास के मंदिर में 22 जनवरी की सुबह 11 बजे से लेकर 2 बजे तक प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हों, जिसका सीधा प्रसारण अयोध्या से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की आरती कर रहे होंगे उस अनुपम दृश्य के साक्षी बनते हुए खड़े होकर आरती में सहभागी बनें। यह सिर्फ राम मंदिर नहीं बल्कि करोड़ों भक्तों का राष्ट्र मंदिर बन रहा है। इस राष्ट्र मंदिर के अनुपम क्षण के आप भी गवाह बनें।

**इस अभियान की शुरुआत दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित आर्य समाज मंदिर में हवन पूजा के साथ की गई। विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने मंदिर में सुबह हवन किया और ट्रस्ट के द्वारा भेजे गए संदेश और अक्षत निमंत्रण को लेकर लोगों तक पहुंचाने के लिए गलियों में निकल गए।**

### मातम में बदला न्यू ईयर का जश्न, जमशेदपुर में हुआ भीषण सड़क हादसा

# 6 लोगों की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक तरफ लोग नए साल के जश्न की तैयारी में डूबे हुए थे। वहीं नए साल की शुरुआत जमशेदपुर के लिए दर्दनाक रहा। जहां सोमवार अहले सुबह भीषण सड़क हादसे में सरायकेला के आदित्यपुर बाबाकुटी के छः युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है।घटना बिष्टुपुर थाना अंतर्गत साई मंदिर गोल चक्कर के समीप की है। घटना सोमवार की सुबह 7 बजे की है। जहां एक इंडिगो कार पर सवार आठ युवक मरीन ड्राइव की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान अनियंत्रित चालक ने वाहन को पोल में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी में सवार आठों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परख्चे उड़ गए। उनमें से पांच की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक युवक की एमजीएम में ईलाज के दौरान मौत हुई। घायल दो युवकों में हर्ष कुमार झा और रवि झा शामिल है।

जिन्हें टीएमच और स्टील सिटी में इलाज चल रहा है। मृतकों में शुभम कुमार, पिता प्रेमरंजन झा, अनिरुद्ध कुमार यादव, पिता चंदन यादव, अनिकेत कुमार महतो, पिता श्रवण महतो, हेमंत कुमार सिंह पिता मदन सिंह, पियूष उर्फ टुकटुक, पिता अमित सिंह। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि सभी युवक पिकनिक मनाने जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार युवक रात भर नया साल का जश्न मुहल्ले में मनाने के बाद अहले सुबह के लिए निकले थे, जहां बिष्टुपुर थाना के सर्किट हाउस एरिया में दर्दनाक मौत के शिकार हो गए। घटना के बाद स्थानीय पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### एक ही घर से उठी पांच लोगों की अर्थियां

जालंधर ः शहर में जहां देर शाम लोग नव वर्ष के स्वागत की तैयारी में जुटे थे, वहीं दूसरी तरफ आदमपुर कस्बे के गांव डरोली खुर्द में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। एक ही परिवार के पांच लोगों के शव घर के अंदर मिले। मनमोहन सिंह का शव फंदे से लटकता और शेष चारों के शव बेड पर पड़े मिले। आशंका जताई जा रही है कि मनमोहन ने फंदा लगाने से पहले परिवार के लोगों को कोई जहरीला पदार्थ खिलाया था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल जालंधर भिजवा दिए हैं। घटनास्थल से पुलिस को मनमोहन सिंह का लिखा एक सुसाइड नोट भी मिला है। उसमें उसने कर्ज से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट को फोरेसिंक जांच के लिए कब्जे में ले लिया है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर बुलाई गई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मनमोहन सिंह डाकघर की शाखा का हेड था। उसके घर में ही डाकघर की शाखा थी। उसने करीब 25 से 30 लाख रुपये से अधिक का कर्ज ले रखा था। ज्योति के पति सरबजीत सिंह ने बताया कि ज्योति दवाई लेने के लिए अपने मायके परिवार आई थी।



### मुख्यमंत्री ने दुख जताया

रांची ः मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मृत्यु की दुःखद खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

# गांडेय विधायक ने दिया इस्तीफा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नए साल के पहले दिन एक जनवरी को झारखंड मुक्ति मोर्चा के गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी के नेता सरफराज अहमद गांडेय विधानसभा सीट से विधायक थे। झारखंड विधानसभा सचिवालय की तरफ से सोमवार को एक नोटिफिकेशन जारी किया गया। इस नोटिफिकेशन में इस बात का जिक्र नहीं है कि सरफराज अहमद ने विधायक पद से इस्तीफा क्यों दिया। विधानसभा सचिवालय की तरफ से बताया गया है कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने गांडेय विधायक सरफराज अहमद का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। यह विधानसभा सीट अब 31 दिसंबर, 2023 से खाली हो चुका है। बता दें कि झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। हेमंत सरकार के विधायक सरफराज अहमद ने राज्य में चुनाव से कुछ समय पूर्व इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया है।

अब विधानसभा चुनाव से पहले गांडेय में उप चुनाव होने की संभावनाएं बढ़ गई है। उम्मीद है कि जुलाई से पहले उप चुनाव हो सकता है।

### खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

# शहीदों के सपनों का झारखंड बनाएंगे : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** यह शहीद स्थल नहीं,आदिवासियों का प्रेरणा स्थल है। यहीं से हमें आदिवासियों को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की ताकत मिलती है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सरायकेला-खरसावां जिला के खरसावां में खरसावां गोली कांड के अमर वीर शहीदों के सम्मान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे।इस अवसर पर उन्होंने शहीद पार्क में शहीद स्मारक और वीर शहीद केरसे मुंडा चौक में शहीद स्मृति चिन्ह पर माल्यार्पण कर इन वीर शहीदों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है,जिसकी पहचान आदिवासियों से होती है। फिर भी, पिछले दो दशकों के दौरान आदिवासियों को हमेशा हाशिये पर रखने का कार्य होता रहा। हमारी सरकार ने यहां के आदिवासियों और उनकी सभ्यता, संस्कृति तथा परंपरा को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए आदिवासी दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में इसका आयोजन इतना भव्य और शानदार होगा कि पूरी दुनिया से आदिवासी झारखंड आएंगे और इस समारोह की शान बढ़ाएंगे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन और जोबा मांझी, विधायक दशरथ गागराई, सुखराम उरांव,दीपक बिरुआ और सविता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा और हो महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा चंद बोदरा विशेष रूप से मौजूद थे।

### आदिवासियों को दे रहे हैं उनका हक और अधिकार

**मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पूरे मान-सम्मान के साथ आदिवासियों को उनका हक और अधिकार दे रही है। इस बात से हम सभी वाकिफ है कि आदिवासी सबसे पिछड़े और गरीबों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे में इन्हें सशक्त और मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। देश और राज्य के लिए शहादत देने वालों के परिजनों को हम नौकरी दी जा रही है। आदिवासियों के हित में जो भी काम करने की जरूरत होगी, उसे प्राथमिकता के आधार पर निश्चित तौर पर पूरा करेंगे।**

### गांव से चल रही सरकार, धरातल पर उतर रही योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार दिल्ली और रांची से नहीं बल्कि गांव से चल रही है। हम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं क्योंकि गांव को मजबूत बनकर ही हम राज्य को सशक्त बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। फ्रआपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वारफ्र कार्यक्रम के जरिए आपके दरवाजे पर आकर आपकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। जिस अधिकारी से मिलने के लिए आप उनके दफ्तरों का बार-बार चक्कर लगाते थे, वे आज आपके घर पर पहुंचकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं । हमारी सरकार ने व्यवस्था बदलने का काम किया है। जिस वजह से आज अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों और जवाबदेहियों का निर्वहन कर रहे हैं।



**हमारी सरकार की जड़ें काफी मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की जड़ें काफी मजबूत है। क्योंकि, इस सरकार को आपने बनाया है। यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपका ख्याल रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। झारखंड वासियों को अब किसी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि, उनके कल्याण के लिए सरकार लगातार कदम उठा रही है।

# कांग्रेस ने 290 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का किया फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली:** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी में बैठकों का दौर शुरू हो गया है. इस दौरान कांग्रेस की गठबंधन समिति की आंतरिक बैठक की गई, जिसमें पार्टी ने मजबूत 290 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है.

साथ ही इन सीटों पर उम्मीदवारों की चयन को लेकर प्रक्रिया शुरू करने की सलाह दी गई है. पार्टी के आंतरिक सूत्रों के मुताबिक पार्टी के देशभर में कांग्रेस की परंपरागत मजबूत सीटों पर उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है.कांग्रेस पार्टी लगभग 290 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ना चाहती है. जबकि लगभग 100 सीट सहयोगी दलों के साथ लड़ना चाहती है. कांग्रेस पार्टी इस उम्मीद में है कि गठबंधन में उसे करीब 100 सीटें मिलेंगी. यानी की कांग्रेस पार्टी कुल 390 सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है. 290 परंपरागत सीटों के अलावा बाकी सीटों पर भी उम्मीदवार चयन में तेजी लाने पर काम शुरू कर दिया गया है. वहीं पूर्वोत्तर के लगभग सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ेगी. कांग्रेस 10 राज्यों में अकेले अपने दम पर जबकि 9 राज्यों में गठबंधन में लड़ने की रणनीति बना रही है.गुजरात, हरियाणा, असम, आंध्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना,हिमाचल, कर्नाटक, केरल,राजस्थान,छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और ओडिशा में अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ने की रणनीति बना रही है. बाकी सीटों पर संभावित गठबंधन दलों के साथ लड़ने की रणनीति है.



# न्यू ईयर में आकर्षण का केंद्र रहा पतरातू लेक रिसॉर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पतरातू का लेक रिसॉर्ट स्थानीय लोगों, पर्यटकों और सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। लेक रिसोर्ट में नाव, झूले समेत अन्य मनोरंजन के साधन का नए साल में लोगों ने भरपूर आनंद लिया। यहां पहुंचे हजारों लोगों ने अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाया और नौका विहार का भरपूर आनंद उठाया। कई नाव पतरातू डैम में लोगों को नौका विहार का सैर करा रहे थे। लोगों की भीड़ के कारण घाटी में जाम लग गया। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस के द्वारा सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही थी।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888
www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# मंत्री मिथिलेश ने गढ़वा में विकास की खींची लंबी लकीर : धीरज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** दो वर्ष कोरोना महामारी के बावजूद गढ़वा-रंका विधानसभा में विकास के कई ऐतिहासिक कार्य हुए। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विकास की लंबी लकीरें खींची है। चार वर्षो के कार्यकाल में हुए विकास कार्य विगत जनप्रतिनिधियों के 40 वर्षो के कार्यकाल पर भारी है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने रविवार को कल्यापणपुर स्थित मंत्री मिथिलेश ठाकुर के आवास पर प्रेस वार्ता में कही। प्रेस वार्ता में ज़िलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दिव्य प्रकाश केसरी भी मौजूद थे। उन्होने कहा कि गढ़वा को जाम मुक्त बनाने के लिए वर्षो से लंबित बाईपास सड़क का निर्माण लगभग पूर्ण होने जा रहा है। चरमराई विद्युत व्यवस्था में अब 20-22 घंटे बिजली प्राप्त हो रही है। 2013 से लंबित शहरी जलापूर्ति योजना को धरातल पर उतरा गया। वर्तमान में आधा शहर को पानी मिल रहा है। कुछ माह बाद संपूर्ण शहर लाभान्वित होगा। हर घर नल जल योजना से विधानसभा के 40 फिसदी घरों तक जलापूर्ति प्रारंभ हो गई है। गढ़वा विधानसभा के इतिहास में किसी विधायक के द्वारा अपने चार वर्ष के कार्यकाल में 1000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया। विधायक निधि से विधानसभा के 73 पंचायतों में जनहित के योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। पर्यटन को बढ़ावा के लिए बाबा खोन्हरनाथ मंदिर का सौन्दर्यीकरण, पहुंच पथ निर्माण एवं चारदिवारी कार्य पूर्ण, चिनिया के गुरुसिंधु जलप्रपात तक पहुंच पथ बनकर तैयार हो गया। मंत्री श्री ठाकुर के निजी कोष से घंटाघर का निर्माण, मझिआँव मोड़ पर गगनचुंबी झंडा टावर, क्षतिग्रस्त पुलिया का नवनिर्माण, गढ़देवी मंदिर में सोने की परत का गुंबज निर्माण में योगदान, टंडवा के दबगर मोहल्ला में सामुदायिक भवन, दो छठ घाटों पर सामुदायिक सह निगरानी मंच का निर्माण कराया गया। अनेकों मंदिर-मस्जिद, गिरजाघर में सहयोग किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए जिसमें गोवावल हाई स्कूल, कन्या उच्च विद्यालय, रामासाहू उच्च विद्यालय एवं उच्च विद्यालय उदयपुर को जमा-दो का दर्जा, कन्या मध्य विद्यालय एवं पुस्तकालय का जीर्णोद्धार, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आवासीय विद्यालय का निर्माण प्रगति पर है। विधानसभा में पहला महिला महाविद्यालय लगभग बनकर तैयार है एवं रंका अनुमंडल में स्नातक महाविद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। खंडहर अवस्था में पड़ा टाउन हॉल का नव निर्माण, नया समाहरणालय भवन, बिरसा मुंडा पार्क लगभग बनकर तैयार हो चुका है। खेल के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय एवं राजकीय प्रतियोगिता, स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन प्लांट का अधिष्ठापन, डायलिसिस विभाग की व्यवस्था तथा एनआइसियू का प्रबंध, बाजार मुख्यालय पर हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया गया।

# मेला ग्रामीण संस्कृति के पहचान से जुड़ा है : डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित खुटीसोत नदी तट पर आस्था के प्रतिक बाबा महत्वना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को भव्य मेला लगा। यहां उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को बाबा महत्वना धाम पर भव्य मेला लगता है। मेला में स्थानीय लोग के अलावा दूर-दूर से भी लोग काफी संख्या में आये थे.कड़ाके की ठंढ पर आस्था भरी पड़ा व लोग अहले सुबह से ही महत्वना धाम पहुँचाने लगे थे.बाबा महत्वना की पूजा अर्चना का दौर पुरे दिन चलते रहा.आयोजन कमेटि द्वारा भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है.यह सांस्कृतिक पहचान हमे बिरासत में मिली है। इस सांस्कृतिक बिरासत को आगे लेकर जाना है। उन्होंने घोषणा किया कि विधायक मद से धाम स्थल पर यात्री शेड का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावे धाम तक पहुंचने वाले सड़क का पक्कीकरण कराया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भोजपुरी दुगोला में एक से बढ़ कर एक गीत गाकर पुरे मेला क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया.बाबा महत्वना धाम के पुजारी सरयू चौधरी ने बताया कि यहाँ जो भी श्रद्धालु मनोकामना लेकर आते है बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते है। मौके पर विधायक के ग्रामीण प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, समजसेवी विजय कुमार रवि, इदरीश हवारी, देववंश राम, बिनोद राम सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रगतिशिल पत्रकार मंच का शिष्टमंडल एसडीएम से मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रगातिशील पत्रकार मंच का शिष्टमंडल सोमवार को मंच के अध्यक्ष सैय्यद नौशाद के नेतृत्व में हुसैनाबाद के नवनियुक्त एसडीएम आईएएस आशिष गंगवार से मुलाकात की, लोगों ने उन्हें बुके देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी, मौके पर एसडीएम ने भी मंच के सदस्यों को नवबर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुऐ कहा कि अनुमंडल क्षेत्र की जो भी समस्या होगी उसे प्राथमिकता के अधार पर समाधान करने की कोशिश की जाएगी, उन्होनें कहा कि मूल रूप से उतर प्रदेश राज्य के पीलीभीत जिला के एक गांव से बिलॉन्ग करते है, वर्ष 2021में आईएएस करने के बाद झारखंड कैडर मिला और हुसैनाबाद में एसडीएम के रुप में मेरी पहली पोस्टिंग है, मौके पर मंच के सत्येंद्र कुमार चंदेल, संजय ओझा, जीतेंद्र प्रसाद कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय गुप्ता, गौतम पटेल अखिलेश कुमार, विकाश कुमार, दीपनारायण, समेत मंच के कई सदस्य मौजूद थे।

# पिकनिक स्पॉट पर दंडाधिकारी रहे मुस्तैद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** नव वर्ष को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के प्रमुख पिकनिक स्पॉट पर 31 दिसंबर से दो जनवरी तक दंडाधिकारी तैनात रहेंगे। इसके लिए हुसैनाबाद के प्रशिक्षु आईएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार ने पिकनिक स्पॉट पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश जारी किया गया है। देवरी कला सोन नदी मंदिर व डिलापर, दंगवार सोननदी, डंडिला घाघरा कुंड बांध, सीता चुआ, नहर मोड़ जपला, देवरी खुर्द सोननदी, लंगरकोट मुरली पहाड़ी, हैदरनगर के चौकड़ी हॉस्पिटल के पास, कबरा कला सोननदी, बरेवा झरना, मोहमदगंज के सिचाई विभाग के नजदीक आईबी के पास, भीम चुल्हा भीम बराज के पास, कोयल नदी एवम सोननदी के संगम स्थल पंसा घाट के समीप, काशिशोत डैम के पास दंडाधिकारी के साथ पुलिस फोर्स मौजूद रहें।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा है देश का सर्वांगीण विकास : बबलू सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 108 वें संस्करण को सुनकर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में जिताने और मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में अयोध्या में रामलला के मंदिर का उद्घाटन का जिक्र करने से कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की बातों को सुना और उन बातों को जनता के बीच ले जाने की बात कही। मौके पर भाजपा के वरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात काफी उपयोगी है। उन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के कार्यो का उल्लेख किया। देश के सर्वांगीण विकास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतर कार्य हो रहा है। मौके पर रामेश्वर राम,नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, सुबोध कश्यप, संतोष गुप्ता, अरुण विश्वकर्मा, अनूप सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नव वर्ष पर पिकनिक मनाने के लिए सुखलदरी जल प्रपात में उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित पर्यटन स्थल सुखलदरी जल प्रपात में इस बार पर्यटकों ने नव वर्ष के आगमन पर सोमवार को काफी संख्या में पहुंचकर वनभोज का खूब आनंद उठाया, तथा मनोरम दृश्य के साथ प्राकृतिक छटा का आनंद लिया, यह स्थल पर करीब 10 हजार की संख्या में झारखंड राज्य के अलावा छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश सहित बिहार के भी पर्यटक की पहुंचने की संभावना जताई गई, सुखलदरी जल प्रपात में नव वर्ष के खुशी में लोग डीजे बजाकर आनंद लेते और झरना के पास फोन, कैमरा में झरना तथा मनमोहक प्रकृति छटा को कैद की, सुखलदरी जल प्रपात में बहते पानी में नहाने के साथ चिकनी पत्थर बालू का देख खूब पर्यटक आनंद उठाते नजर आये, चारो ओर से घिरे पर्यावरण को भी देख पर्यटक आकर्षित हो गए, आए हुए पर्यटक सुखलदरी झरना को घंटो देर तक अवलोकन किया, सुखलदरी पर्यटन स्थल के पास स्थित शंकर भगवान के मंदिर में लोग पूजा अर्चना भी किया, तथा सुखलदरी झरना के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रखंड स्तर से मजिस्ट्रेट नियुक्ति कर झरना के आस पास लाल फीता बांधकर बैरीकेड लगाकर पुलिस बल तैनात किया गया था।

# पूजित अक्षत कलश के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या आने का आमंत्रण मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय आरएसएस, बजरंगदल सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अयोध्या से आई पूजित अक्षत कलश के साथ घर घर जाकर श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तथा प्रतिमा का दर्शन पूजन हेतु आमंत्रण दिया। श्रद्धालुओं को पूजित अक्षत के साथ मंदिर का चित्र तथा पत्रक भी दिया गया। इस अवसर पर आरएसएस के खंड कार्यवाह मोहन ठाकुर ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के अपने दिव्य धाम में विराजमान होने को लेकर भक्तों में असीम उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोग अपने आसपास के मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन करें। साथ ही प्रत्येक घरों में दीपोत्सव मनाएं। बाद में अपनी सुविधानुसार अयोध्या जाकर दर्शन पूजन अवश्य करें। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास को भी पुजित अक्षत दिया गया है।इस अवसर पर राजेश रंजन मिश्रा, रॉबर्ट गुप्ता, बजरंग दल सहसंयोजक रिशु गुप्ता, संजय जायसवाल, विजय प्रजापति, आनंद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष बब्लू बलराम, रॉकी कुमार, मुखदर्शी कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एक्यूप्रेशर परिषद द्वारा मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिल्वे के द्वारा झारखंड बंगाल के बॉर्डर पर स्वणीखा नदी में पत्थर पर श्री गौरांग महाप्रभु के पद चिन्ह मिला है। इसके उपलक्ष्य में एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा एक्यूप्रेशर मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने किया। इन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचने एवं एक्यूप्रेशर चला गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाने में हमारा पर्व त्यौहार, मेला का बहुत ही बड़ा योगदान है। इस तरह के मेला हमारे सनातन धर्म, सनातन पद्धति और सनातन संस्कार को जिंदा रखा है। मेला में एक्यूप्रेशर योग नेचुरल पेथ, श्रीमद् भागवत पाठ गीता एवं हनुमान चालीसा का गुटका का वितरण किया गया। मेला को सफल बनाने में संचालक विनय कुमार ठाकुर, सभापति गणेश चंद महतो, उपसभापति गणेश महतो ,निर्मल महतो, पूर्णिमा बसु, हेमंत तन्नो बाई, विक्रम महतो, गोकुल महतो लक्ष्मण ठाकुर, भोला ठाकुर, डॉ उमाशंकर मालाकार, डॉ बलराम महतो, डॉ महेश प्रजापति, डॉक्टर लखन मिश्रा, डॉ नरेश महतो, डॉक्टर निरंजन चौधरी, डॉक्टर सरस्वती कुमारी, रुकमणी कुमारी, लपम कुमारी डॉ. पूजा कुमारी, डॉक्टर ललिता कुमारी, अवध बिहारी सिंह, योग शिक्षक मुनमुन मालाकार, डॉक्टर तापस महतो, डॉ.राजेंद्र महतो, डॉक्टर मेघा राज प्रसाद एवं धर्मात्मा साधु मलिक सेवा आश्रम के सभी सदस्य उपस्थित थे। मेला मैं खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# मांडर पुलिस ने बिजली पोल से तार काटते हुए चोर को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के सेंट्रल यूनिवर्सिटी ब्राम्बे के पीछे ब्राम्बे से ग्राम बरगडी जाने वाली पक्की सड़क के किनारे लगे बिजली पोल के तार को काटते हुए तीन लड़कों को रंगे हाथों पकड़ा गया है। जिसके आलोक में प्राथमिक की दर्ज कर पकड़े लड़का अतुल मिंज पिता आलोक मिंज ग्राम लोयो, विनय बेनेदिक्क एक्का पिता पिता ज्योति प्रकाश एक्का ग्राम बरगडी, इकरामुल अंसारी पिता अजमत अंसारी ग्राम चटवाल तीनों को आज हिरासत में भेज दिया। गुप्त सूचना के आधार पर मांडर थाना अध्यक्ष विनय कुमार यादव ने अपने टीम के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे तो देखा की तीन युवक सड़क किनारे छुपने का प्रयास कर रहा है। वहीं पुलिस देख युवकों ने भागने का प्रयास किया, मगर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# नव वर्ष पर युवाओं ने पास के ही पहाड़ी क्षेत्र में मनाई पिकनिक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पहाड़ी इलाके में नए वर्ष 2024 की शुभ अवसर पर पिकनिक मनाने को लेकर एक अलग उत्साह दिखा। क्षेत्र के लोग सुबह सवेरे उठते ही अलग-अलग टीम बनाकर गाजे-बाजे के साथ भोजन की सामग्री इकट्ठा कर पहाड़ी की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान अपने स्वयं हाथों से शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन बनाकर अपने प्रिय जनों के साथ खूब लुत्फ उठाया। साथ ही विभिन्न कई जगहों पर डीजे में बज रहे सांस्कृतिक गानो पर झूमते थिरकते नजर आए। साथ ही इस नव वर्ष पर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।

# क्षेत्र में देर रात से नववर्ष की धूम

**बेड़ो :** प्रखंड के आस पास के क्षेत्र में सोमवार को नववर्ष की धूम देर रात रही। नववर्ष को लेकर लोग दिनभर उत्साहित रहे। अहले सुबह में कई लोगो ने महादानी मंदीर, मुड़हर बाबा पहाड़ व मंदिरो में पुजा करने वालो लोगो की भिड़ लगी रही। वही लोगों की टोलियां बना कर पिकनिक के लिए प्रखंड अंतर्गत करांजी डैम, हरिहरपुर जामटोली डैम, पारस डैम, टिकराबारी व हाथीदह समेत कई अन्य पिकनिक स्पाट पर पहुंचे थे। इस दौरान लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया।

# दस पाड़हा राजा का आकस्मिक निधन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के कटरमाली गांव निवसी दस पाड़हा राजा कोमल उराँव का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। पाड़हा राजा के निधन से गांव व समाज में मातम फैल गया। पाड़हा राजा का अंतिम यात्रा व मिट्टी गांव के मसना में सोमवार की संध्या लगभग 3 बजे किया गया।अंतिम यात्रा व मिट्टी कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, दस पाड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा, पाड़हा संरक्षक जागरे उरांव, उपाध्यक्ष बिन्नी उरांव, संयोजक संजय लकड़ा, जरिया पंचायत समिति सदस्य विशु उराँव, नारायाण भगत सहित पाड़हा प्रेमी व समाज के लोग शामिल।

# मांडर बुढ़मू रोड में सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रिम्स रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के बुड़मु रोड में सड़क दुर्घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे करगे से मांडर की ओर जा रही मोटरसाइकिल को अज्ञात मारुति वैन के टक्कर मारने से सड़क में गिर जाने से एक दो वर्षीय बच्चा समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल में चान्हो थाना क्षेत्र के सपोरन निवासी 35 वर्षीय लोकनाथ उरांव टांगर निवासी 20 वर्षीय सुजीत उरांव व दो वर्षीय ज्ञान उरांव है। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को रीम्स रेफर कर दिया।

# पीडीएस दुकानदार हड़ताल में रहने के लिए बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** सोमवार को प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार संघ ने ऑल इंडिया फेयर प्राइज शॉप फेडरेशन के आवाह्न पर केंद्र सरकार के दमनकारी नीतियों के विरूद्ध मानदेय, पूर्व की भांति अनुकंपा बहाल करने, कोरोना काल में बकाया कमिशन एवं अन्य लंबित मांगों के समर्थन में 1 जनवरी 2024 से देशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हेमंत एक्का को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर सरिता एक्का, वसीम इकबाल, सोनू, अबरार आलम, तैय्यब अंसारी, मंजीत लकड़ा, प्रेम कुमार तिवारी शामिल थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल, पूर्व मुखिया ने अपनी गाड़ी से पहुंचाया स्वास्थ्य केन्द्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना क्षेत्र के बेड़ो कराँजी सड़क पर पोल्ट्री फार्म के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में खत्री खटंगा गांव निवासी अतुल टंडन घायल हो गये। नव वर्ष के पहला दिन में लोगों में नया साल की शुरुआत करने का जश्न में सभी लोग रहते हैं। ऐसी समय में सड़क में काफी भीड़ रहती है। भीड़ भाड़ वाले इलाके में सड़क दुर्घटना होने का डर बना रहता है। संध्या लगभग 6 बजे बेड़ो से अपना घर खत्री खटंगा जाने के क्रम में राजा पोल्ट्री के सामने स्कूटी सवार अतुल टंडन का सड़क दुर्घटना हो गया। घटना में अतुल के सिर में काफी चोट आई है। सूचना मिलते ही हरिहरपुर जामटोली पूर्व मुखिया सुनील कच्छप ने एंबुलेंस को कॉल किया साथ ही साथ ही पुलिस को भी सूचित किया। एंबुलेंस का आने में देरी होने पर दूसरे का गाड़ी में तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार के पश्चात स्थिति को देखते हुए डॉक्टर मेघा भगत ने बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नव वर्ष की शुभकामनाएं दी



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि नववर्ष 2024 के अवसर पर आप सभी को अनेक-अनेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। यह साल आप सभी के जीवन में खुशियां लाए। सभी स्वस्थ, सुखी और संपन्न रहें, यही कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड के अमर वीर शहीदों और महान आंदोलनकारियों के सपनों का राज्य निर्माण करने की ओर हम मिलकर आगे बढ़ते रहें, राज्य की जड़ों को सिंचित कर उसे और सशक्त बनायें। जय जोहार! जय झारखंड।

### एचईसी सप्लाईकर्मी तीन को मुख्यालय के समक्ष करेंगे प्रदर्शन

**रांची :** एचईसी सप्लाईकर्मी तीन जनवरी को मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन करेंगे। एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति के लालदेव सिंह ने सोमवार को बताया कि दो जनवरी को समिति का एक प्रतिनिधिमंडल एचईसी के निदेशकों से मिलकर सप्लाई कामगारों के बोनस, उपस्थिति, इएसआइ, पे-स्लीप पर वार्ता करेगा। उन्होंने बताया कि निदेशक सप्लाई कामगारों की समस्याओं पर स्पष्ट जानकारी नहीं देंगे, तो आंदोलन होगा।

# सफदर हाशमी जिन्होंने चकाचौंध की प्रेक्षागृह से नाटक को बाहर निकाल कर नुक्कड़ पर दिलाई पहचान

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** जगमगाती रौशनी से सजा प्रेक्षागृह और मेकअप और ड्रेस सजे कलाकारों की भीड़ और महंगे प्लेटफार्म पर मंचित नाटकों को नुक्कड़ पर लाकर पहचान दिलाने वाले रंगकर्मी, लेखक, गीतकार, निर्देशक,कलाविद और कम्युनिस्ट विचारधारा के शख्सियत जो भारत के राजनैतिक रंगमंच में वे आज भी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं जिन्हें लोग सफदर हाशमी के नाम से जानते और पहचानते हैं। भले सफदर आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उन्होंने नुक्कड़ नाटक को लेकर रंगकर्म के क्षेत्र में जो काम किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता है। सफदर हाशमी इप्टा से जुड़े थे बाद में सीटू और फिर अपना संस्था जनम का गठन किया सहमत नाम के संगठन भी गठित किये थे, दो जनवरी को उनकी मौत हो गई थी।

**इन नाटकों का किया नुक्कड़ मंचन:** सफदर हाशमी ने मंहगे और तामझाम वाले प्रेक्षागृह से बाहर निकल कर सस्ते और नये ढ़ंग से नुक्कड़ पर नाटक का आगाज किया। जिसे नुक्कड़ नाटक नाम दिया गया। खास कर दुश्मन, मोटेराम, हल्ला बोल, औरत,मशीन,गांव से शहर तक, हत्यारे और अपहरण भाईचारे का,तीन करोड़ , डीटीसी की धांधली सहित कई नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया।इसके बाद दूरदर्शन के लिए धारावाहिक खिलती कलियों का निर्माण किया।

**दो जनवरी को हुई थी मौत:** एक जनवरी 1989 को गाजियाबाद के झंडापुर में अंबेडकर पार्क के नजदीक जन नाट्य मंच (जनम), कम्युनिस्ट के उम्मीदवार रामानंद झा के समर्थन में नुक्कड़ नाटक कर रहे थे। नाटक का नाम था, हल्ला बोल। तभी कांग्रेस के उम्मीदवार मुकेश शर्मा वहां से गुजर रहे थे। इसी दौरान मुकेश शर्मा के समर्थकों ने किसी



बात को लेकर नाटक मंडली पर हमला कर दिये। इस हमले में सफदर बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां आज के ही दिन दो जनवरी को दम तोड़ दिया। सफदर हाशमी ने जब दुनिया को अलविदा कहा, तब उनकी उम्र मात्र 34 साल थी।

**सफदर का परिचय:** 12 अप्रैल 1954 को सफदर हाशमी का जन्म दिल्ली के हनीफ और मां कौसर आजाद के घर हुआ था। सफदर ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से इंग्लिश लिटरेचर में एमए किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद सूचना अधिकारी बने, लेकिन बाद में नौकरी से इस्तीफा देकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ले ली।

1973 में 'जनम' यानी जन नाट्य मंच की नींव रखी। थियेटर और नाटक का नाम सुनते ही दिमाग में दर्शकों से भरे ऑडिटोरियम, स्टेज, लाइट्स और कलाकारों की एक बड़ी सी टीम घुमने लगती है। लेकिन सफदर हाशमी ने थियेटर और नाटक का स्वरूप ही बदल दिया।

पैसों की कमी की वजह से सफदर ने नुक्कड़ नाटक करने की ठानी। सत्ता के दमन के खिलाफ लिखा हुआ नाटक और कुछ मंझे हुए कलाकारों के साथ मिलकर सफदर ने गली-मोहल्लें को ही अपना स्टेज बना लिया।

**मौत के 48 घंटे बाद उनकी पत्नी :** सफदर हाशमी का जब अंतिम संस्कार हुआ, तब दिल्ली की सड़कों पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सफदर की मौत के 48 घंटे बाद उनकी पत्नी मल्यश्री और उनके साथियों ने हल्ला बोल नाटक का दुबारा मंचन 4 जनवरी को किया।

**4000 से भी ज्यादा बार मंचन किया :** सफदर ने अपने जीवन में करीब 24 नुक्कड़ नाटकों का 4000 से भी ज्यादा बार मंचन किया गया। वे मजदूरों की बस्तियों और फैक्ट्रियों के आसपास अपने नुक्कड़ नाटक दिखाते थे। उनकी मौत के 14 साल बाद 2003 में गाजियाबाद कोर्ट ने कांग्रेस नेता मुकेश शर्मा समेत 10 लोगों को सजा सुनाई थी ।

## नए साल की धूम पिकनिक स्पॉट पर है भीड़ भाड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** नव वर्ष के पहले दिन रांची शहर और इसके आसपास के मंदिर और दरगाह सहित पिकनिक स्पॉट ,पार्क , फॉल ,पर्यटन स्थलों पर लोगों के भीड़ देखी गई । सुबह से ही लोग अपने पसंदीदा पर्यटन स्थलों पर घूमने पहुंचे थे । खासकर शहर के बीच पतरातु घाटी, रॉक गार्डन, मछली घर, दशम फॉल ,हुंडरू फॉल ,जोन्हा फॉल, बिरसा जैविक उद्यान ,हिरणी फॉल सहित अन्य फॉल पर लोग घूमने गए और यहां पर मौज मस्ती की। पिकनिक मनाया , खाना पकाया। एक दूसरे के नव वर्ष की शुभकामनाएं दी । तस्वीर खींचाया, सेल्फी ली, सोशल साइट पर भी अपने पर्यटन स्थल और फॉल की तस्वीरों को अपलोड किया । खबर लिखे जाने तक शहर में किसी तरह की सड़क हादसा या अन्य किसी तरह की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं थी । वहीं सभी पिकनिक स्पॉट ,पर्यटन स्थलों और फॉल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन अपनी ओर से पूरी तैयारी कर रखी है । सभी गहरे और खतरनाक फॉल के पास गोताखोर भी लगाया गया है, एनडीआरएफ की टीम भी है । वहीं पुलिस की भी तैनाती की गई है।

## नए वर्ष को लेकर राजधानी के मंदिरों में लगी रही भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नए वर्ष को लेकर राजधानी रांची के सभी मंदिरों में सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी रही। पहाड़ी मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर धाम, मेन रोड के काली मंदिर, हनुमान मंदिर, दुर्गा बाड़ी, रातू रोड के दुर्गा मंदिर सहित अन्य मुहल्लों के मंदिरों में सुबह से ही लोग पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए दिखे। लोगों ने परिवार के साथ नए वर्ष की शुरुआत भगवान के दर्शन के साथ की। लोगों ने इस दौरान बेहतर स्वास्थ्य समृद्धि और सुख शांति की कामना की। रांची के पहाड़ी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे पुलिस के जवान और स्वयंसेवक मुस्तैदी से जुटे हुए थे। मौके पर सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह मौजूद थे।

## झामुमो रांची जिला युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष बनाए गए अजित नायक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा रांची ,जिला युवा मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें तेज तर्रार नेता अजीत नायक को कोषाध्यक्ष बनाया गया। युवा वर्ग में खुशी की लहर है। उसको देखते हुए उनका स्वागत किया गया। शहीद अल्बर्टा एक्का चौक के समीप उनका स्वागत पूरे हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया और उन्हें बधाई देने के लिए कई लोग पहुंचे । मुख्य रूप से इसमें शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता, रांची जिला सचिव अजय सिंह ,नीरज सिंह ,अकबर कुरैशी , प्रवीण कुमार, राहुल कुमार, विनोद



साव ,काली साव ,अर्जुन नायक, पल्लू मुंडा ,राहुल नायक, लालू वर्मा और कई कार्यकर्ता व समाजसेवी उपस्थित थे सभी ने उनका अभिनंदन किया। जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि अजित के कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर उम्मीद है कि वह बेहतर काम करेंगे और पार्टी की मजबूती के लिए हर स्तर से समर्पित होकर पहले से भी और बेहतर काम करेंगे। वहीं अजीत नायक ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है पार्टी की तरफ से पूरे ईमानदारी से उसे पूरा करूंगा।

## झारखंड को मिलेंगें सात नये विश्वविद्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में 2024 में सात नये विश्वविद्यालय की स्थापना होनी है। इस दौरान चार अंगीभूत कॉलेजों को विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड किया जाएगा तो वहीं, तीन नए विश्वविद्यालय भी खोलें जाएंगे। इससे भविष्य में झारखंड के शिक्षा के स्तर को सुधारा जा सकता है। राजय में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की कवायद चल रही है। इसके तहत सात नये विश्वविद्यालय खोली जा रही है। इनमें चार कॉलेजों को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा और तीन नये विश्वविद्यालय खोले जाएंगे।देवघर कॉलेज, रांची महिला कॉलेज, केओ कॉलेज गुमला



और जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज को विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा तीन नये विश्वविद्यालय स्थापित किये जाएगें। इसके अलावा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को एडवांस रिसर्च सेंटर ऑफ फिजिकल एंड नेचुरल साइंसेज और विनोबा भावे विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर साइबर सिक्योरिटी के रूप में विकसित करने की योजना है।

## पथ निर्माण सचिव ने सड़क-पुल की योजनाओं को पूरा करने के दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पथ निर्माण सचिव सुनील कुमार ने राज्य में सड़क योजनाओं के इंजीनियरों के साथ समीक्षा की है।

प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित सभागार में सचिव ने वन भूमि, जमीन अधिग्रहण सहित अन्य कारणों से लंबित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। सचिव ने कई जिलों में अब तक बाईपास निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी भी जतायी। अभियंताओं को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट देने




को कहा। पथ निर्माण सचिव ने टोरी रेल ओवर ब्रिज निर्माण कार्य अब तक नहीं शुरू होने पर भी नाराजगी जतायी और इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को कहा कि वे डीसी लातेहार के साथ समन्वय करके आरओबी निर्माण के लिए तेजी से कार्य करें।

सचिव ने मुआवजा भुगतान कार्य में तेजी लाने, वन भूमि क्लीयरेंस के लिए वन विभाग से बात कर काम करने को कहा।

सचिव ने इंजीनियरों को स्पष्ट कहा कि महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूरा करें ताकि राज्य के छवि बेहतर हो सके।

## नाबालिग बच्चों ने दुर्व्यवहार, अपशब्द व मारपीट का पुलिस पर लगाया आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना में पद स्थापित पुलिस उपनिरीक्षक अजय कुमार और अनिल कुमार के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है । लिखित शिकायत में यह बताया गया कि समीम के आवास पर कुरानख्वानी का आयोजन किया गया था । इसी दौरान मदरसा दारुल कोराल के छात्र यहां पर पढ़ने आए थे । पढ़ने के बाद वापस हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र से मदरसा जा रहे थे। तभी किसी बात को लेकर हिंदपीढ़ी थाना में पदस्थापित पुलिस उप निरीक्षक अजय कुमार और



अनिल कुमार ने नाबालिग बच्चों के साथ दुर्व्यवहार ,गाली गलौज व मारपीट की है। इसकी जानकारी जब राइन पंचायत के पूर्व सदर एनामुल हक को हुई तो वे भी वहां पर पहुंचे और शांत कराने की कोशिश की। तो इसके साथ भी दुर्व्यवहार किया गया । पूरे मामले की जानकारी कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय को दिया गया। इस मामले पर हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी, सिटी एसपी , एस एसपी से भी संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन किसी कारणवश फोन नहीं उठाये। वहीं कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय से बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ दुर्व्यवहार ,गाली ,गलौज व मारपीट करने की शिकायत मिली है। बच्चे से भी पूछताछ की गई है , हम लोगों ने इसकी रिपोर्ट वरीय पुलिस अधीक्षक से कर दिया है। हिंदपीढ़ी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि ऐसे पुलिसकर्मियों को निलंबित किया जाना चाहिए इन लोगों से पुलिस की छवि खराब होती है।

## रांची में सभी टूरिस्ट स्पॉट पर मजिस्ट्रेट और पुलिस की रही प्रतिनियुक्ति



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि नव वर्ष पर जिला प्रशासन की तरफ से सारें टूरिस्ट पॉइंट पर पुलिस और मजिस्ट्रेट की नियुक्ति पर्याप्त संख्या में की गई है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटे। उपायुक्त ने नववर्ष की शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि नया वर्ष हम सभी के लोगों के लिए सुख-शांति सन्देश लेकर लाए यही कामना रहेगी। नववर्ष की शुरुआत इसी सौहार्द वातावरण में करें। उपायुक्त ने सभी जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि नववर्ष में लोग अपने घर से घूमने पिकनिक मनाने जाते है, क्योंकि रांची जिला में एक से एक नैसर्गिक सुंदरता, अद्भुत यहां के नजारे है, जिसे सभी अपने प्रियजन, दोस्त, परिवार के साथ देखने निकलते है। उपायुक्त ने सभी से अनुरोध करते हुए कहा कि इन जगहों पर जा कर अनुशासन का परिचय दें। कोई अप्रिय घटना नही घटे। वहां जा कर स्वच्छता का भी ख्याल रखें ताकि ये टूरिस्ट पॉइंट स्वच्छ रहें। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की शहर में ऐसे इलाके जहां पूर्व में कोई घटना-दुर्घटना घटी है, वहां जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। जो भी आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस प्रशासन को देना आवश्यक रहेगा वह जरूर रहेगा।

## झारखंड हाई कोर्ट और रांची सिविल कोर्ट मंगलवार से खुलेगा




**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट और रांची सिविल कोर्ट मंगलवार से खुलेगा। कोर्ट की कार्यवाही सुबह 10-30 बजे से शुरू होगी।जानकारी के अनुसार झारखंड हाई कोर्ट में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ सहित सभी अदालत में सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी। वहीं रांची सिविल कोर्ट में भी सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई होगी।

# कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर आज आयेंगे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय दौरे पर दो जनवरी को रांची पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में झारखंड प्रभारी का अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम होगा। फिर झारखंड प्रभारी जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ कांग्रेस भवन में बैठक करेंगे। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के



मीडिया प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को बताया कि झारखंड

**इसके बाद मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में झारखंड प्रभारी का अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम होगा।**

प्रभारी तीन जनवरी को कांग्रेस भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी झारखंड प्रदेश के साथ बैठक और लोकसभा प्रभारियों एवं संयोजकों के साथ कांग्रेस भवन, रांची में बैठक करेंगे।

## भारत ही नहीं बल्कि समस्त विश्व में सनातन धर्म का परचम लहरायेगा : पद्मश्री मुकुंद नायक

### अयोध्या से आया राम मंदिर का अक्षत घर-घर वितरण करने का अभियान हुआ शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री रामजन्मभूमि में भव्य, दिव्य एवं अलौकिक नूतन मंदिर में नूतन भगवान श्रीरामललाजी का प्राण प्रतिष्ठ आगामी 22 जनवरी को होने वाली है। इसे लेकर अयोध्या से आया पूजित अक्षत को सोमवार को चुटिया, रांची स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में कार्यकर्ताओं ने पूजन-अर्चन कर परिवारों को निमंत्रण देने का 15 दिवसीय अभियान प्रारंभ किया। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने बताया कि निमंत्रण देने के कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड के लोकप्रिय कलाकार पद्मश्री मुकुंद नायक को पूजित अक्षत एवं रामजी का चित्र देकर प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा प्रांत में लगभग 5000 टोलियां लगभग 31 लाख परिवारों तक घर-घर पहुंचाने का अभियान प्रारंभ हुआ। अयोध्या से आया पूजित अक्षत के द्वारा निमंत्रण प्राप्त करते हुए पद्मश्री मुकुंद नायक ने अपने आप को सौभाग्यशाली बताते हुए निमंत्रण को स्वीकार किया। उन्होंने निमंत्रण प्राप्त करते हुए भाव विभोर हो



गए तथा कहा मेरा परम सौभाग्य है कि हमें अयोध्या नगरी से आया पूजित अक्षत आप लोगों के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीरामजी का जन्म त्रेतायुग में हुआ था। लेकिन बाद में भारत की भूमि में कई त्रासदियां आई, जिससे राम जन्मभूमि एवं सनातन धर्म को गौण कर दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। लेकिन आज अयोध्या में भव्य मंदिर बन रहा है, जिसमें भगवान श्रीरामलला जी का प्राण प्रतिष्ठ 22 जनवरी को होना है। उन्होंने कहा कि यह मंदिर भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में सनातन धर्म का परचम लहराएगा। अभियान में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्राण संगठन मंत्री देवी सिंह, महंत गोकुलदास महाराज, रांची महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, श्री राम नगर अभियान प्रमुख रतन केसरी, बबीता देवी, रेखा महतो, अविचल सिंह, अमित केसरी, विक्रम साहू, रवि महतो, पुष्पा महाली, अंगद नायक, रमेश महतो सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# ईडी रांची जेल के जेलर से दो को करेगी पूछताछ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पत्रकार को धमकाने के मामले में रांची के बिरसा मुंडा कारागार के जेलर प्रमोद कुमार से मंगलवार को पूछताछ करेगी। पूरा मामला शराब घोटाला मामले में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी के नाम से एक दैनिक अखबार के संपादक को फोन पर धमकाने से संबंधित है। ईडी ने जेल से अलग-अलग नंबरों से धमकी दिये जाने के मामले को गंभीरता से लिया था, और बीते 30 दिसम्बर 2023 को ईडी ने जेलर को समन जारी कर पूछताछ के लिए रांची के हिनू




स्थित क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया है।

# पिपरवार कोयलांचल मे उत्साह और उमंग के साथ किया गया नववर्ष का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे नववर्ष 2024 का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।रात 12 बजते ही कोयलांचल के लोगो ने साल 2023 को विदाई देते हुए नये साल 2024 का जोरदार स्वागत किया,जिसके बाद रात भर सोसल मिडिया के माध्यम से लोगो ने एक दुसरे को बधाई दी।सुबह होते ही लोगो के चेहरो पर नये साल का नया उत्साह देखा गया,जिसके बाद लोग अपने दोस्त, रिश्तेदार व परिजनो के साथ पिकनिक स्पॉट पहुंचे,जहां नये साल का उत्साह मनाया गया।वही कई लोग अपने अपने घरो मे परिजनो के साथ नववर्ष का उत्साह मनाया।इधर कोयलांचल क्षेत्र के तिरूफॉल,दामोदर नदी, सपही नदी,इंटेकवेल,इक्को पार्क,गहरी नदी,कोती झरना, निरी झरना, सदाबह सहित अन्य जगहो पर पिकनिक मनाने के लिए लोगो की भीड़ देखी गई।क्षेत्र के कई आवासीय कालोनी मे युवको की टोली द्वारा नये साल के उत्साह मे नाचते गाते देखा गया।नये साल को लेकर बच्चो मे खासा उत्साह देखा गया।वही सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस काफी सर्तक दिखी।वही हुड़दंग मचाने वाले सहित शरारती तत्वो पर पुलिस की पैनी नजर रही।पिपरवार थाना प्रभारी गोविदं कुमार स्वंय क्षेत्र मे गश्ती कर सुक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।सभी पिकनिक स्पॉट पर पिपरवार पुलिस की गश्ती टीम भ्रमण करती रही।

**मीट-मुर्गा व शराब की दुकानों मे दिखी भीड़ :** नये साल के उत्साह मे कोयलांचल के बाजारो मे लाखो रूपये की मीट मुर्गा और शराब की बिक्री हुई।यही कारण है कि मीट,मुर्गा व शराब की दुकानो मे लोगो की काफी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार कोयलांचल के बाजारो मे मीट 650-700 रूपये प्रतिकिलो,देशी मुर्गा 450-500 रूपये प्रतिकिलो, फार्म मुर्गा 150-200 रूपये प्रतिकिलो,मछली 200-300 रूपये प्रतिकिलो और पनीर 400-450 रूपये प्रतिकिलो की दर से बेचा गया।वही शराब की भी जमकर खरीदारी हुई।

महंगाई के बावजुद लोगो ने अपने अपने हिसाब से खरीदारी की और नये साल का उत्साह मनाया।वही सब्जी की कीमत भी आसमान पर देखा गया।लहसुन,अदरक की कीमत आसमान पर रही।जबकि प्याज और टमाटर सहित अन्य सब्जी की कीमत बढ़ने के बावजुद खरीदारी की गई।

## नववर्ष के जश्न में डूबा रहा खलारी लोगों ने लिया वनभोज का आनंद

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नववर्ष 2024 के पहले दिन पूरे खलारी प्रखंड क्षेत्र में जश्न का माहौल रहा. रविवार के शाम से ही पटाखे छूटने लगे थे. रात बारह बजते ही पटाखों की आवाज तेज हो गई. लोग व्हाट्स एप्प, एसएमएस और फेसबुक के जरिए मित्रों, स्वजनों को नववर्ष की बधाई देने लगे.अनेक लोग टेलीवीजन चैनलों के साथ नववर्ष का इंतजार करते रहे.सोमवार को सारा दिन मैसेज भेजने व मोबाइल से बात कर बधाई देने का सिलसिला चलता रहा. पिकनिक मनाने वालों की टोली सुबह ही पिकनिक स्पॉटों के लिए निकल पड़ी.कोई मित्रों की टोली में था तो कोई परिवार के साथ. खलारी के चूरी, सुभाषनगर,धमधमिया ,दामोदर, सपही नदी के किनारे गाजे बाजे के साथ लोग पिकनिक मनाए. पिकनिक स्पॉटों पर लोग विभिन्न व्यंजन बनाए और उसका आनंद उठाए.कई मुहल्लों में युवा डीजे बजाकर थिरकते दिखे.

**लाखों के मांस तथा दारू गटक गए लोग :** नववर्ष पर शौकीन लोग लाखों रूपए का दारू और मुर्गा मांस गटक गए. कई लोग तो एक दिन पहले ही दारू खरीद लिए थे.लेकिन नववर्ष के दिन भी दारू की खूब बिक्री हुई. इसके अलावा खस्सी तथा मुर्गा के मांस की खूब बिक्री रही. वहीं मिठाई, पनीर और दूध की भी खूब बिक्री हुई.

**धर्म स्थलों में लगी रही भीड़ :** खलारी प्रखंड में नए वर्ष के पहले दिन लोग अपने अपने धर्मस्थलों में विशेष पूजा और प्रार्थना कर मंगल भविष्य की कामना किए और आशीर्वाद मांगे.खलारी के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर सहित नजदीकी मंदिरों में पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही.

**विशेष प्रार्थना कर नए साल का शुरुआत :** खलारी शांति नगर ख्रीस्त राजा चर्च में विशेष प्रार्थना कर नए साल का शुरुआत किया गया. फादर हिलारियूस तिग्गा एवं फादर ऑस्कर टोप्पो के द्वारा मिस्सा पूजा कराया गया. पूजा के बाद फादर ऑस्कर टोप्पो ने सभी को नया साल 2024 की शुभकामनाएं देते हुए कहा की नववर्ष सभी के जीवन में शांति और खुशियां लेकर आये.इसके बाद चर्च प्रांगण में केक काटा गया.साथ ही उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए शुभकामना दिया. मौके पर प्रकाश कुजूर, ज्ञान कुजूर, रॉबिन एक्का, पारसनाथ उरांव, टेरेसा कुजूर, सुनीता तिग्गा, ज्योति कुजूर, प्रफुल्लित लकड़ा, नीरा गीध, अनूप मुंडा, अंजली खलखो, सी कुजूर, उजाला लकड़ा, शोनु कुजूर आदि उपस्थित थे.

**नववर्ष पर पुलिस रही मुस्तैद :** नए वर्ष के पहले दिन खलारी पुलिस अनुमंडल मुस्तैद रहा. गश्त तेज था. चौक चौराहे पर पुलिस दिखाई पड़ी. खलारी डीएसपी के निर्देश पर पिकनिक स्पॉटों पर भी पुलिस की चौकसी थी. खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम, थाना के एसआइ, एएसआई सशस्त्र बलों के साथ गश्त लगाते रहे.

## पिपरवार के सीआईएसएफ आवासीय कॉलोनी बचरा में ओपेन जिम का किया गया उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीआईएसएफ आवासीय कॉलोनी परिसर में नववर्ष के अवसर पर सोमवार को ओपेन जिम का उद्घाटन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर ओपेन जिम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ आवासीय कॉलोनी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ-साथ श्रमिकों और आम जनता के स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दे रही है।इसी उद्देश्य के साथ सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा बचरा इलाके के कई जगह पर ओपेन जिम का संचालन शुरू कराया गया है। इसी के तहत सीआईएसएफ आवासीय कॉलोनी परिसर में भी ओपेन जिम आज से चालू कर दिया गया है।इससे सीआईएसएफ कालोनी मे रहने वाले जवान एंव उसके बच्चे सहित सीसीएल कर्मियों के परिजन भी इस जिम का लाभ उठा सकते हैं।उन्होंने सभी लोगों को नववर्ष की बधाई देते हुए जिम की देखभाल भी करने की अपील की। सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस ने कहा की वर्तमान दौर में स्वास्थ्य और बेहतर शरीर पर सभी को ध्यान देने की जरूरत है।आवासीय परिसर में इस तरह के जिम के संचालन होने से यहां के जवानों और बच्चे इसका लाभ उठा सकते हैं।उन्होंने स्वास्थ्य शरीर के लिए जिम करना आवश्यक बताया है।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय,कमांडेड संदीप कुमार एस,डिप्टी कमांडेड मृत्युजंय स्वामी डी,उपेन्द्र सिंह, असिस्टेंट कमांडेंड संजय कुमार मीणा,अश्विन टी जर्ज, इंस्पेक्टर नागेन्द्र कुमार, संतोष नेगी,सुमन तिवारी सहित सीआईएसएफ के कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## नववर्ष पर अशोक परियोजना कार्यालय में हुई प्रबंधन और पीसीसी की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में नववर्ष के अवसर पर अशोक परियोजना प्रबंधन और परियोजना सलाहाकार समिति के सदस्यो की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार और संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया। बैठक में सबसे पहले उपस्थित सभी अधिकारी और पीसीसी सदस्यों को नव वर्ष की बधाई दी गई,इसके बाद प्रबंधन के द्वारा सभी सदस्यों को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने नववर्ष की बधाई देते हुए परियोजना द्वारा किए गए कार्यो की जानकारी दी गई,इसके अलावा शेष बचे महीनो में परियोजना के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की।उन्होंने कहा कि परियोजना अपने उत्पादन लक्ष्य के काफी करीब है और सभी अधिकारी कर्मचारी और पीसीसी सदस्य मेहनत और ईमानदारी के साथ उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए लगे हुए हैं।उन्होंने सभी को एकजुट होकर उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार,खान प्रबंधक एसके सिंह,परियोजना अभियंता विद्युत एवं यांत्रिक शंभू शरण प्रसाद,सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार यादव,कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग,हेमचंद महतो के अलावे पीसीसी सदस्यों में अरविंद कुमार शर्मा,रविन्द्र कुमार सिंह,प्रयाग मिस्त्री, भीम प्रसाद मेहता,उमेंद्र कुमार,प्रदीप कुमार त्रिपाठी,फुलेश्वर महतो,गुरूदयाल सिंह,मोहम्मद जैनुल,हरिवंश महतो,बृजेंद्र कुमार,केके चतुर्वेदी,बालदेव यादव,विमल महतो,इम्तियाज अंसारी, समसुल होदा,बालेश्वर सिंह,केएम दूबे सहित कई अधिकारी और पीसीसी सदस्य मौजूद थे। इधर दुसरी और हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाऊंडेशन ट्रस्ट के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष जाहिद अली ने अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार से मिलकर उन्हे नववर्ष की बधाई दी।इस दौरान उपहार प्रदान कर अशोका पीओ संजय कुमार ने जाहिद अली को सम्मानित किया।

## पिपरवार, मगध व आम्रपाली एरिया मे वेलकम 2024 का हुआ आयोजन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार मगध और आम्रपाली एरिया के द्वारा बचरा मे वेलकम 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे बाहर से आये हुए टीम के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया।जानकारी के अनुसार बचरा ऑफिसर्स क्लब मे आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन पिपरवार जीएम सीबी सहाय और उनकी पत्नी मिनिता सहाय ने विधिवत द्वीप प्रज्जवलित कर किया।इस कार्यक्रम मे पिपरवार क्षेत्र के सभी अधिकारी सपरिवार शामिल हुए।बाहर से आये हुए टीम के कलाकारो के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को झुमने पर मजबूर कर दिया।रात 12 बजते ही जोरदार आतिशबाजी के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया।इधर मगध मे जीएम नृपेन्द्र नाथ केके और आम्रपाली मे जीएम अमरेश कुमार सिंह ने नववर्ष समारोह का शुभारंभ किया।इस दौरान कलाकारो के द्वारा कई भाषाओ मे गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया।कलाकारो के द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम मे उपस्थित लोग रात भर झुमते और नाचते गाते रहे।

## उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुरहू प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया गया सुपर चेकिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** विभागीय निर्देश के आलोक में उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार उप निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी प्रिंस गॉडविन कुजूर द्वारा 60 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत मुरहू प्रखंड अंतर्गत अवस्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं के घर जाकर प्रपत्र-6 एवं प्रपत्र-7 का सुपर चेकिंग किया गया। इस दौरान मतदाताओं से अपील करते हुए कहा गया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना हो, नाम में सुधार करना हो एवं किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाना हो तो 12 जनवरी तक अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क करें। उप



निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुरहू प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या 251,187,223,237,246,259, 205 सहित अन्य मतदान केंद्रों के मतदाताओं से घर में मिलकर वोटर लिस्ट में नाम का सत्यापन किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुरहू एवं अन्य मौजूद थे।


### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़ ;जिला खेल शाखाद्ध

दूरभाष : 06553–261555(O)Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1265 दिनांक 27.12.2023 के राष्ट्रीय युवा दिवस–2024 स्वामी विवेकानन्द जी के जयंती के अवसर पर प्रमण्डल स्तर से लेकर राज्य स्तर पर युवा संसद कार्यक्रम, भाशण, निबंध लेखन, क्विज एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रमण्डल स्तर पर दिनांक 05 से 06 जनवरी, 2023 तक हजारीबाग में किया जायेगा।उक्त कार्यक्रम में 15 से 29 वर्श आयु वर्ग के युवाओं के बीच किया जाना है। प्रमण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। प्रमण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी दिनांक 11 जनवरी, 2024 का राँची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता/कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार राशि एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ (अनमुण्डल परिसर) से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–

जिला खेल पदाधिकारी,

रामगढ़।

PR.NO.314860 District()23-24):D



### कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

**आम सुचना**

**(इच्छा की अभियुक्ति)**

नगरीय पत्रांक निदेशालय के पत्रांक 2137 , दिनांक–23/11/2023 के आलोक में भारत सरकार शहरी और आवासन कार्य मंत्रालय के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में लक्ष्य आवंटित किया गया है निदेशानुसार PMSvanidhi के सभी लाभवन्ति पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों का Socioeconomic Profiling करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य हेतु इच्छुक एजेंसी/ एन0 जी0 ओ0 इत्यादि दिनांक 08/01/2024 को कार्यालय अवधी तक नगर परिषद् रामगढ़ कार्यालय में संबंधित दस्तावेज बंद लिफाफे में पूर्ण एवं मोबाइल न0 के साथ जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

1. एजेंसी/एन0 जी0 ओ0 इत्यादि का पंजीकरण/Affiliation हो।
2. सर्वे/ऑनलाइन वर्क etc. का प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाणपत्र /सर्टिफिकेट देय होगा।
3. एजेंसी/एन0 जी0 ओ0 के अधीनस्त कार्यरत Trainer कर्मी को Training / सर्वे प्रशिक्षण का अनुभव एवं उसका प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
4. एजेंसी/एन0 जी0 ओ0 को प्रत्येक लाभार्थि के कार्यस्थल पर पहुँच कर उनका सर्वे और GEO Tagging photo के साथ प्रतिवेदन करते हुए विपत्र प्रस्तुत करेंगे।
5. एजेंसी/एन0 जी0 ओ0 को Stationary List (पेन, पेंसिल, रबर, कटर, चौक, पेपर, डायरी, कॉपी इत्यादि ) तथा सर्वे हेतु Mobile/Laptop की व्यवस्था करनी होगी।
6. एजेंसी/एन0 जी0 ओ0 को कार्य आवंटित करने, रद्द करने अथवा प्रशिक्षण/ सर्वे प्रक्रिया इत्यादि में किसी भी प्रकार की परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
7. एजेंसी/एन0 जी0 ओ0 का PPT Presentation दिनांक 09/01/2024 को किया जायगा एवं उसके उपरांत चयन की प्रक्रिया की जायगी।
8. नियमानुसार Tax की कटौती की जायगी ।

अधिक जानकारी हेतु मोबाइल न0 9934125399 पर संपर्क किया जा सकता है ।

ह0/–

प्रशासक

नगरपरिषद् रामगढ़

PR 314865 District(23-24)#D



### कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा

*Phone- 06541-253994 E-mail-electionoffice.chatra@gmail.com*

**प्रेस विज्ञप्ति**

**फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024**

चतरा जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग नई, दिल्ली द्वारा दिनांक–01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024 का संशोधित तिथि निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है:–

| Sl. No | Revision activities | Existing Schedule | Revised Schedule |
|---|---|---|---|
| 1 | Disposal of claims and objections | By 26.12.2023 (Tuesday) | By 12.01.2024 (Friday) |
| 2 | (i) Checking of health parameters and obtaining Commission's permission for final publication<br>(ii) Updating database and printing of supplements | By 01.01.2024 (Monday) | By 17.01.2024 (Wednesday) |
| 3 | Final publication of Electoral roll | By 05.01.2024 (Friday) | 22.01.2024 (Monday) |

इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी

–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 314876 Election(23-24)#D



### Govt. of Jharkhand Energy Department

**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**

3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.

Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,

E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**Short Notice Inviting Bid (Very Urgent)**

**Tender Reference No.: 37/JREDA/SHWS/STR/23-24 Dated: 30.12.2023**

| Sl. No. | Name of the work | Estimated Cost (in Rs. Inclusive GST) | Bid Fee (in Rs. Inclusive GST) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **"Hiring of Agency for Supply, Fabrication & Installation of Structure, Water Tank and Pipe Line with Fitting at 08 Nos. CHC for SHWS"** | Rs. 8,04,666/- | Rs.1,475/- | Rs.16,100/- |
| 2 | Last date & time for receipt of offline bids. | 08.01.2024 (Monday) up to 3.00 P.M. | | |
| 3 | Bid Opening & Bid evaluation | 09.01.2024 (Tuesday) at 2.00 P.M. | | |
| 4 | Price bid Opening Date & Time | Will be communicated. | | |
| 5 | Availability of tender document. | Tender document can be purchased from JREDA Office in all working days up to 08.01.2024 (Monday) till 3.00 P.M. | | |
| 6 | Method to apply | Interested bidders will have to apply tender document in sealed envelope which will contain two separate sealed envelopes: - 1. First Envelope: Techno-Commercial Part. 2. Second Envelope: Price Part | | |
| 7 | Name and address of office inviting tender. | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA), 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) | | |
| 8 | Helpline no. of e-procurement. | 0651-2491163/67/61/9431310003 | | |

**Terms & conditions:**

1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned during office hours on any working day till the day before submission of the tender after depositing the cost of Tender document (Non-refundable) in the shape of Bank Draft in favour of Director, JREDA payable at Ranchi. Tender document can also be downloaded from JREDA Website (www.jreda.com). In that case the cost of the document in the form of DD is to be enclosed with the technical part of the bid.
2. No postal request for issue of Tender document will be entertained.
3. The tender must be accompanied with the Earnest Money Deposit (refundable) in shape of Bank Guarantee or Demand Draft issued from any Indian nationalized/scheduled bank in favour of Director, JREDA payable at Ranchi. Proof of EMD must be attached with tender documents otherwise the tender will be rejected without assigning any reason thereof. **(DD/BG/FDR)**
4. The undersigned reserves the right to issue the tender document /extend the date of sale/submission of tender/opening of tender and cancellation of tender without assigning any reason thereof.

Sd/-

Director,

JREDA, Ranchi

PR 314863 (Energy) 23-24 (D)



### Govt. of Jharkhand Energy Department

**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**

3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.

Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,

E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**Short Notice Inviting Bid (Very Urgent)**

**Tender Reference No.: 38/JREDA/SHWS/STR/23-24**

**Dated: 30.12.2023**

| Sl. No. | Name of the work | Estimated Cost (in Rs. Inclusive GST) | Bid Fee (in Rs. Inclusive GST) | Earnest Money Deposit (EMD) (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **"Hiring of Agency for Supply, Fabrication & Installation of Structure, Water Tank and Pipe Line with Fitting at 10 Nos. SCHOOLS for SHWS"** | Rs.7,12,868/- | Rs.1,475/- | Rs.14,260/- |
| 2 | Last date & time for receipt of offline bids. | 08.01.2024 (Monday) up to 3.00 P.M. | | |
| 3 | Bid Opening & Bid evaluation | 09.01.2024 (Tuesday) at 2.00 P.M. | | |
| 4 | Price bid Opening Date & Time | Will be communicated. | | |
| 5 | Availability of tender document. | Tender document can be purchased from JREDA Office in all working days up to 08.01.2024 (Monday) till 3.00 P.M. | | |
| 6 | Method to apply | Interested bi dders will have to apply tender document in sealed envelope which will contain two separate sealed envelopes: - 1. First Envelope: Techno-Commercial Part. 2. Second Envelope: Price Part | | |
| 7 | Name and address of office inviting tender. | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA), 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) | | |
| 8 | Helpline no. of e-procurement. | 0651-2491163/67/61/9431310003 | | |

**Terms & conditions:**

1. Tender documents can be purchased from the office of the undersigned during office hours on any working day till the day before submission of the tender after depositing the cost of Tender document (Non-refundable) in the shape of Bank Draft in favour of Director, JREDA payable at Ranchi. Tender document can also be downloaded from JREDA Website (www.jreda.com). In that case the cost of the document in the form of DD is to be enclosed with the technical part of the bid.
2. No postal request for issue of Tender document will be entertained.
3. The tender must be accompanied with the Earnest Money Deposit (refundable) in shape of Bank Guarantee or Demand Draft issued from any Indian nationalized /scheduled bank in favour of Director, JREDA payable at Ranchi. Proof of EMD must be attached with tender documents otherwise the tender will be rejected without assigning any reason thereof. **(DD/BG/FDR)**.
4. The undersigned reserves the right to issue the tender document /extend the date of sale/submission of tender/opening of tender and cancellation of tender without assigning any reason thereof.

Sd/-

Director,JREDA, Ranchi

PR 314866 (Energy)23-24*D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## जगन्नाथपुर-हार्टगम्हरिया मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हार्टगम्हरिया मुख्य मार्ग गंगोत्री सेवा सदन के समीप स्कूटी सवार अनियंत्रित होकर गिरने से युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दामोदरपुर निवासी घनश्याम कुमार नामक युवक 31 दिसंबर की रात जगन्नाथपुर में अपने दोस्तों के साथ नए साल की खुशियां मना कर घर जाने के क्रम में गंगोत्री सेवा सदन के पास अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे घटनास्थल पर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पारकर जगन्नाथपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया तथा पोस्टमार्टम हेतु चाईबासा सदर स्थल भेजा गया। बताया जा रहा है कि युवक नशे में धुत था।

## श्री विद्या परिवार का जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नववर्ष के अवसर पर श्री विद्या परिवार द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था वर्षो से गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा तथा सहयोग के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाती है। जाड़े के दिनों में कंबल वितरण का कार्यक्रम शहर और आसपास के इलाके में भी किया जाता है। नववर्ष 2024 का स्वागत संस्था के सदस्यों ने सामुदायिक सेवा के संकल्प के साथ किया। संस्था की उपाध्यक्ष असमा पूर्ति के नेतृत्व में संस्था से जुड़े समाजसेवियों के हाथों से सोनारी जनता बस्ती के जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण का कार्य किया गया। श्री विद्या परिवार एक पूर्ण सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्था है जो हर वक्त सामाजिक कार्यो में तत्पर रहता है ।

## यूथ क्लब बारियादा के सदस्यों ने मनाया पिकनिक



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत यूथ क्लब बारियादा के सदस्यों ने सोमवार को अंग्रेजी नव वर्ष का स्वागत करते हुए पिकनिक मनाया। क्लब के सदस्य प्राणकृष्ण महतो ने बताया कि हम सभी सदस्य हर दिन अपने-अपने कार्य में व्यस्त रहते हैं और उसी में से समय निकालकर जनहित में समाज का काम भी करते हैं। उन्होंने बताया कि पिकनिक के दौरान सभी सदस्यों द्वारा एक साथ बैठकर खाने के साथ-साथ गांव के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और नए साल में उसका समाधान हेतु रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर यूथ क्लब बारियादा के सदस्य मनोज कर्मकार, सुमित महतो, तपन महतो, प्रदीप माहली, हाराधन माहली, हरिपद महतो, देवेन महतो, सोमेन महतो, संदीप महतो, बासुदेव महतो, सुकुमार, गंगाधर महतो, राकेश, प्रेमचंद, बबलू, दीपक व भागवत आदि उपस्थित थे

## झारखंड में फार्मासिस्टों की बहाली स्वागत योग्य : धर्मेंद्र

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं फार्मेसी काउंसिल इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर धर्मेंद्र सिंह ने देश के सभी फार्मासिस्टों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं फार्मासिस्ट के हित के लिए जागरुक एवं अपने हित की लड़ाई करने को लगातार लड़ने को कहा। उन्होंने झारखंड सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया ने झारखंड के सभी फार्मासिस्टों का बहाली की प्रक्रिया शुरू की यह सकारात्मक पहल से झारखंड सरकार को धन्यवाद दिए। सिंहभूम फार्मेसी एसोसिएशन के प्रेस मीडिया प्रभारी के मनी मोहंती ने फार्मेसिस्टों का उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी एवं कांउनसिल ऑफ़ इंडिया का आभार व्यक्त किया



## मानगो वसुन्धरा एस्टेट में शिवकथा महोत्सव का समापन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्री शिवकथा ज्ञान यज्ञ का समापन सोमवार 01 जनवरी को हवन, पूजन और भंडारा के साथ हुआ। सात दिनों तक चले शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ में रोजाना काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे। सातों दिन मुख्य यजमान किरण-उमा शंकर शर्मा सहित समस्त शर्मा परिवार थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा (प्रसाद) ग्रहण किया। सातों दिन की कथा का मुख्य प्रसंग रहा कि महादेव को जल और बिल्वपत्र अर्पित करें, ताकि भगवान शंकर प्रसन्न हो और भक्तों के सभी कार्य सिद्ध हो। भगवान शिवजी की अनेक लीलाएं हैं। सातवें दिन सोमवार को व्यास पीठ से कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने अनेक भक्ति प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए तारकासुर वध कथा एवं कार्तिकेय चरित्र कथा की महिमा का प्रसंग विस्तार से सुनाया। कहा कि भगवान शिव की पूजा से मनुष्य जीवन के भवसागर को पार कर सकता है व मोक्ष पा सकता है। कालों के काल हैं महाकाल शिवशंकर भोलेनाथ जिनके पावन चरित्र की श्री शिव महापुराण की कथा श्रवण करने से सभी प्रकार के भय दूर हो जाते हैं। महाराज जी ने आगे कहा कि श्री शिवपुराण सत्संग द्वारा मनुष्य पापों से मुक्त होकर परमगति को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को बेलपत्र और रूद्राक्ष अत्यंत प्रिय हैं। बेल पत्र में अखंड लक्ष्मी का वास होता है अगर धन होगा तो धर्म की ध्वजा धर्म की अविरल धारा होगी।



## तीन शराब दुकानों से नकद समेत महंगी शराब ले उड़े चोर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तीन शराब दुकानों को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। शहर दुकानों से चोरों ने नकद समेत महंगी शराब की चोरी कर ली. चोर ने अपने साथ डीवीआर भी लेकर चले गए. सोमवार सुबह इसकी जानकारी तब हुई जब दुकान कर्मी दुकान खोलने पहुंचे. उन्होंने तत्काल इसकी सूचना उत्पाद विभाग और पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई. चोरों ने सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह शराब दुकान, बिरसानगर के हुरलुंग और गोविंदपुर के जोजोबेड़ा स्थित शराब दुकान को अपना निशाना बनाया. इधर, विभाग के पदाधिकारी भी घटना स्थल पहुंचे और चोरिब्ला आकलन करने में जुट गए। बताया जाता है कि चोरों ने दुकान में लगे ताले को काटा और फिर दुकान में प्रवेश करते हुए 31 दिसंबर में शराब बिक्री के बाद नकद को रखे नकद और कई महंगी शराब की चोरी कर ली. संभवतः तीनों दुकान में 5 से 6 लाख नकद और शराब की चोरी हुई है. हालांकि विभाग इसका आंकलन करने में जुटा हुआ है कि दुकान से कितने को चोरी हुई है।

### खरसावां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर राज्यपाल ने किया कृषि मेला का उद्घाटन

# केंद्र सरकार किसानों, आदिवासियों व गरीबों के लिए निरंतर कर रही है कार्य : अर्जुन मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां के गोंदपुर फुटबॉल मैदान में सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, आदिवासी जनजाति सह कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, रांची सांसद संजय सेठ ने मेला का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित व फीता काट कर किया। मौके पर गोंदपुर मैदान,खरसावां में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा आयोजित किसान मेला (कृषि उत्पाद एवं प्रशिक्षण शिविर) को संबोधित करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी किसानों के हित में कई नए योजनाएं शुरू की हैं। किसान सम्मान निधि के माध्यम से उन्हें 6000 रुपये की सम्मान राशि प्राप्त हो रही है। किसान मेला के आयोजन से लोगों को आपस में संवाद करने आधुनिक तकनीकी एवं आधुनिक उपकरणों से कृषि कार्य करने इत्यादि की जानकारी होती है। केंद्र सरकार किसानों, आदिवासियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने झारखण्ड के सभी रेलवे विद्युतीकरण के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मंत्री अर्जुन मुंडा जी ने झारखण्ड को सबसे अधिक एकलव्य विद्यालय का सौगात दी है। उन्होंने किसान मेला में आधुनिक तकनीक से किए मशरूम उत्पादन एवं मोटे अनाज (मिलेट्स) के विभिन्न उत्पादों को देखकर कहा कि इससे इस क्षेत्र में काफी विकास होने की संभावना है। राज्यपाल ने विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों को कृषि कार्य से संबन्धित किट तथा विभिन्न सखी मंडलों को आधुनिक कृषि मशीनें भी वितरित की। कार्यक्रम के पूर्व राज्यपाल ने शहीद स्थल जाकर शहीदों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित की। इस दौरान मुख्य रूप से मीरा मुंडा, पूर्व विधायक मंगल सिंह सोय, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक शशि भूषण समाड आदि उपस्थित थे।

## पूजा-अर्चना के साथ नववर्ष की शुरुआत मंदिरों व पिकनिक स्पॉटों पर उमड़ी भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिला के लोागें ने सोमवार को नव वर्ष-2024 की शुरुआत इबादत, अरदास, प्रार्थना और पूजा के साथ की। सनातन धर्मावलंबियों ने मंदिर, मुसलमानों ने मस्जिद, ईसाइयों ने चर्च और सिखों ने गुरुद्वारे में माथा टेक कर नए साल की मंगल कामना की। शहर के धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही भीड़ रही. शहर के मंदिरों में नववर्ष पर पूजा के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी. सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा. खासकर टिनप्लेट कालीबाड़ी, पारडीह काली मंदिर, साकची मनोकामना मंदिर, साकची शीतला मंदिर, बेल्डीह कालीबाड़ी, कदमा रंकणी मंदिर, जादूगोड़ा रंकिणी मंदिर, परसुडीह गोलपहाड़ी मंदिर व टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर में भक्तों की भीड़ सबसे ज्यादा देखने को मिली। बिष्टुपुर राम मंदिर में भी काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे। सभी मंदिरों में स्थापित देवी-देवताओं से लोगों ने नववर्ष में आशीर्वाद मांगा। संत जोसेफ महागिरजा गोलमुरी, संत मेरीज चर्च बिष्टुपुर, बेल्डीह बैप्टिस्ट चर्च, संत जॉर्ज चर्च नार्दन टाउन, इमानुएल बैपटिस्ट चर्च, सीतारामडेरा जीईएल चर्च, टेल्को लुपिटा चर्च, परसुडीह संत रोबर्ट चर्च, जीईएल चर्च, मानगो संत मार्क चर्च, संत एंथोनी चर्च, सोनारी जीईएल चर्च आदि में भी नए साल को लेकर विशेष प्रार्थना सभा हुई. सिख समुदाय ने अपने संबंधित गुरुद्वारा साहिब में अरदास कर गुरु के चरणों में माथा टेका और मुसलमानों ने नमाज अदा की। कोल्हान में नया साल का जश्न चारो तरफ देखने को मिला। सोमवार एक जनवरी पर नए वर्ष की शुभकामना के साथ खुशियां मनाने के लिए क्षेत्र के लगभग सभी पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ उमड़ रही। जगह जगह लोग अपने परिवार एवं परिजनों तथा दोस्त साथियों के साथ पिकनिक मनाते नजर आए। नव वर्ष पर लोग अपने परिवार सगे संबंधियों और दोस्तों के साथ गेट टूगेदर होकर साल भर की थकान एवं परेशानियों को भुलाकर जमकर खुशियां मनाई।

## विभिन्न लम्बित मांगों को लेकर पीडीएस दुकानदार संघों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विभिन्न लम्बित मांगों को लेकर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर आहूत देशव्यापी हड़ताल का समर्थन झारखंड पीडीएस दुकानदार संघ ने भी किया है। इसी क्रम में हड़ताल के प्रथम दिन सोमवार को गम्हरिया के जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद रखा। इस दौरान जविप्र के दुकानदारों ने कोल्हान संयोजक फुलकान्त झा के नेतृत्व में गम्हरिया प्रखंड परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शांतिपूर्ण धरना दिया। इस मौके पर झा ने कहा कि विगत कई वर्षो से सरकार के समक्ष जविप्र के दुकानदारों की समस्याओं को रखते हुए इसके समाधान हेतु पहल करने की मांग की जा रही है। किंतु, सरकार द्वारा अबतक कोई निर्णय नही लिया गया। अबतक सिर्फ आश्वासन ही मिल सका है। अंत मे दुकानदारों को हड़ताल पर जाने को विवश किया गया। इस मौके पर सुशील कुमार, मनबोध शर्मा, शीतल प्रसाद, अजीत कुमार, प्रदीप मंडल, बद्री नारायण प्रसाद, अवधेश कुमार गुप्ता, जितेंद्र गोराई, विद्यासागर पासवान, जितेंद्र दास अशोक गुप्ता, हरिभजन सिंह, विनोद राम समेत प्रगति स्वंय सहायता समूह, गृह लक्ष्मी महिला समिति, युवा महिला समिति, आदिवासी महिला समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

## जेबीकेएसएस की रेड टीम बोड़ाम के सदस्यों ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की रेड टीम बोड़ाम के सदस्यों ने सोमवार को खरसावां जाकर खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। रेड टीम बोड़ाम के सक्रिय सदस्य राजीव महतो ने कहा कि बोड़ाम से बाइक रैली निकाल कर खरसावां पहुंचने के पश्चात शहीदों के समाधि स्थल पर नमन करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी उनलोगों के लिए काला दिन है क्योंकि आज ही के दिन खरसावां में हजारों आदिवासी शहीद हो गए थे। उन सभी ने जिस कारण से अपने प्राणों की आहुति दे दी, हम सभी झारखंडी को जानना जरूरी है और जेबीकेएसएस भी सभी झारखंडियों के हक लिए लड़ रही है। श्रद्धांजलि देने वालों में देवब्रत महतो, अरुण कुमार महतो, राम पद महतो, तपन महतो, बुद्धेश्वर महतो, स्वपन कर्मकार, श्रावण सिंह, सुसेन महतो, भजहरी महतो, बहादुर सहिस, उज्ज्वल महतो, गणेश महतो, मनमोहन महतो, रंजन गोप, सोमनाथ महतो, पिंटू महतो, कृष्ण प्रसाद महतो, सुभाष महतो, जयंत महतो, प्रभात महतो, बुद्धेश्वर महतो, बबलू रूहिदास आदि शामिल थे।

## शहर के युवा इंजीनियर की तमिलनाडु में सड़क दुर्घटना में मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** लौहनगरी के युवा इंजीनियर की तमिलनाडु में हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डिमना रोड पाठक कंपलेक्स निवासी ट्रांसपोर्टर विनय सिंह का इकलौता बेटा शुभम एवं बेटी एकता सिंह बेंगलुरु में इंजीनियर है और वही कार्यरत हैं। 26 वर्षीय शुभम सिंह बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर डेवलपर इंजीनियर है और क्रिसमस की छुट्टी पर दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल पर केरल घूमने जा रहा था। तमिलनाडू कृष्णागिरी जिले में बड़ी गाड़ी से टक्कर हो गई और घटनास्थल पर मौत हो गई। बहन एकता एवं परिजन को जानकारी मिली तो वह घटनास्थल पर गए। वहां से पार्थिव देह को हवाई मार्ग से रांची और फिर सोमवार को जमशेदपुर लेकर पहुंचे। शव को देखते ही पूरे मोहल्ले में महिलाएं चित्कार करने लगी। मां बहन और परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरे फ्लैट में मातम पसरा हुआ है। सोमवार तकरीबन 3 बजे डिमना रोड स्थित आवास पर शव को लाया गया और स्वर्ण रेखा बर्निंग घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### टाटा स्टील के एमडी ने शहर के वरिष्ठ नागरिकों के साथ केक काटकर नये साल का किया स्वागत, बोले

## जमशेदपुर को इंडस्ट्रियल टाउन बनाने के फैसले से बढ़ेगी शहर की पहचान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने जमशेदपुर के वरिष्ठ नागरिकों और पत्रकारों के साथ केक काटकर नये साल का स्वागत किया. जमशेदपर के रुसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर नये साल का स्वागत किया. पत्रकारों से बात करते हुए टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन ने इंडस्ट्रियल टाउन बनाने को लेकर झारखंड सरकार द्वारा लिये गये फैसले का स्वागत किया है. एमडी ने कहा कि झारखंड सरकार ने जमशेदपुर के विकास को लेकर काफी बेहतर काम किया है. उन्होंने कहा इंडस्ट्रियल टाउन बनाने का फैसला सही है. इंडस्ट्रियल टाउन बनने से शहर का विकास होगा और शहर की एक नयी पहचान बन सकेगा. एक स्थायी समाधान होने की स्थिति उत्पन्न होगी. उन्होंने कहा कि टाटा स्टील हमेशा से चाहती थी कि इंडस्ट्रियल टाउन बनाया जाये और शहर की पहचान बन सके. इसको लेकर नागरिकों ने भी कंपनी का समर्थन किया है. इस बार झारखंड सरकार की ओर से बेहतर काम किया है और एक नयी पहचान बनी है. एमडी टीवी नरेद्रन ने कहा कि टाटा स्टील अपने सारे विस्तार कार्यक्रम को जारी रखी है. कार्बन उत्सर्जन को जीरो करने के लिए टाटा स्टील काम कर रही है. वे लोग अभी चीन के निर्यात को लेकर वेट एंड वाच की स्थिति में है. इसके बाद टाटा स्टील समेत देश की सारी स्टील कंपनियां एक बार फिर से डंपिंग ड्यूटी को बढ़ाने की मांग करेगी जैसे 2015 में हुआ है. लेकिन अभी हम लोग स्थिति पर नजर रखे हुए है.

## केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के खिलाफ चालकों के देशव्यापी हड़ताल का असर पटमदा में भी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून में किए गए संशोधन के खिलाफ सोमवार को शुरू हुए देशव्यापी आंदोलन का असर पटमदा क्षेत्र में व्यापक रहा। यहां काटिन व बेलटांड़ चौक में स्थानीय बस, मैजिक व ट्रक चालकों ने मुख्य सड़क पर उतरकर विरोध प्रर्दशन किया। वरिष्ठ चालक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय दर्जनों चालकों ने सड़कों पर आवागमन करने वाली बसों व ट्रकों को रोककर विरोध जताया। इस दौरान सुबह से शाम तक वाहनों का परिचालन नगण्य रहा। इसके कारण दिहाड़ी मजदूर व अन्य लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हजारों की संख्या में प्रतिदिन जमशेदपुर जाने वाले मजदूरों के रोजगार पर बुरा असर पड़ा क्योंकि पहले से ही सूचना मिलने की वजह से कोई भी अपने घर से नहीं निकले। आंदोलन में मुख्य रूप से राजू दत्ता, गौतम दत्त, उत्तम दत्त, दीपक हालदार व दीपक कुंभकार आदि शामिल थे। मनोज सिंह ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने यह काला कानून लाया है जिसका विरोध पूरे देश में चालकों द्वारा किया जा रहा है। अगर केंद्र सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो आने वाले लोकसभा चुनाव में इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

## भाजपा सोनारी मंडल ने किया 120 कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा सोनारी मण्डल में आज सांसद विद्युत वरण महतो के सौजन्य से कपकपाती ठंड को देखते हुए 120 कम्बल बांटा गया। भारतीय जनता पार्टी सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी झाबरी बस्ती, ग्वाला बस्ती में जरूरत मंद लोगों के बीच जाकर कम्बल वितरण किया गया। मौके पर प्रशांत कुमार पोद्दार ने कहा कि क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच सांसद के सौजन्य से लगातार? कंबल वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के साथ पश्चिम विधानसभा के विस्तारक हिंमाशु दुबे, महामंत्री नारायण प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय रजक, उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह यादव, किशोर साहू, कृष्णा यादव, डाक्टर दिपक घोष, आई टी सेल प्रभारी रमेश प्रसाद साहू, प्रदीप सिंह, लालजी प्रसाद, बिराज दै, काजल मुखर्जी,महोन प्रसाद, विनोद यादव, राहुल प्रसाद, विक्की प्रसाद, बनमाली सिंह मुंडा, लक्षण गोप, सोनाराम हेमर्मब, राजकुमार पटनायक आदि उपस्थित थे।

### बारीडीह में आयोजित कल्पतरु उत्सव में शामिल हुए श्रीलेदर्स के शेखर डे बोले

## कल्पतरु वृक्ष के नीचे लिया गया हर कामना होता है पूरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार को बारीडीह बागुन नगर में कल्पतरू उत्सव समिति द्वारा कल्पतरू उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह श्रीलेदर्स बिस्तूपुर के पार्टनर शेखर डे, विशिष्ट अतिथि में रामकृष्ण मिशन बिस्तुपुर के रंजीत महाराज पूरबी घोष और पी के नंदी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत श्री रामकृष्ण परमहंस देव ,स्वामी विवेकानंद और मा सारदा मनी का पूजा और आरती से हुई। संस्था के अध्यक्ष अशोक बरूया ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर शेखर डे ने कल्पतरू महोत्सव समिति के संस्थापक भवानी प्रसाद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि संस्था 1 जनवरी 1974 को स्थापित हुआ था और आज संस्था ने इतना बृहद आकर में उत्सव का आयोजन कर रहे है जो खुशी की बात है। कहा रामकृष्ण परमहंस देव इस कल्पतरु का प्रचार किए थे आज सारा विश्व रामकृष्ण परमहंस को जानते है। इस कल्पतरू वृक्ष के नीचे जो भी कामना किया जाता वो सफल होता है। उन्होंने सभी को नया साल का शुभकामनाएं दिया। मंच का संचालन सुस्मिता चक्रवर्ती ने किया और अमल संघ के महिलाएं द्वारा उद्घाटन संगीत पेश किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में आयुष मित्र के चीनू मजूमदार और ग्रुप के द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। अंत में सभी को भोग खिलाया गया।

## सासंद से मिले प्रमोद मिश्रा दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने जमशेदपुर के सासंद विद्युत वरण महतो से नव वर्ष के अवसर पर मुलाकात किया। वहीं उन्हे अंगवस्त्र एवं पुष्प गुछ देकर उनके कार्यालय में उनका अभिनंदन किया एवं एक दूसरे ने शुभकामनाओ का आदान प्रदान किया। इस अवसर पर सासंद ने श्री मिश्रा को संगठन एवं केंद्र सरकार की योजनाओ के सम्बन्ध मे लोगो को जागरूक करने को कहा।

## कई महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी बनेगा साल 2024

साल 2024 का रंगारंग आगाज हो गया है। इस साल कई ऐसी घटनाएं होने वाली हैं, जिन पर हर भारतवासी की नजर रहेगी। जहां लोकसभा चुनाव में जनता अपने पांच वर्षों का भविष्य तय करेगी तो वहीं साल की शुरुआत में ही राम मंदिर का उद्घाटन होगा। इसके अलावा खेल, सिनेमा और विज्ञान के क्षेत्र में भी बहुत कुछ होने वाला है। राम मंदिर का उद्घाटन इस साल की ऐसी घटना होगी, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज होगी। जिस राम मंदिर के लिए दशकों तक लंबी कानूनी लड़ी गई, वो मंदिर अब आकार लेने वाला है। अयोध्या में बन रहे विराट मंदिर के पहले चरण का कार्य पूरा होने जा रहा है। 22 जनवरी 2024 को मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसके बाद मंदिर लोगों के लिए खुल जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को अयोध्या में राम मंदिर की आधारशिला रखी गई थी, जिसमें भी पीएम मोदी शामिल हुए।इस साल के सबसे बड़े घटनाक्रमों में आम चुनाव जरूर गिना जाएगा। मार्च के शुरुआत या मध्य में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है। जहां देश में नौ साल से अधिक वर्षों से सत्ता में काबिज भाजपा तीसरी पारी खेलनी की उम्मीद करेगी,वहीं दूसरी ओर संभावित इंडिया गठबंधन भी अपना दम दिखाने की कोशिश करेगा। लोकसभा के साथ ही चार राज्यों में विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। ये राज्य हैं आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम, और अरुणाचल प्रदेश। फिलहाल आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआर की सरकार है। अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है, जिसके मुख्यमंत्री पेमा खांडू हैं। ओडिशा में लंबे समय से बीजू जनता दल सरकार में है, जहां की कमान नवीन पटनायक के हाथों में है। वहीं, सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा वाली पार्टी शासन कर रही है और इसके मुखिया प्रेम सिंह तमांग हैं।क्रिकेट प्रेमियों के लिए भी यह वर्ष खास रहने वाला है। क्रिकेट का फटाफट प्रारूप कहे जाने वाले टी20 विश्वकप 4 से 30 जून 2024 तक आयोजित किया जाएगा। 2024 टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज और अमेरिका करेंगे। यह पहली बार होगा, जब अमेरिका आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद भारतीय टीम टूर्नामेंट की प्रबल दावेदारों में से होगी। पहले संस्करण की विजेता टीम में इस बार कई नए चेहरे दिख सकते हैं। वहीं, यह देखना भी दिलचस्प होगा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ी टीम का हिस्सा होंगे या नहीं। विश्वकप के पहले आईपीएल के 17वें सत्र का भी आयोजन होगा। 2024 इंडियन प्रीमियर लीग 29 मार्च 2024 से 26 मई के बीच खेला जाएगा। इस टूर्नाटमेंट में जहां महंगे बिके ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क पर लोगों की नजर रहेगी। एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अन्य दिग्गज भी लाइमलाइट में रहेंगे। 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित किया जाएगा। 26 जुलाई से 11 अगस्त 2024 तक फ्रांस में इन खलों का आयोजन होगा। भारत भी पेरिस ओलंपिक में भाग लेगा लिहाजा कुश्ती, मुक्केबाजी, भाला फेंक, हॉकी जैसी कई स्पर्धाओं में पदक आने की उम्मीदें होंगी। इससे पहले कई खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। इस साल सितंबर से दिसंबर के बीच चार और प्रदेशों में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी रहेगी। सबसे पहले सितंबर में जम्मू-कश्मीर में चुनाव हो सकते हैं जो अपने आप में ऐतिहासिक होंगे। चुनाव से पहले परिसीमन की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है। राज्य में धारा 370 निरस्त होने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। इस वक्त जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगा हुआ है। अक्तूबर में दो राज्यों में चुनाव होंगे और ये हैं हरियाणा और महाराष्ट्र। फिलहाल हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी की साझी सरकार है और यहां के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर हैं। पिछले कुछ समय में गठबंधन में अनबन की खबरें आती रही हैं ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव में दोनों दल एक साथ जाएंगे या नहीं। इसके साथ महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में सत्ता और विपक्षी दोनों गठबंधनों की परीक्षा होगी। यह चुनाव इसलिए भी अहम यह होगा क्योंकि पिछली बार जो एक साथ थे, अबकी बार वो खिलाफ हैं और जो खिलाफ थे, वो साथ हैं। इसके अलावा शिवसेना और एनसीपी में टूट के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा जिसमें तमाम गुटों की अग्नि परीक्षा होगी।।वर्तमान में राज्य में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और एनसीपी (अजित गुट) सरकार में हैं। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे हैं। साल के अंत में झारखंड में विधानसभा चुनाव होगा। कथित भ्रष्टाचार मामले में लगातार ईडी की राडार पर रहे हेमंत सोरेन के सामने सत्ता बचाने की चुनौती होगी।फिलहाल यहां महागठबंधन सत्ता में है जिसका हिस्सा झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस हैं। राज्य के मुख्यमंत्री झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन हैं। साल के अंत होते-होते दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मी शुरू हो जाएगी। यह चुनाव इसलिए बड़ा अहम होने जा रहा है क्योंकि दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी आप के कई बड़े नेता जेल में बंद हैं। वहीं, खुद पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब घोटाले में जांच एजेंसियों के राडार पर हैं। ईडी ने उन्हें समन भेजकर अगले साल की शुरुआत में ही पूछताछ के लिए बुलाया है। भारत के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में यह साल काफी अहम रहने वाला है। साल के पहले दिन एक जनवरी 2024 को इसरो एक्सपोसैट मिशन प्रक्षेपित किया। इसे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। एक्स-रे पोलारिमीटर सैटेलाइट का उद्देश्य अंतरिक्ष में तीव्र एक्स-रे स्रोतों के ध्रुवीकरण की जांच करना है।इसके बाद निसार जनवरी 2024 में ही इनसेट-3डीएस प्रक्षेपण के लिए तैयार है। इनसेट-3डीएस भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली श्रृंखला के भीतर एक महत्वपूर्ण संचार उपग्रह है। इसका उद्देश्य मौसम प्रणालियों की निगरानी करना, आपदा प्रबंधन को सुविधाजनक बनाना और मौसम संबंधी पूर्वानुमानों में सुधार करना है। खेल, राजनीति के साथ-साथ सिनेमा में भी इस साल बहुत कुछ खास होगा।

### आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की लोकसभा की सीटों का आपस में बांट कर अपनी मंशा साफ कर दी

# आपसी शह-मात के खेल में उलझा विपक्षी गठबंधन

**विकास सक्सेना**

> पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जिस तरह कांग्रेस की नीतियों और नेताओं पर निशाना साध रहे हैं, उससे राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन के ये नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट हुए हैं या फिर उनका उद्देश्य कांग्रेस को खत्म करना है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरा कर मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने से रोकने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन के नेता फिलहाल एक-दूसरे के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने में जुटे हैं। सामान्य तौर पर राजनीति में भितरघात कुशल रणनीति माना जाता है, लेकिन इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता इस सामान्य परम्परा का भी पालन करने को तैयार नहीं हैं। वे खुले मंचों से एक- दूसरे के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों के निशाने पर सबसे ज्यादा कांग्रेस और उसके नेता हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जिस तरह कांग्रेस की नीतियों और नेताओं पर निशाना साध रहे हैं, उससे राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन के ये नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट हुए हैं या फिर उनका उद्देश्य कांग्रेस को खत्म करना है। लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल और नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड को विपक्षी गठबंधन का सबसे मजबूत साथी माना जा रहा था क्योंकि ये पहले से यूपीए का हिस्सा थे लेकिन इंडी गठबंधन में चर्चा के बिना ही इन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की लोकसभा की सीटों का आपस में बांट कर अपनी मंशा साफ कर दी है। बिहार की लोकसभा की कुल 40 सीटों में से राजद और जदयू ने 17-17 सीटें आपस में बांट ली हैं। बाकी बची छह सीटें कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में जदयू भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल थी और उसने अपने हिस्से की 17 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर 16 पर जीत हासिल की थी। इसलिए जदयू 17 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है। अब यह देखना काफी रोचक होगा कि क्या कांग्रेस और वामपंथी दल महज छह सीटें पाकर संतुष्ट रह पाएंगे। राजद और जदयू ने जिस तरह बिहार की लोकसभा सीटों को आपस में बांट लिया इसे कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल विपक्षी गठबंधन की बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। उनके प्रस्ताव का अरविन्द केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दलित समाज से आते हैं इसलिए कोई भी




नेता उनके इस प्रस्ताव का विरोध करने का साहस नहीं जुटा सका। लेकिन इस प्रस्ताव पर कोई सहमति भी नहीं बन सकी। फिर भी उनके इस दांव से गठबंधन के तमाम नेता चारों खाने चित हो गए। ममता बनर्जी के इस प्रस्ताव ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे हुए देखने के सोनिया गांधी के सपने को ही नहीं तोड़ा बल्कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव को भी गहरी चोट दे दी। पटना में पहली बैठक करवा कर विपक्षी गठबंधन की आधारशिला रखने वाले नीतीश कुमार को उम्मीद थी कि उनको विपक्षी गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार या गठबंधन का संयोजक चुन लिया जाएगा, पटना के बाद कई बैठकें हो चुकी हैं लेकिन अभी तक गठबंधन का संयोजक चुनना तो दूर उनके नाम पर गंभीर चर्चा तक नहीं हुई है। लालू प्रसाद यादव को भी उम्मीद थी कि गठबंधन का नेता बन जाने के बाद नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे और बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके पुत्र तेजस्वी यादव को स्वभाविक तौर पर मिल जाएगी। लेकिन ममता बनर्जी और अरविन्द केजरीवाल ने उनकी सारी योजना पर पानी फेर दिया। इसके अलावा ऐसा नहीं है कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। खबरें तो यहां तक आ रही हैं कि लालू प्रसाद यादव की तरफ से जदयू में सेंधमारी की कोशिशें की जा रही है। राजनैतिक और वैचारिक तौर पर भाजपा और संघ के धुर विरोधी वामपंथी दल भी अब इस विपक्षी गठबंधन में सहज महसूस नहीं कर रहे हैं। सबसे बड़े वामपंथी दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने तो सीधे तौर पर कांग्रेस पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। वामपंथी दलों का सबसे ज्यादा प्रभाव पश्चिम बंगाल और केरल में है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी किसी भी कीमत पर माकपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है इसके वे कई बार साफ संकेत दे चुकी हैं इसलिए पश्चिम बंगाल में माकपा की गठबंधन में बने रहने की संभावना काफी कम हो गई है। इसके अलावा केरल में इस समय माकपा के नेतृत्व वाले वाममोर्चा की सरकार है। यहां के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और केरल माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविन्दन लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। वे नहीं चाहते कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल के वायनाड से दोबारा लोकसभा का चुनाव लड़ें। उनका कहना है कि कांग्रेस को भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव लड़ना चाहिये, वायनाड के सांसद को राज्यों की प्रतिद्वंद्विता में नहीं पड़ना चाहिए। दरअसल लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़े थे। मुस्लिम लीग से उनका गठबंधन था। इसका नतीजा यह हुआ कि केरल की कुल 20 लोकसभा सीटों में से 19 पर कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन जीत गया था और वामदलों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। केरल की राजनीति में पकड़ मजबूत करने को कांग्रेस के नेता भी माकपा पर हमलावर हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केरल की पुलिस और माकपा कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने और उनकी हत्या करने के आरोप लगाए हैं। इसके जवाब में माकपा की तेजतर्रार नेता वृंदा करात ने कांग्रेस पर भाजपा और संघ से मिलीभगत कर केरल षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए है। विपक्षी दलों के नेता एक-दूसरे के खिलाफ कोई गुपचुप पैंतरेबाजी नहीं कर रहे हैं बल्कि वे खुलेतौर पर एक-दूसरे के खिलाफ मीडिया में बयान दे रहे हैं। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की उपेक्षा से आहत उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने तो अपनी चुनावी सभाओं में कांग्रेस को धोखेबाज पार्टी बताते हुए मतदाताओं से अपील की थी कि वे कांग्रेस को वोट न दें। दरअसल, कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में मुस्लिम मतदाताओं ने जिस तरह जनता दल सेक्यूलर, बीआरएस और टीएमसी का साथ छोड़ कर कांग्रेस का दामन थामा है, उससे तमाम क्षेत्रीय दलों की नींद हराम हो गई है। वे भलीभांति जानते हैं कि अगर मुस्लिम मतदाता कांग्रेस के पाले में चले गए तो उनका राजनैतिक अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इधर कांग्रेस के नेताओं को भी पता है कि अपनी राजनैतिक हैसियत दोबारा हासिल करने के लिए उन्हें मुस्लिम मतदाताओं को अपने खेमे में लाना ही होगा और इसके लिए वे पूरी शिद्दत से जुटे हुए भी हैं। इसीलिए इंडी गठबंधन के नेता भाजपा के खिलाफ रणनीति बनाने से ज्यादा एक दूसरे को शह-मात देने के खेल में उलझे हुए हैं।

**दृष्टि कोण**

# यूपी कांग्रेस को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर हो रहे हैं सकारात्मक प्रयास

देश के सबसे बड़े राज्य में यूपी जोड़ो यात्रा को जो अपार जनसमर्थन मिल रहा है, उससे ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि यूपी में कांग्रेस पिछले 34 सालों से सत्ता से बाहर है। गठबंधन की राजनीति से उसकी कमर टूट चुकी है, जिसके चलते वह केंद्र में भी मजबूती से नहीं जम पा रही है। बदलते दौर में यूपी कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं, जिसके सुखद परिणाम जल्द ही सामने आएंगे। कहना न होगा कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव की सूबाई गठबंधन नीति से यूपी समेत हिंदी पट्टी के जमे-जमाये नेताओं ने पार्टी के कार्यक्रमों से जो किनारा करना शुरू किया, उसमें पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के दस वर्षीय कार्यकाल को यदि छोड़ दिया जाए तो पुराना सिलसिला अब जाकर थमने के आसार प्रबल हुए हैं। वहीं, यूपी में कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को एड़ी-चोटी एक करनी होगी। वजह स्पष्ट है कि यदि कांग्रेस को प्रदेश में मजबूत बनाना है तो हमें राष्ट्रीय नीति के साथ-साथ क्षेत्रीय नीति और स्थानीय नेता विकसित करके उनमें तारतम्य



बिठाने की समुचित पहल करनी होगी। वहीं, विभिन्न कार्यक्रमों के सहारे लगातार उनकी मॉनिटरिंग भी करनी होगी। खास बात यह कि हमें राजनीतिक प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने में नए-पुराने के तफरके में संतुलन बिठाना होगा। साथ ही नेतृत्वगत अधिकारों का विकेंद्रीकरण करना होगा और चरणबद्ध रूप से जिम्मेदारी तय करनी होगी, ताकि पार्टी संगठन में जान फूंकी जा सके। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूं कि गत दिनों लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में हमारे नेता राहुल गांधी यूपी कांग्रेस के नेताओं से नाखुश दिखे। जैसी की मीडिया रिपोर्ट आई है। बताया गया है कि यूपी में पार्टी के अंदर उत्साहित नेताओं की कमी है। यूपी कांग्रेस के नेता केंद्रीय नेतृत्व के भरोसे रहना चाहते हैं, जिसकी वजह से ना तो वहां पार्टी खड़ी हो पा रही है और ना ही जीत मिल रही है, जबकि तेलंगाना के नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व के सहयोग से पार्टी खड़ी कर ली और चुनाव भी जीत लिया। वहां चार नेता ऐसे थे जो सीएम बनना चाहते थे, इसलिए सबने मेहनत की और सबकी मेहनत से पार्टी जीती। वहीं, यूपी में ऐसे तीन नेता नहीं हैं जो मुख्यमंत्री बनने का सपना देखते हों और उसे पूरा करने के लिए कुछ कर गुजरने का माद्दा रखते हों। एक अन्य टिप्पणी पर गौर करें तो पता चला है कि पार्टी का हर सदस्य चाहता है कि गांधी परिवार के सदस्य यूपी में पार्टी के अभियान का नेतृत्व करें, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि आगामी लोकसभा चुनाव में वे राज्य में कितने सक्रिय होंगे। यह ठीक है कि मुसलमान इस चुनाव में कांग्रेस की ओर देख रहे हैं, लेकिन पार्टी को मजबूत सीटों पर मजबूत उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना होगा और उन सीटों को अपने गठबंधन में सपा से लाना होगा। जबकि कुछ लोगों ने सोचा कि वे बसपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं, जबकि बसपा के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है। इस दौरान कई अलग-अलग मुद्दे सामने आए, लेकिन सभी की राय थी कि पार्टी को कड़ी सौदेबाजी करनी चाहिए और न केवल सम्मानजनक हिस्सेदारी बल्कि मजबूत सीटें भी हासिल करनी चाहिए। ऐसे में सीधा सवाल है कि जब प्रदेश में पार्टी अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है और अपने नए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में एक नई टीम बनाकर आगे बढ़ रही है। तो फिर हमें पिछले 34 साल की उपलब्धियों-अनुपलब्धियों पर भी एक सरसरी नजर डाल लेनी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि यूपी में अपने सबसे खराब दौर में भी पार्टी ने कई प्रयोग किए। अकेले चुनाव भी लड़ी और गठबंधन का साथ भी लिया। लेकिन कोई बड़ा कारनामा नहीं कर सकी, आखिर ऐसा क्यों? यह यक्ष प्रश्न है। बहरहाल, लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपने नए अध्यक्ष अजय राय के हाथ में कमान सौंपने के बाद यूपी जोड़ो यात्रा का आगाज कर चुकी है।

# तीस मार से पचास मार खां

वह उनके करीब कहीं नहीं रहे, लेकिन सदा सबको यही बताना उन्हें अच्छा लगता है कि वे उससे पूछ कर ही पानी पीते हैं। उन्हें लगता है कि ऐसा कहने से उनके आसपास धमाके होने लगते हैं और रहगुजर बहुत श्रद्धा से उन्हें देख कर कहते हैं, 'देखिए यही वह सज्जन हैं जिनसे पूछ कर वे पानी पीते हैं।' अचानक कई दिनों से वह इस नगरी में चले आए थे। यह आरामपसंद लोगों की एक ऐसी नगरी थी, जहां कुछ तीसमार खां और बहुत से भुक्खड़ लोग रहते थे। बात भुक्खड़ों की पहले कर लो, क्योंकि पूरी उम्र हाडतोड़ मेहनत करने के बाद भी इनकी कोई पूछ-प्रतीत नहीं होती। दिन-रात खेतों में काम किया। महामारी को अपने बदन पर सहने की परवाह किए बगैर, बंजर धरती के छोटे-छोटे टुकड़ों को ऊसर बना दिया। लहलहाती फसलें खड़ी कर दीं। उनके ओसारों को इन फसलों से भर दिया। चश्माधारी विशेषज्ञों ने बताया कि अरे यही तो वे लोग हैं, जिनकी भरपूर मेहनत ने इस मारक रोग का एक कारण भुखमरी नहीं बनने दिया। रोग पीड़ितों को अकाल पीड़ित होने से बचाया। अब इन लोगों की क्या बात करें, साहिब? ये वही लोग हैं जो हमेशा बेहतर जिंदगी की कतार से टूट गए लगते हैं। आजकल आखिरी आदमी भी उन्हें कहना बंद कर दिया गया है। ऐसा होना ही था, क्योंकि जबसे ऐसे लोगों के कल्याण के लिए अन्त्योदय योजनाओं के बैनर सजने लगे, उसके अलम्बरदार अपनी-अपनी कतार के आखिरी आदमियों के झुण्ड को लेकर चले आए, कि जिनमें राहत अनुदान के पहले कौर से लेकर आखिरी कौर तक बंट गया, और दशकों से इन कतारों में खड़े आखिरी लोग, अब और जगह नहीं है, और नौकरी नहीं, और राशन नहीं है, की नियति झेलने लगे। इस नियति के बावजूद बहुत दूर-दूर तक फैले हुए हैं। कभी सुना था इस देश में, इस नगरी में कोई भी बिना काम नहीं रहने दिया जाएगा। कम से कम परिवार के एक सदस्य को वर्ष में सौ दिन काम अवश्य मिलेगा, जिससे लोगों को काम से कम अन्न के चन्द दाने अपने पेट में डालने में दिक्कत न हो। दुर्दिनों का प्रकोप बढ़ा तो यह संख्या डेढ़ सौ दिन कर दी गई। सुना है आजकल खजाने की भायं-भायं बढने के कारण यह फिर सौ दिन हो गई है। जो मनरेगा कार्ड कहलाते थे, वे कतार के किन आखिरी लोगों में बंट गए, कुछ खबर नहीं, क्योंकि इधर इस कतार से छिटक गए लोगों की कतार और भी लम्बी हो गई। और इस देश की बहुत सी नगरियों के अलम्बरदार इन योजनाओं की पूर्णतः और सफलता की घोषणाएं करते अब थकते नहीं। ऐसी राहत और अनुदान घोषणाओं के कितने कारनामे आपको और सुना दें? कारनामे सुनाने वाले इन कल्याणकारी मसीहाओं की कमी नहीं। चुनावों के करीब आने की जब आहट होने लगती है तो ऐसे ही अलम्बरदार आपके शहरों में प्रगट हो जाते हैं, जो अपने आपको शहर के तीसमार खां लोगों के अंतरंग चोबदार बताते हैं। समझा देते हैं कि वह तो पानी भी पूछ कर उनसे पीते हैं। इसलिए कभी भी आपको हथेली पर सरसों जमाने जैसा कोई कठिन काम करवाना हो, तो उन्हें अवश्य याद कर लें, पलक झपकते ही आपका काम हो जाएगा, और तीस मार खां का कुनबा बढ़ कर पचास सौ मार खां हो जाएगा। लेकिन कुछ बातें इन लम्बी कतारों से निकाल दिए गए लोगों को आज भी समझ नहीं आईं कि अगर तीस मार खां और उनके चोबदारों द्वारा घोषित स्वर्णयुग वास्तव में ही उनकी निर्वासित धरा पर आ गया है, तो दुनिया भर के भ्रष्टाचारी देशों के सूचकांकों में उनके देश के भ्रष्टाचारी होने का रुतबा और कैसे बढ़ गया? रिश्वतखोरों का यह देश तो शुरू से ही कहलाता था, अब यह रिश्वतखोरी जीने का एक ऐसा अनिवार्य ढंग कैसे बन गई।

**देश दुनीया से**

# डाकिए का झोला भारी, झोली खाली

> भारत में किसी समय सरकारी क्षेत्र को बेहतरीन रोजगार प्रदाता सेवा क्षेत्र माना जाता था, लेकिन जैसे-जैसे केंद्र एवं राज्य सरकारों का बजट बढ़ रहा है और सरकारी सेवाओं में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सरकारें रोजगार के नाम पर कच्ची नौकरियां देकर औने-पौनी तनख्वाहों पर अपने कर्मचारियों के जायज हक न देकर उनका शोषण करती नजर आ रही हैं। यही वजह है कि सेवा शर्तों में तमाम विसंगतियों और खामियों को लेकर भारत में इन दिनों जहां सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं तो कुछ-कुछ इन्हीं की तर्ज पर अपनी सेवा शर्तों में सुधार, पक्की नौकरी, वेतन बढ़ोतरी और पेंशन की गारंटी के लिए अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले ग्रामीण डाक सेवक संघर्षरत हैं।

डाक कर्मचारी जिस झोले में चिट्ठियां रखकर डाक बांटने जाते हैं, वह काफी भारी है, लेकिन उनकी झोली खाली है। झोला भारी होने से मतलब यह है कि उनके पास काम काफी ज्यादा है, लेकिन झोली खाली है क्योंकि वेतन कम मिलता है। कम से कम भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात डाक कर्मियों की यही हालत है। भारत में किसी समय सरकारी क्षेत्र को बेहतरीन रोजगार प्रदाता सेवा क्षेत्र माना जाता था, लेकिन जैसे-जैसे केंद्र एवं राज्य सरकारों का बजट बढ़ रहा है और सरकारी सेवाओं में तकनीक का इस्तेमाल बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सरकारें रोजगार के नाम पर कच्ची नौकरियां देकर औने-पौनी तनख्वाहों पर अपने कर्मचारियों के जायज हक न देकर उनका शोषण करती नजर आ रही हैं। यही वजह है कि सेवा शर्तों में तमाम विसंगतियों और खामियों को लेकर भारत में इन दिनों जहां सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं तो कुछ-कुछ इन्हीं की तर्ज पर अपनी सेवा शर्तों में सुधार, पक्की नौकरी, वेतन बढ़ोतरी और पेंशन की गारंटी के लिए अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले ग्रामीण डाक सेवक संघर्षरत हैं। पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में डाक कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण डाकघर की सेवाएं गड़बड़ा गई थीं। डाकघरों में बुढ़ापा, अपंगता पेंशन सहित कई कार्यों को निपटाने के लिए लोग पहुंचते हैं। कई लोगों के महत्वपूर्ण चिठी-पत्र और नौकरी, इंटरव्यू पत्रों सहित पार्सल भी डाक से आते हैं। जाहिर है कि डाक उपभोक्ताओं को असुविधा तो हुई ही होगी। लेकिन इसी विभाग में सेवारत डाक सेवकों की सेवा शर्तों और वेतन-भत्तों का यदि मानवीय दृष्टिकोण से जायजा लें तो लगता है कि केंद्र सरकार विगत कई दशकों से डाक सेवकों की सेवाओं का न केवल जमकर दुरुपयोग कर रही है, बल्कि शोषण करने के मामले में भी सबसे आगे है। आज महंगाई के जमाने में अच्छे वेतन की आस सभी को रहती है। डाक सेवकों में बारहवीं पास से लेकर स्नातकोतर उपाधि धारक युवा अपनी सेवाएं दे रहे हैं और निर्धारित 3 घंटों के बजाय 8-9 घंटों तक सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन बदले में जिंदा रहने के लिए उन्हें कच्ची नौकरी और मामूली वेतन मिल रहा है। चिठीयों से लेकर ई-पोस्ट तक के सफर को पूरा करते-करते लगभग 500 साल पुरानी भारतीय डाक प्रणाली आज दुनिया की सबसे विश्वसनीय और बेहतरीन डाक प्रणाली में अव्वल स्थान पर है। भारत में 155015 पोस्ट ऑफिस (डाकघर) हैं। कई उतार-चढ़ावों से गुजरते कई सौ साल पहले जब आजकल की तरह खत पहुंचाने के संसाधन और व्यवस्था नहीं थी, तब कबूतरों द्वारा खत एक से दूसरी जगह पहुंचाए जाते थे, अथवा घुड़सवारों के जरिए खत पहुंचाए जाते थे। भारत में डाक सेवा की व्यवस्था साल 1766 में स्थापित की गई और भारत में पहला डाकघर 1786 में मद्रास में स्थापित किया गया। 1877 में पार्सल सेवा, 1879 में पोस्ट कार्ड, 1880 में मनी आर्डर और 1911 में इलाहाबाद से पहली एयरमेल सेवा शुरू की गई। इसी तरह 1935 में पहला इंडियन पोस्टल आर्डर शुरू हुआ। 1972 में पिन कोड की शुरुआत, 1986 में स्पीडपोस्ट का शुभारंभ किया गया। वर्तमान में औसतन एक भारतीय पोस्ट ऑफिस सात हजार से ज्यादा लोगों को सेवाएं देता है। ग्रामीण अंचलों में ग्रामीण डाक सेवक ही डाक संकलन, दूरस्थ क्षेत्रों (बीट) में डाक वितरण सहित कार्यालय कार्य आरडी और एफडी सहित बैंकिंग से जुड़े लेन-देन के कार्यों को बखूबी संभाल रहे हैं, वो भी कच्ची नौकरी करते हुए। पिछले दिनों अखिल भारतीय गामीण डाक सेवक संघ ने सम्पूर्ण भारत में स्थायी नौकरी, पेंशन और वेतन-भत्तों में सुधार की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की थी, लेकिन सामान्य नागरिकों को होने वाली असुविधा के दृष्टिगत अपनी हड़ताल वापस ले ली। अब यह केंद्र सरकार की जिम्मेवारी बनती है कि वह भी न्याय की मांग और ग्रामीण डाक सेवकों की जायज मांगों को शीघ्र पूरा करे, ताकि ये कर्मचारी भी सम्मानजक तरीके से अपने परिवारों की देखभाल कर सकें। ग्रामीण डाक सेवकों की प्रमुख मांगें हैं कि भारत सरकार उन्हें पक्की नौकरी, आठ घंटे काम, इसी के अनुसार वेतन और पेंशन सहित सभी लाभ प्रदान करे। नियमित कर्मचारियों के समान पहली जनवरी 2016 से समग्र संबंधित निरंतरता भत्ता मिले, 12, 24 और 36 वर्ष की सेवा पूरी करने पर तर्कसंगत निर्धारण, वरिष्ठ कर्मचारियों के लिए वेटेज वृद्धि, समयबद्ध वित्तीय उन्नयन सहित कमलेश चंद्र समिति की सभी सकारात्मक सिफारिशों को लागू किया जाए। समूह बीमा कवरेज को पांच लाख तक बढ़ाया जाए।

**आप का नजरीया**

# पुलिस की अपनी अदालत

अपनी तरह के मार्गदर्शक फैसले ने आपराधिक जांच के दायरे से हिमाचल के पुलिस मुखिया और कांगड़ा की एसपी से उनका वर्तमान किरदार छीन लिया। माननीय हाईकोर्ट ने पालमपुर के व्यापारी की अरदास को सुनते हुए राज्य सरकार को दिशा निर्देश दिए हैं कि जांच प्रक्रिया की निष्पक्षता के लिए पुलिस महकमे के ओहदेदार परिदृश्य से हटाए जाएं। ऐसे कड़े निर्देश की वजह समझें तो यह कानून व्यवस्था के आलम में हिमाचल की शर्मिंदगी है। जिन परिस्थितियों में पालमपुर के व्यापारी को पुलिस से वास्ता पड़ा, उससे द्विपक्षीय मामले में सारी कानून व्यवस्था का तामझाम तार-तार हुआ है। कारोबारी निशांत के अपने निजी मसले, व्यापारिक क्लेश या कानूनी पेचीदगियां हो सकते हैं और उनके निपटारे के लिए अदालती प्रक्रिया और न्याय प्रणाली की अहम भूमिका सुनिश्चित है, लेकिन यहां यह व्यक्ति पुलिस प्रणाली के खौफ के सामने अपनी लाचारी-मजबूरी का जिक्र करता हुआ गुहार लगा रहा है कि उसे नाहक डराया-धमकाया जा रहा है। वह शिमला और कांगड़ा पुलिस के प्रमुखों से अपनी शिकायत दर्ज करवाता है। आश्चर्य यह कि एक ही राज्य में शिमला के एसपी और कांगड़ा की एसपी के बीच कानून की दृष्टि, एफ आई आर की कापी और संज्ञान बदल जाता है। आश्चर्य यह कि डीजीपी स्तर का टॉप ब्रास अधिकारी एक व्यवसायी को पंद्रह बार क्यों मिस्ड काल दे रहा है या उसके मातहत पालमपुर के अधिकारी क्यों निशांत पर दबाव डालकर संवाद करवाना चाहते हैं। क्या पुलिस की अदालतें अब राज्य की अपनी कानून व्यवस्था का दिशा परिवर्तन है। हम यह नहीं कहते कि निशांत का माजरा क्या है और इस मामले की परतें कितनी भोली, ईमानदार या वीभत्स हैं, फिर भी यह कतई नहीं मान सकते कि पुलिस महकमे का आला अधिकारी अपने प्रभाव को अदालत बनाकर, अदालत के बाहर खुद अदालत बन जाए। कांगड़ा पुलिस मुखिया के रूप में एसपी महोदया ने कानूनी प्रक्रिया के आधारभूत ज्ञान को क्यों गिरवी रखा और किसके इशारे पर अपनी भूमिका के उज्ज्वल पक्ष को गौण कर दिया, यह संशय पैदा करता है। जाहिर तौर पर हाईकोर्ट के सख्त निर्देश के बाद सरकार को सख्त होना पड़ेगा। यह एक मामला नहीं, बल्कि राज्य की पुलिस मशीनरी का हुलिया है और चारित्रिक गिरावट भी। यह सुशासन की लोकतांत्रिक आस्था के बिलकुल विपरीत राज्य का अंधा और बहरापन है। अगर सुक्खू सरकार व्यापारी की प्राथमिक शिकायत पर ही कार्रवाई करती तो अदालत के लिए संदेह प्रकट करने की जरूरत नहीं होती। यहां हम पुलिस महकमे से इतर भी व्यवस्था को नाको चने चबाने पर मजबूर करने वाले कई अन्य विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाना चाहेंगे। यह राज्य अब भोला नहीं, बल्कि ऐसी मिली भगत का पर्याय है जहां चंद नेता, अधिकारी, नौकरशाह, मीडिया के लोग, ठेकेदार व कर्मचारी संगठनों के ओहदेदार व्यवस्था को अपने स्वार्थी इरादों की वसीहत में बदल रहे हैं। हिमाचल में प्रशासनिक, राजनीतिक व सामाजिक भ्रष्टाचार से एक अजीब सा नाता विकसित हो रहा है, जो विकास की अग्रिम पंक्ति पर निजी तौर पर वांछित उपहार पा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### 14 सूत्री मांगों को लेकर नया साल से हड़ताल पर डीलर

**चतरा :** जिले भर के राशन दुकानदारों ने एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। प्रखंड के सभी राशन डीलरों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन सौंप कर नया साल एक जनवरी से हड़ताल में जाने की बात कही है। टंडवा संघ के डीलर परमानंद पांडे ने बताया कि 14 सूत्री मांग को लेकर जिले भर के डीलर एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। बताया कि 14 सूत्री मांगों में 50 हजार कमिशन की गारंटी, 5 लाख बीमा, अनुकंपा के उम्र सीमा की बाध्यता समाप्त, बकाया कमीशन की जल्द भुगतान, दुकानदारों को पूर्व की भांति अनुकंपा का लाभ देने, खाद्यान्न पर प्रति क्विंटल एक किलोग्राम हैंडलिंग कॉस्ट देने, ई पॉस मशीन के लिए 4 जी नेटवर्क की सुविधा आदि शामिल हैं। मौके पर परमानंद पांडे अध्यक्ष, हीरालाल यादव सचिन, सुबोध कुमार कोषाध्यक्ष, गणेश कुमार यादव, सरोज प्रसाद गुप्ता, रंजीत प्रसाद गुप्ता, रंजीत प्रसाद, देवकी राम, रंजन दास, नरेंद्र प्रसाद, गौतम दास, कर्म भगत, शिवनाथ महतो सहित टंडवा प्रखंड के डीलर संघ के सदस्य शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में दो गंभीर

**महुआडांड़ :** लोध फॉल से लौटे रहे बाइक सवार को मिरगी गांव मोड के पास इनावा कार ने पीछे से मारी टक्कर, दोनों आई गंभीर चोट, एक को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया। महुआडांड़ लोध फॉल महुआडांड़ से लौटे रहे नितिश यादव पिता रामलखन यादव, ग्राम आराहस रविन्द्र कुमार, रोपा उरांव, घुघुर पाठ गुमला, दोस्त बाइक में सवार होकर आखिरकार रहे थे। इस क्रम में मिरगी गांव मोड पर पीछे से आ रहे इनावा कार टक्कर मार कर फरार हो गई। ग्रामीणों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ इलाज के लिए भेजा। जहां डॉक्टर अमित खलखो द्वारा दोनों इलाज किया गया। नितिश यादव को सिर पर गंभीर रूप चोट आई है।

## 2024 के आगमन पर बच्चों में दिखी काफी उत्साह

# दर्जनों पिकनिक स्पॉटों पर दिखा भिड़ लोगों ने स्वादिष्ट भोजन का उठाया लुत्फ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न पिकनिक स्पॉटों में 2024 नये साल में सोमवार को सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। जहां छोटे छोटे बच्चे और बच्चियों के साथ साथ बड़े बुजुर्गों के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। 31 दिसम्बर 2023 को अलविदा होते ही और 1 जनवरी 2024 नये वर्ष प्रारंभ होते ही सुबह से ही लोग चौक चौराहे पर मछली मुर्गा बकरे की दुकान पर लोगों की लंबी कतार लग गई थी। और लोग एक दूसरे को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए खुशियां मना रहे हैं। इस नए साल के पहला दिन पहले माह को कुछ नया करना चाहते है। जिससे पूरे वर्ष नया से नया कार्य की शुरुवात होते रहे। लोगों को यह दिलो दिमाग में बैठा हुआ है।परंतु यह सच्चाई नहीं है। चुकी आप जैसा करेंगे वैसा हीं आपके साथ होगा। मेहनत और संघर्ष हीं आपको और आपके परिवार को ऊंचे मकाम पर ले जा सकता है। नए वर्ष के मौके पर। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गिद्धौर पुलिस, थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के पिकनिक स्पॉटों पर गस्ती कर रहे थे।

# जिला अभियंता सुरेश राम ने जिला परिषद का पुनः लिए प्रभार

## श्री राम के प्रभार के बाद जिला परिषद के कार्य में तेजी आएगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा ने पूर्व की भांति आज प्रभार ग्रहण किया। स्वीकृति पत्र उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी चतरा को भेज दिया गया है, यह सूचना सरकार के उप सचिव, पंचायती राज विभाग झारखंड रांची और उपायुक्त चतरा को भी भेज दी गयी है।ज्ञात हो कि उप सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज), झारखण्ड रांची के आदेश संख्या 1612 दिनांक 09.10.2020 के कंडिका 4 में आदेश पारित किया गया है कि जिला अभियंता का पद रिक्त रहने अथवा स्थानीय स्तर पर व्यवस्था बनाये जाने पर विशेष प्रमंडल में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता स्वतः जिला अभियंता जिला परिषद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण करेंगे। ज्ञात हो कि दीपक कुमार दिनांक 31.12.2023 को सेवानिवृत्त हो गये हैं। इस प्रकार जिला अभियंता का पद रिक्त हो गया। फलस्वरूप प्रासंगिक आदेश के आलोक में आज दिनांक 01.01.2024 को जिला अभियंता, जिला परिषद चतरा ने प्रभार ग्रहण किये। इस प्रकार कार्यपालक अभियंता सुरेश राम ने फिर से जिला परिषद की कमान संभाल लीये। श्री राम को प्रभार ग्रहण करने से जिला के समवेदको में हर्ष है। पूर्व के पदाधिकारी दीपक कुमार चतरा जिला में समय नही दे पा रहे थे जिसके वजह जिला में विकास कार्य काफी प्रभावित हो रहे थे, अब श्री राम के प्रभार के बाद जिला परिषद के कार्य में तेजी आएगा।

## गाड़ियों के पहिये थम गए, चालक आक्रोशित

# वाहनों के लगे ब्रेक से पेट्रोल पंप घाटे में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के सभी सड़कों पर वाहनों की कतार लगी हुई है। वहीं चालको में आक्रोश है। यातायात बिल्कुल ठप है। यह मामला देश भर के चालकों ने तीन दिवसीय चक्का जाम किया है। कहा है कि सरकार अविलंब कानून वापस लें अन्यथा अब कोई चालक कोई वाहन नहीं चलाएगा। चुकी चालकों का वेतन महज 5 से 8 हजार होता है वर्तमान में सरकार के द्वारा बनाए गए कानून में दुर्घटना पर 10 वर्ष का सजा और 5 लाख का जुर्माना। वैसे में यह दोहरी नीति नहीं चलेगा। एक तो केंद्र सरकार लोगों को नोकरी नहीं दे रही है गरीब बेरोजगार है। शिक्षित युवक नोकरी के तलास में दर दर भटक रहा है। वहीं इस तरह कानून बना सरकार केवल लोगों को मूर्ख बना रही है। ना फैक्ट्री ना उद्योग बस मात्र मंदिर मस्जिद एवं नाम बलना एवं पुराने कानूनों को अपनी जायदाद समझ तोर मरोड़ कर अपना उल्लू सीधा करने में लगीं है। जब तक सरकार बनाए गए यह काला कानून को वापस नहीं लेगी कोई चालक वापस वाहनों में नहीं आएवेंगे। इधर जहां तहां सड़को पर चालक गाड़ी खड़ा कर अपने अपने घर चले जाने से एक तरफ सड़क जाम हो गई है तो दुशरी तरफ वाहन मालिकों को वाहनों में चोरी का डर सता रहा है।

# पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ने कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का एवं सिमडेगा जिला झारखंड पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कोलेबिरा और सिमडेगा विधानसभा के साथ-साथ पूरे प्रदेश वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा है कि हम सभी अपने बीते हुए वर्ष में जो भी बुरे कार्य किए हो उसे त्याग कर एक नई सोच और नए संकल्प के साथ आने वाले नूतन वर्ष का स्वागत करें इस नए वर्ष में हम सबों के बीच ना तो जाति धर्म की कोई दीवार हो ना उच्च नीच का कोई भेदभाव हो ना ही अमीर गरीब की सोच हो हमारी सोच सिर्फ और सिर्फ अपने क्षेत्र और अपने जीवन में खुशियों को पूरा करने की हो हम एक दूसरे का सहयोग करें एक दूसरे के सुख-दुख का साथी बने आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक रूप से एक दूसरे को मजबूत करें युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाने का संकल्प ले आने वाले वर्ष हम सभी के लिए एक खुशहाली भरा वर्ष हो इस वर्ष में हमारी जो भी मनोकामनाएं हो वह पूर्ण हो हम अपने और अपने परिवार के साथ पूरे वर्ष खुशहाल पूर्वक बिताते हुए फिर आने वाले नूतन वर्ष का इंतजार करें इस आने वाले वर्ष में हम ऐसा कोई कार्य न करें जिससे अपने और अपने परिवार के अपने समाज का अपने क्षेत्र का किसी प्रकार से कोई बुरा हो हम ऐसा कार्य करें जो हमारी एक पहचान बने और हम अपने समाज और क्षेत्र को विकास के पथ पर लेकर आगे जाए इसी के साथ फिर से आप लोगों को नव वर्ष की ढेर सारी शुभकामनाएं और बधाई है सन्देश एक्का ने सिमडेगा जिला वासियो के साथ युवा को सुभकामना एवम बधाई देते हुए कहा कि आप अपने सारे बुराईयों को त्याग कर नव वर्ष में यह संकल्प लेकर आगे बढ़े की हम नशा से खुद को दूर रखेंगे और अपने गांव और समाज को नशा मुक्त बनाएंगे आप सभी से आपके परिवार का भविष्य जुड़ा होता है आने वाले नव वर्ष में एक भी हमारे युवा साथी हमसे ना बिछड़े हम सभी मिलकर अपने क्षेत्र को विकास की ओर लेकर जाय गुमराह ना हो किसी के बहकावे मे ना आए एक नई सोच नई उत्साह और मंजिल को लक्ष्य लेकर आगे बढ़े।

## लातेहार की खबरें

### नव वर्ष के पहले दिन समाजसेवी के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर, लोगों ने दिया साधुवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चंदवा पूर्वी पंचायत के कुसुमटोली निचे मोहल्ला में लगा 25 केवीए का ट्रांसफार्मर बीते कुछ माह से खराब रहने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे।इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने समाजसेवी सह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार दुबे को दी। विजय दूबे के द्वारा इसकी जानकारी विधुत विभाग के अधिकारियों को दी गई। विजय दुबे ने अधिकारियों से जनहित में तत्काल नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। विधुत विभाग और विजय दुबे के सार्थक पहल पर रविवार को 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया जिसके बाद सोमवार को उक्त ट्रांसफार्मर से बिजली सुचारू रूप से बहाल कर दी गई।बिजली बहाल होते ही लोगों ने राहत की सांस ली है।ग्रामीणों ने विजय दुबे और विधुत विभाग को साधुवाद दिया है।

# लातेहार में बिखरी है प्रकृति की अनुपम छटा







**संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** जिले को धरती का छुपा हुआ स्वर्ग भी कहा जा सकता है. जिले में प्रकृति ने अपनी अनुपम सौंदर्यता की ऐसी छटा बिखेरी है, जो लोगों को रोमांचित कर देती है. यही कारण है कि नववर्ष के आगमन पर लातेहार जिला पर्यटकों से गुलजार रहता है. लातेहार का नेतरहाट, बेतला, लोध फॉल, सुगा बांध, केचकी संगम समेत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल तो पहले से ही अवस्थित है. अब इन दिनों नवागढ़ किला समेत कुछ अन्य पर्यटक स्थल भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**ललमटिया डैम :** लातेहार ललमटिया डैम लातेहार का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। ललमटिया डैम लातेहार मुख्य जिले के पास में स्थित है। यह डैम बहुत सुंदर है। डैम के पास आपको तापा पहाड़ का भी सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। इस डैम के पास में ही घूमने के लिए ट्रैक बना दिया गया है।

नवागढ़ का किलाः लातेहार जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित नवागढ़ किला इन दिनों पर्यटक स्थल के रूप में विकसित होता जा रहा है. राजा मेदिनी राय के इस किले के आसपास के इलाके को पूर्व उपायुक्त अबु इमरान ने विकसित करवाया. इसके बाद से यह किला पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है।

**तातापानी लातेहार :** तातापानी लातेहार जिले का एक मुख्य स्थल है। यह स्थल एक अनोखा स्थल है, क्योंकि यहां पर गर्म पानी का आपको एक कुंड देखने के लिए मिलता है। इस जगह पर गर्म पानी निकलता है और गर्म पानी में सल्फर के गुण होते हैं, जिससे इस गर्म पानी से बहुत सारी त्वचा संबंधी बीमारियां दूर होती है। यह जगह लातेहार से 8 किलोमीटर दूर है। यह जगह सुकरी नदी के किनारे स्थित है।

**नेतरहाट :** नेतरहाट लातेहार का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह जगह लातेहार से लगभग 130 किलोमीटर दूर है और झारखंड की राजधानी रांची से करीब 156 किलोमीटर दूर है। यह झारखंड का हिल स्टेशन है। यहां पर घना जंगल है। यह जंगल पाइन ट्री और साल के पौधे से अच्छादित है। यहां पर चारों तरफ हरियाली देखने के लिए मिलती है। यहां के घाटियों में सुंदर झरने बहते रहते हैं।नेतरहाट पर बहुत सारे पर्यटन स्थल है। नेतरहाट को छोटा नागपुर की रानी के नाम से भी जाना जाता है। यह समुद्र तल से 3700 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। नेतरहाट शब्द की उत्पत्ति नेचर और हट से हुई है। इस जगह को पहले नेचरहट कहा जाता था। इसका उच्चारण करते करते यह नेतरहाट बन गया। यह जगह ब्रिटिश काल से प्रसिद्ध है। यहां पर ब्रिटिश अफसर की बेटी मैगनोलिया और एक आदिवासी चरवाहे की प्रेम कहानी प्रसिद्ध है।

**कोयल व्यू प्वाइंट नेतरहाट :** कोयल व्यू प्वाइंट नेतरहाट की एक सुंदर जगह है। आप कोयल व्यूप्वाइंट में आकर, कोयल नदी का सुंदर दृश्य देख सकते हैं। यहां पर आपको सूर्यास्त का भी सुंदर दृश्य देखने के लिए मिलता है। यहां पर खूबसूरत वादियां देखने के लिए मिलती है। यहां पर शांति से अपना समय आप बिता सकते हैं। यह जगह बहुत सुंदर है और नेतरहाट में घूमने लायक मुख्य जगहों में से एक है। यहां पर बहुत सारे पाइन ट्री लगे हुए हैं, जो इस जगह की खूबसूरती को और भी ज्यादा बढ़ा देते हैं। यहां पर आपको एक छोटी सी शॉप देखने के लिए मिल जाती है, जहां पर चाय एवं स्नेक भी मिलता है। आप यहां पर बहुत अच्छी फोटो क्लिक करवा सकते हैं। कोयल व्यू प्वाइंट मुख्य नेतरहाट से करीब 2 किलोमीटर दूर है।

**नेतरहाट डैम :** नेतरहाट झील मुख्य नेतरहाट शहर में स्थित है। यह झील बहुत सुंदर है। झील में कमल के फूल भी लगे हुए हैं। यहां पर आप बोटिंग कर सकते हैं। यहां पर बहुत अच्छा लगता है।

**नाशपाती बागान : नेतरहाट**

नाशपाती बागान का मुख्य स्थल है। नेतरहाट पर आपको बहुत सारे नाशपाती के बागान देखने के लिए मिलते हैं। यह जगह नाशपाती की पैदावार के लिए बहुत अच्छी है। मुख्य नेतरहाट शहर से नाशपाती बागान एक से डेढ़ किलोमीटर दूर होंगे। आपको यहां पर हरी-भरी नाशपाती देखने के लिए मिलती है।

**अपर घाघरी वॉटरफॉल :** अपर घाघरी वॉटरफॉल नेतरहाट का एक मुख्य झरना है। यह झरना नेतरहाट के घने जंगल के अंदर बना हुआ है। यह झरना मुख्य नेतरहाट से करीब 4 किलोमीटर दूर होगा। आपको झरने तक पहुंचने के लिए, पहाड़ी से नीचे आना पड़ता है। यहां पर आपको जंगल के बीच में छोटा सा झरना देखने के लिए मिलता है। झरने का पानी एक कुंड में गिरता है। झरना बहुत सुंदर लगता है। यह झरना घाघरी नाम की नदी पर बना हुआ है।

**मैगनोलिया सनसेट पॉइंट :** नेतरहाट का एक सुंदर स्थल है। इस जगह पर बहुत सुंदर सूर्यास्त का दृश्य देखने के लिए मिलता है और यहां पर आपको प्रेम की एक कहानी के बारे में भी पता चलता है। मैगनोलिया, जो एक ब्रिटिश अफसर की बेटी थी। मैगनोलिया को एक आदिवासी लड़के से प्यार हो गया। जब उनके पिता को इस बात का पता चला। तब उनके पिता ने उस आदिवासी लड़की को खाई में फेकवा कर मार डाला। मैगनोलिया उस लड़के को, यहां वहां अपने घोड़े के साथ ढूंढती रही। मगर उन्हें वह लड़का नहीं मिला। जब उनको उस लड़के की मौत की खबर मिली, तब उन्होंने अपने घोड़े के साथ इसी जगह पर खाई में छलांग लगा दी और उनकी मृत्यु हो गई। इस तरह से यह जगह बहुत प्रसिद्ध है और इस जगह को मैगनोलिया सनसेट पॉइंट के नाम से जाना जाता है।

# युवा राष्ट्रीय जनता दल का वन भोज कार्यक्रम हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव के द्वारा वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जो हहारो नदी में संपन्न हुआ। इस वन भोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजद के जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम शामिल हुए ।मौके पर बोलते हुए दीपक यादव ने कहा की राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ें हैं। अभी तेजस्वी यादव की आर्थिक न्याय के तहत 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दिए है।यह कार्यक्रम युवा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव व जिला प्रभारी क्षितिज मिश्रा के दिशा निर्देश में किया जा रहा है ।वन भोज तो सिर्फ़ एक बहाना है हम सब को मकसद राजद को और मजबूत बनाना है। राष्ट्रीय जनता दल के विचारो को जन- जन तक पहुंचाने का लक्ष्य को साकार करने के लिए हम युवाओं को संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं ।साथ ही युवा राष्ट्रीय जनता दल प्रखंड कमिटी के ओर से सभी प्रखंड व जिले वासियों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाए भी दिया ।वही मौके पर राजद जिला कोषाध्यक्ष सुरेश राम ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया एवम सभी लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दिया। मौके पर राजद वरिष्ठ नेता मनोज यादव, युवा प्रखंड अध्यक्षदीपक यादव, ज्योति सिंह, राजद नेता ललन यादव, विकाश यादव, संजय यादव, शिव कुमार, सुजीत कुमार, रजनीश कुमार, विरपन यादव, चरवा उरांव, सुदामा साव,राहुल साव, उपेंद्र यादव, अंकित कुमार, शनि भोक्ता, गोपाल कुमार, बद्री यादव, ब्रह्मदेव यादव, राजेश उरांव, अभिनाश राम,महेंद्र राम, प्रमोद राम, बरतू यादव, मो अतीक अंसारी, मो एजाज अंसारी, मो सैफ, विवेक यादव, रामेंद्र यादव, दिलीप यादव, विकाश कुमार, कुलदीप यादव, मनोज गंजू, शिव कुमार कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, आदित्य गोप, बैजू राम, राजू राम के अलावे कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हुआ नया साल का आगाज सुरक्षा में तैनात पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर नया साल के आगाज पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरवाडीह पुलिस द्वारा मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के ओरंगा नदी पुल के पास रविवार को बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव के नेतृव मे एंटी क्राईम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे दर्जनों छोटी-बडी वाहनों की तलासी ली गई। जहां चेकिंग अभियान में तैनात थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि नया साल का आगाज हो गया है इस मौके पर आम लोगों की सुरक्षा देना हमारा कर्तव्य है।इस दौरान जांच के क्रम में हेलमेट, वाहन का पेपर, शराब व अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के उपर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया है कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें ताकि सड़क दुर्घटना के खतरे से महफूज रह सके। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव के साथ जिला पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

# आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाई जाएगी जयपाल सिंह मुंडा की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आगामी तीन जनवरी को झारखंड अलग राज्य निर्माण के लिए पहले आंदोलनकारी महानायक जयपाल सिंह मुंडा की जयंती आंदोलनकारी दिवस के रूप में बरवाडीह ब्लॉक परिसर में मनाई जाएगी यह जानकारी झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने दिया है। उन्होंने बताया कि बरवाडीह ब्लॉक परिसर में आगामी तीन जनवरी को जयंती समारोह में काफी संख्या में लोग शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि जयंती समारोह आंदोलनकारी दिवस के रूप भव्य तरीके से मनाया जाएगा। कहा कि झारखंड आंदोलनकारी के महानायक मुंडा जी यहां की संस्कृति जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लिये थे। वहीं झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी दीनानाथ राम ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन का नींव डालने वाले जयपाल सिंह मुंडा थे, उनके नेतृत्व में सबसे पहले झारखंड अलग राज्य का आवाज उठा था। कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम आंदोलनकारी उनकी जयंती आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनाने की तैयारी में जुट गए हैं। मौके पर अलाउद्दीन खां, वाजिद खां, मुस्लिम खां, असरफ खां, शमीम खां समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अबुआ आवास योजना का झारखण्ड सरकार द्वारा अनोखा पहल

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार द्वारा संचालित सरकार आपके द्वारा कार्यमक्रम में सभी योजनाओं को विस्तार पूर्वक लाभुको के बीच जानकारी देते हुए टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल , टाटीझरिया जीप सदस्य रामप्रसाद , उप प्रमुख रवि वर्णवाल ,टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी, 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, ,खैरा पंचायत मुखिया कुमारी माधुरी, पसंस बिनय कुमार दास ,डहरभंगा मुखिया रेखा देवी, धर्मपुर मुखिया कांति देवी,डूमर मुखिया सुमित्रा कुमारी, ने कहा कि आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणी कारी योजनाओ का सीधे योग्य लाभुको तक पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से प्रखंड के झरपो,खैरा, डहरभंगा ,डूमर ,धर्मपुर , बेड़म,टाटीझरिया , भाराजो आठों पंचायत में शिविर लगाकर लाभुको को विभिन्न योजनाओ के प्रति जागरूक कर आवेदन पत्र शिविर में लिया गया। जहां योग्य आयोग्य सक्षम परिवार के कई लाभुको ने भी गरीबी रेखा में आने वाले विभिन्न योजनाओ का आवेदन पत्र शिविर में जमा किए है। जिनका जांचोपरांत प्रखंड कर्मियों संग जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों का दाइत्व है कि योग्य परिवार को अबूवा आवास जैसे योजनाओ से लाभान्वित किया जाय। चुकी जांच के दौरान आयोग्य सक्षम लाभुको को गरीब परिवार में मिलने वाले योजनाओं से लाभान्वित होने पर कोई भी कर्मी नहीं बक्से जायेंगे।

### सीमा सुरक्षा बल ने दी बिश्वजीत कुमार को भावभीनी विदाई




**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीमा सुरक्षा बल में जोखिम भरी सेवा में कार्यरत कार्मिकों के लिए सेवानिवृत्ति उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। सीमा सुरक्षा बल और देश सेवा के लिए शौर्य व वीरता से परिपूर्ण प्रेरक कार्य पद्धति विकसित करते हुए पूर्ण तन्मयता और मनोयोग से लगभग 36 साल राष्ट्र को महत्वपूर्ण सेवाएं देने के पश्चात बिश्वजीत कुमार, सहायक समादेष्टा (अनुसचिवीय), सेवानिवृत हुए। इस मौके पर प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप में राजेश कुमार, उपमहानिरीक्षक/कार्यवाहक महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एंव विद्यालय के तत्वावधान में परिसर स्थित अधिकारी मैस में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर0आर0 लाल, उपमहानिरीक्षक (प्रशा0), डी0के0 प्रमाणिक, उपमहानिरीक्षक,(प्रशि0), सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। बिश्वजीत कुमार का जन्म 18 दिसम्बर 1963 को झारखण्ड़ में हुआ। उन्होने 25 मई 1988 को सहायक उपनिरीक्षक (अनुसचिवीय) के पद से देश सेवा आरंभ की। अपने 36 वर्ष के लंबे सेवाकाल के दौरान विभिन्न सीमांतो व अंर्तराष्ट्रीय सीमा पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। अपने सेवाकाल में आपने आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है। प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय के द्वारा सीमा सुरक्षा बल की गौरवशाली परम्परा के तहत सभी अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं अन्य कार्मिकों के द्वारा श्री बिश्वजीत कुमार सहायक समादेष्टा,अनुसचिवीय (सेवानिवृत) को भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यवाहक महानिरीक्षक बिश्वजीत कुमार के भविष्य में स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की मंगलकामना की।

### बुढ़मू क्षेत्र में देर रात से नववर्ष की धूम

**बुढ़मू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के आस पास के क्षेत्र में सोमवार को नववर्ष की धूम देर रात रही। नववर्ष को लेकर लोग दिनभर उत्साहित रहे। अहले सुबह में कई लोगो ने ठाकुर गांव भवानी मंदिर, भुरनदी एकेशी मंदिर में पुजा करने वालो लोगो की भिड़ लगी रही। वही लोगों की टोलियां बना कर पिकनिक के लिए बुढ़मू प्रखंड जिक्रा फॉल, तिरू फॉल, ठाकुर गांव के भुर नदी समेत कई अन्य पिकनिक स्पाट पर पहुंचे थे। इस दौरान लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। पिकनिक मनाने के लिए युवाओं का जत्था गाजे-बाजे के साथ स्थल पहुंचा तथा अपने-अपने रुचि का भोजन तैयार कर पिकनिक मनाया। इस दौरान अपने-अपने घरों से निकलकर परिवार वाले भी अपने बाल बच्चो के साथ पहुंचे और पिकनिक मनाया। नव वर्ष के पहले दिन लोग हर्षोल्लास के साथ इसे मनाने में जुटे रहे। इधर नववर्ष की बधाई देने का शिलसिला भी जारी रहा। रात 12 बजे से आरंभ यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ठाकुर गांव थाना प्रभारी अमलेश कुमार, के गश्ती टीम अपने क्षेत्र में पूरा तरह गस्त थे, साथ में बुढ़मू थाना के थाना प्रभारी कमलेश राय के नेतृत्व में गश्ती दल के साथ तिरु फॉल और ओझा साड़म के जिकरा फॉल में गश्त करते रहे।

# बरही सीओ ने नववर्ष में पिकनिक स्पॉटों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जवाहर घाटी जलाशय के किनारे कई पिकनिक स्पॉटों का बरही सीओ रामनारायण खलको ने निरीक्षण किया। मौके पर चंदवारा थाना पुलिस बल मौजूद थे। सीओ श्री खलको ने बिना सेफ्टी के वोटिंग कराते नाव चालक को को रोका।वहीं नाव पर सवार लोगों सख्त हिदायत दिया कि बिना सेफ्टी के नाव पर ना चढ़े, अनहोनी घटना घट सकती है। ये बातें आप लोगों का सुरक्षा के लिए कहा जा रहा है। वहीं नाव चालक को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर ऐसा गलती दूसरी बार की तो कानूनी कार्रवाई होगी। वहीं पिकनिक पर स्पॉट पर किसी तरह का हुडदंग ना हो, प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद थी। डीजे साउंड को पिकनिक स्पॉटों पर ले जाने से रोका भी गया। प्रशासन की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था से पिकनिक स्पॉटों पर शांति पूर्वक लोग स्थानीय और दूर दराज से आए लोग पिकनिक का लुत्त उठाया। इधर बरही पुलिस भी अपने थाना क्षेत्र जवाहर घाटी में मुस्तैद थी।

# चालकों के लिए बने काले कानून को वापस ले सरकार : गणेश सीटू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ड्राइवर के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून हिट एंड रन का विरोध करते हुए सीआईटीयू के जिला उपाध्यक्ष गणेश कुमार सीटू ने कहा कि दुर्घटना होने पर ड्राइवर पर कार्रवाई के लिए पहले से जो कानून बना है वह प्रासंगिक कानूनी प्रावधान मोटर वाहन अधिनियम की धारा 161 में निहित है जहां हिट एंड रन मोटर दुर्घटना को मोटर वाहन या मोटर वाहनों के उपयोग से उत्पन्न दुर्घटना के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसकी पहचान उचित प्रयासों के बावजूद सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।नए कानून के अनुसार दुर्घटना होने पर यदि ड्राइवर दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल नहीं ले जाता है और उसकी मौत हो जाती है तो ड्राइवर को 10 साल की सजा या 7लाख रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया है जो सरासर गलत है।पहले दुर्घटना पर मौत होने पर 304 ए लगता था जिसमें 2 साल की सजा का प्रावधान था जिसे बदलकर सरकार ने खतरनाक कानून बना दिया है। इस कानून के विरोध में देश भर के तमाम ड्राइवर 1 जनवरी से हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल का पूरा असर हजारीबाग जिले में व्यापक रूप में पड़ा। हड़ताल के कारण सब्जी, फल, आनाज जैसी आवश्यक वस्तू बाजार नहीं पहुंच पाएगी जिसके कारण बाजार में जरूरी सामानों की किल्लत हो सकती है।

# नव वर्ष पर कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट रहे गुलजार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अंग्रेजी नव वर्ष 2024 का शुभारंभ को लेकर कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र में लोगों का उत्साह और उमंग परवान चढ़ा रहा। बीते 31 दिसंबर की रात 12 बजे के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं ने आतिशबाजी कर, पटाखे व फूलझड़ी छोड़कर नव वर्ष का स्वागत किया। प्रखंड क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट सोमवार को दिनभर गुलजार रहा। लोगों ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। प्रखंड के विख्यात गोंदा डैम, महानय नदी, बोकारो नदी, कोनार नदी व बैलगिरी झरना के मनोरम वादियों में पिकनिक व भ्रमण को लेकर दिनभर भीड़ लगी रही। पिकनिक स्थलों पर युवाओं की टोली व अपने परिवार के साथ लोग लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया और हसीन वादियों का दीदार किया।ऐतिहासिक नृसिंह मंदिर, बानादाग पहाड़ी, हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर भी पर्यटकों का भ्रमण होता रहा। संध्या पिकनिक कर युवाओं की टोली डीजे की धुन पर थिरकते नजर आए। इधर कटकमदाग पुलिस पिकनिक स्पॉट क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा को लेकर जायजा नेता रही।

# जन कल्याण सेवा संघ द्वारा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड जन कल्याण सेवा संघ के द्वारा स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन मुंबई में किया गया।अध्यक्षता झारखंड जन कल्याण सेवा संघ के अध्यक्ष संजय राणा ने किया ।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा उपस्थित हुए। किशोरी राणा ने संगठन में एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि यह संस्था कई सामाजिक कार्य कर रही है जिसमे भ्रष्टाचार से जूझ रहे लोगों को झारखंड जन कल्याण सेवा संघ के लोग जागरूक करने का काम करेंगे।कार्यक्रम में वीरेंद्र राणा, कुलदीप राणा , तुलसी राणा, प्रभु राणा, सुरेश राणा, नंदकिशोर राणा, अजय राणा, सीताराम राणा, राजू राणा, अशोक राणा, कामेश्वर राणा समेत संगठन के कई सदस्य उपस्थित थे।

# सऊदी में फंसे राज्य के 45 मज़दूरों की वापसी के लिए सांसद ने विदेश मंत्री से किया अनुरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सऊदी अरब में हज़ारीबाग के 25 मज़दूरों समेत गिरिडीह ज़िले के 16 और बोकारो ज़िले के 4 मज़दूर फंसे हुए हैं।जिले के मज़दूरों के परिवारों ने सासंद जयंत सिन्हा से उन्हें भारत वापस लाने हेतु मदद मांगी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्होंने विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से आग्रह किया है और विदेश मंत्रालय से लगातार चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने विदेश मंत्री से मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र ही ठोस कदम उठाने एवं सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास को इन मज़दूरों को जल्द से जल्द भारत भिजवाने का निर्देश देने की अपील की।विदेश मंत्रालय द्वारा यह बताया गया कि दूतावास ने मामले पर बारीकी से नजर बनाई हुई है और श्रमिकों को हर संभव सहायता मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा इस पूरी प्रक्रिया पर नज़दीकी से नज़र बनाये हुए हैं वे और उनका कार्यालय मज़दूरों और उनके परिवारों के संपर्क में हैं। वे सभी श्रमिक भाइयों को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए प्रयासरत हैं। इससे पूर्व में भी वे विदेश में फंसे हज़ारीबाग के नागरिकों को भारत वापस लाये हैं।

# नए साल पर पिकनिक स्पॉट पर जुटे हजारों सैलानी





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** क्षेत्र में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोग पिकनिक मना कर स्वागत किया, तो कहीं क्षेत्र में मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि,स्वास्थ्य, धन, यश, मान, सम्मान, और उन्नति, प्रगति, तथा विकास आदि के मन्नते मांगे। इस साल नव वर्ष का संयोग बहुत ही अच्छा रहा। नव वर्ष का आगमन सप्ताह के पहले दिन आनी सोमवार से हुआ। सभी कार्य ठीक रहा। रविवार रात 12ः00 बजने के साथ ही मोबाइल से हेलो, हाय, एसएमएस, व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर, एवं ईमेल के माध्यम से नव वर्ष की बधाई देने में क्षेत्र के लोग दिन भर व्यस्त रहे। आतिशबाजी एवं हैप्पी न्यू ईयर की आवाज गूंजने लगी।

पर्यटक स्थल जहां सैलानी घूमने व पिकनिक मनाने के लिए आए कैनरी हिल पिकनिक स्पॉट, जैसे ही आप हरे भरे हरियाली और झील से संबंधित एक शांत घने जंगल से गुजरते हुए पहाड़ी पर चढ़ते हैं आप उस स्थान पर पहुंचेंगे। हजारीबाग झील एक प्रसिद्ध पिकनिक स्थल है और इसके आसपास प्रमुख सिविल सेवकों के घर और आकाशवाणी रेडियो कार्यालय है झील को चार भागों में विभाजित किया गया है, और कहा जाता है की तीसरी झील से सूर्योदय और सूर्यास्त का सबसे अच्छा दृश्य दिखाई देता है।जहां से पूर्वी हजारीबाग का शानदार दृश्य दिखाई देता है।

प्राकृतिक का अनुपम उपहार माने जाने वाला जवाहर घाट- बरही चौक से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर न ह॥ 33 ह॥ 2 के किनारे जवाहर घाट 36 वर्ग किलोमीटर में फैला बढाकर नदी डैम है जो कि पहाड़ों जंगलों से घिरा एक घाटी पर अवस्थित है। खास बात यह है कि इस स्थान पर कई पर्यटक स्थल भी जुड़े हैं, और इस जगह पर पिकनिक मनाने के लिए नव वर्ष में काफी सैलानी आते हैं। तिलैया दामोदर घाटी निगम द्वारा निर्मित यह पहला बांध और हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर स्टेशन है, जो की बराकर नदी पर बनाया गया है, यह बांध 1200 फीट लंबा और 99 फीट ऊंचा है, जो की 36 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में एक सुंदर और आदर्श झील से घिरा हुआ है, इसके निर्माण का मुख्य उद्देश्य बाढ़ को नियंत्रित करना है, और साथ ही यहां निर्मित कर 4 मेगावाट बिजली का उत्पादन करता है, इसका सुंदर प्राकृतिक परिवेश पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, यह स्थान बरही से मुख्य सड़क के द्वारा जलस्यों और पहाड़ियों से होकर जाता है।

# नव वर्ष के अवसर पर लोगो ने मनाया वन भोज





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो कारीझरना चट्टान धाम टाटीझरिया और दारू प्रखंड के सीमावर्ती सिवाने नदी खैरा पंचायत के सीझुआ झरना , डहरभंगा पंचायत के बौधा डैम भराजों पंचायत के सीता बागी डूमर धर्मपुर बेड़म टाटीझरिया आठों पंचायत के कई गांवों में क्षेत्रवासी सैलानियों ने पर्यटक स्थलों में जाकर (पिकनिक) वनभोज अंग्रेजी के नव वर्ष 2024 के अवसर पर विभिन्न भोजन व्यंजन का स्वाद लुत्फ उठाकर अपने परिजनों संग नव वर्ष मनाया । लोग डीजे साउंड के गानों पर खूब नाचते थिरकते देखे गए। वही बता दे की लोग एक दूसरे को गले लगाकर अंग्रेजी में हैप्पी न्यू इयर 2024 एवं नव वर्ष की शुभकानाएं देकर बधाई दिया। टाटीझरिया पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था को बनाने के लिए टाटीझरिया थाना क्षेत्र में तैनात थे। सिवाने नदी पर्यटक स्थल में वनभोज के दौरान टाटीझरिया प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो मुखिया शिबुप्रसाद सोनी ,रवि यादव ,केदार गौरव,रोहित माली ,टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्नवाल, राहुल पंडा,रामबिलास शर्मा,विनय कुमार ,पिंटू कुमार ,संजय प्रसाद,संतन सोनी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# श्री राम मंदिर से आए पूजित अक्षत वा चित्र देकर घर-घर किया निमंत्रण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड के करियातपुर पंचायत में श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र पूजित अक्षत आमंत्रण का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ सर्वप्रथम श्री राम चौक करियातपुर के संकट मोचन मंदिर से पूजित अक्षत तथा अयोध्या मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण दिया। प्रखंड संयोजक चंदन कुमार केसरी एवं सह संयोजक संतोष कु प्रजापति के नेतृत्व में पूजीत अक्षत का शुभारंभ में 21 राम भक्तों को वितरण कर के किया गया। साथ जय घोष एवं गीत के साथ श्री राम मंदिर का चित्र तथा पूजित अक्षत वितरण किया, वहीं राम भक्तो से अनुरोध किया कि अयोध्या पूजित अक्षत सह निमंत्रण एवं पत्रक आप अपने पूजा घर में रखे और 22 जनवरी को अपने नजदीकी मंदिर और अपने घर को दीपावली की तरह सजाएं और दीपक जलाएं। 22 जनवरी को अपने नजदीक के मंदिर में पूजा पाठ, भजन कीर्तन, आरती करना और श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से मंदिर में एकत्रित होकर देखना है। साथ ही साथ प्रखंड पूजित अक्षत संयोजक चंदन कुमार केशरी ने कहा की 1 जनवरी को कैलेंडर बदलें कोई एतराज नहीं पर हमारे संस्कार और संस्कृति नहीं । इन रामभक्तों भक्तो को आज आमंत्रण मिला शंकर प्रसाद केसरी , सैलेश प्रसाद , जयगोविंद प्रसाद ,राजेंद्र मुखिया, नंदलाल कुशवाहा ,मोहन कुशवाहा, अशोक प्रसाद केसरी ,गुरचरण ठाकुर ,गिरधारी राणा ,जयराम ठाकुर ,अशोक पांडे इत्यादि ,अयोध्या पूजित अक्षत वितरण सह निमंतरण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिया रानी केशरी, कमलेश कुमार कुशवाहा, धर्मेन्द्र कु पंडित, मुन्ना सोनी, संदीप केसरी, मोहन कुशवाहा, रितेश केसरी, बबलू सोनी, सोनू गुप्ता, प्रकाश प्रजापति आदि शामिल थे।

# प्राचीन भगवती मंदिर में पूजन के पश्चात घर-घर पूजित अक्षत देने का अभियान शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** श्री रामजन्मभूमि में भव्य, दिव्य एवं अलौकिक नूतन मंदिर में नूतन भगवान श्रीरामललाजी का प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को होने को लेकर अयोध्या से आया पूजित अक्षत को बरही स्थित प्राचीन भगवती मंदिर में कार्यकर्ताओं ने पूजन-अर्चन कर परिवारों को निमंत्रण देने का 15 दिवसीय अभियान प्रारंभ किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने बताया कि निमंत्रण देने के कार्यक्रम का शुभारंभ बरही के समाजसेवी रमेश ठाकुर को पूजित अक्षत एवं रामजी का चित्र देकर प्रारंभ किया गया। उन्होंने कहा प्रांत में लगभग 20 पंचायतों की 50 टोलियां लगभग 1 लाख परिवार तक घर-घर जाने का अभियान प्रारंभ हुआ। अयोध्या से आया पूजित अक्षत के द्वारा निमंत्रण प्राप्त करते हुए समाजसेवी रमेश ठाकुर जी ने अपने आप को सौभाग्यशाली बताते हुए निमंत्रण को स्वीकार किया। उन्होंने निमंत्रण प्राप्त करते हुए भाव विभोर हो गए तथा कहा मेरा परम सौभाग्य है कि हमें अयोध्या नगरी से आया पूजित अक्षत आप लोगों के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा श्रीरामजी का जन्म त्रेतायुग में हुआ था। परंतु बाद में भारत की भूमि में कई त्रासदियां आई जिससे राम जन्मभूमि एवं सनातन धर्म को गौण कर दिया गया था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को प्राप्त करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। वहीं विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा की आज अयोध्या में भव्य मंदिर बन रहा है, जिसमें भगवान श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को होना है। उन्होंने कहा यह मंदिर भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में सनातन धर्म का परचम लहराएगा। अभियान में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री मंत्री गुरुदेव गुप्ता, अभियान के संयोजक चंदन केशरी, विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार साहू, उपाध्यक्ष निरंजन केसरी, मंत्री कैलाश ठाकुर, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष संजय राणा, बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार, जिला शारीरिक प्रमुख प्रभु राणा, मंडल प्रमुख राहुल राणा, दुलमाहा के सुरेंद्र यादव, पंचमाधव के संजय यादव, मोहित केशरी, नौरंगी लाल, जानकी रजक, प्रकाश प्रजापति, पिंटू केशरी, सुजाता सिंह, सुधांशु चंद्रवंशी , संदीप चंद्रवंशी, शशि चंद्रवंशी, धर्मेन्द्र चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## बुंडू मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक घायल



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नईसराय- गिददी मुख्य सड़क के बीच सोमवार संध्या करीब 5 बजे बुंडू के पास मोटरसाइकिल होण्डा शाहीन जेएच24डी 8479 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें वाहन के आगे का हेडलाइट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि मोटरसाइकिल में सवार युवक गिद्दी निवासी के सिर पर गंभीर चोट लगी हैं। वाहन चालक बिहार इफको की ओर से गिद्दी की ओर जा रहा था। तभी यह घटना घटी। समाचार लिखे जाने तक युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी हो रही थी।

## कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, बुंडू में नववर्ष पर युवाओं ने पिकनिक का उठाया लुफ्त



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत गांव बुंडू, हेसला, कंजगी आदि क्षेत्रों में नव वर्ष पर सोमवार को युवा दलों ने पिकनिक का लुफ्त उठाया। विशेषकर काजू बागान, अरगड्डा- बुंडू दामोदर घाट आदि जगहों पर पिकनिक के लिए सुबह से ही लोगों की चहल-पहल थी। हिन्दी, भोजपुरी, नागपुरिया फिल्मी गानो पर झुमते नाचते दिखे। प्राकृतिक नजारों के बीच रंग-बिरंगे लजीज भोजन बनाने के बाद इसका लुत्त युवाओं ने उठाया। सभी ने एक दूसरे को नए साल का बधाई देते हुए मंगल कामना की। बुंडू घाट पर पिकनिक सेनानी दीपक सिंह, रोहित बेदिया, सुमित बेदिया, मुकुल सिंह, श्वेत सिंह, कृष बेदिया, चंदन सिंह, शंकर बेदिया, शत्रुधन बेदिया, अनमोल सिंह आदि युवा उपस्थित थे।

## अंडर- 14 एवं सीनियर में भी पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी का क्रिकेट ट्रॉफी पर कब्जा

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के रानी ज्योतिर्मयी स्टेडियम में पाकुड़ जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी और संघमित्रा क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। संघमित्रा के कप्तान अर्जित मंडल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए संघमित्रा की टीम ने अपने सभी विकेट गंवाकर 195 रन बनाए। विकास साहा ने अर्ध शतकीय पारी खेली। जबकि पाकुड़ स्पोर्ट्स अकादमी के गेंदबाज अख्तरुल ने 4 विकेट, समसूद विश्वास रिक ने 3, कप्तान रोहित महतो ने 2 और श्याम सिंह ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने 31वें ओवर में 196 रनों के लक्ष्य को पूरा कर लिया। पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी की तरफ से निखिल दास ने शानदार 78 रन एवं कप्तान रोहित महतो ने नाबाद 62 रन की बेशकीमती पारी खेली। फाइनल का मैन ऑफ द मैच निखिल दास को घोषित किया गया। अंपायरिंग की भूमिका अर्जुन सिंह और सरोज सिंह ने निभाई। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में ड्रीम स्कूल क्रिकेट द्वारा आयोजित अंडर- 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी अंडर- 14 की टीम ने साहिबगंज की अंडर- 14 टीम माही स्पोर्ट्स की टीम को फाइनल मैच में 46 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस फाइनल मुकाबले में पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी के बल्लेबाज सुमित सिंह ने शानदार 63 रन बनाए। गेंदबाजी में पाकुड़ स्पोर्ट्स अकादमी के गेंदबाज मणिराज ने 4 रन देकर 5 विकेट हासिल किया। मणिराज को फाइनल का मैन ऑफ द मैच के साथ-साथ प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी घोषित किया गया। वहीं सुमित सिंह को मैन ऑफ द सीरीज के साथ-साथ प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। पाकुड़ स्पोर्ट्स एकेडमी अंडर- 14 की कप्तान सृष्टि हांसदा एवं टीम मैनेजर पिंकू मंडल थे।

## अली अकबर ने गरीबों को बांटे कंबल, कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के चर्चित और जाने-माने व्यवसाई अली अकबर ने सोमवार को सदर प्रखंड के ईशाकपुर गांव में असहाय एवं गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह समाजसेवी एहदीन शेख एवं अन्य मौजूद थे। अली अकबर ने अपने हाथों से सैंकड़ों गरीबों को ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल वितरण किया। वहीं कंबल पाने वाले महिला एवं पुरुष असहाय लोगों के चेहरे खिल उठे। कड़ाके की ठंड में परेशान लोगों ने कंबल वितरण के लिए व्यवसाई अली अकबर का आभार व्यक्त किया। अली अकबर ने कहा की ठंड लगातार बढ़ रही है। ठिठुरन बढ़ी है और लोगों को परेशान कर रही है। इस ठंड में गरीब असहाय लोगों को रात बिताने में ज्यादा मुश्किलें हो रही है। उन्हें ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबल दिया गया।

## रजरप्पा में श्रद्धालुओं ने मां छिनमस्तिका की पूजा के साथ पिकनिक और प्राकृतिक सुंदरता का लिया आनंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** नववर्ष के पहले दिन 1 जनवरी को रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित माँ छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के साथ पिकनिक और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद उठाया। आज 1 जनवरी को पूजा अर्चना के लिए अहले सुबह से ही लोगों का आवागमन शुरू हो गया था। लोग यहां पहुंचकर दामोदर भैरवी संगम स्थल में स्नान ध्यान कर हाथों में पूजा की थाली लेकर मुख्य मंदिर पहुंचे और कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतेजार करते रहे। बारी आने पर मंदिर में प्रवेश कर मां भगवती की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा अर्चना के पश्चात लोगों ने दामोदर एवं भैरवी नदी के तट पर अपने दोस्तों और परिजनों



के साथ पिकनिक मनाते हुए नववर्ष के आगमन की खुशियां मनाई और मौज मस्ती किया। इसके अलावे रजरप्पा मंदिर परिसर के पास अवस्थित दामोदर नदी में सैकड़ों लोगों ने नौका विहार का भी जमकर आनंद लिया। रजरप्पा के दामोदर एवं भैरवी नदी के अलावे बाह्मणधारा सहित क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉट पर सुबह से ही पिकनिक मनाने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे रहे।साल के पहले दिन 1 जनवरी को रजरप्पा के मां छिन्नमस्तिका मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान मंदिर परिसर में शांति व्यवस्था बनी रहे और बाहर से आए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इसे लेकर रामगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय स्वयं रजरप्पा मंदिर परिसर में सुबह से ही तत्पर दिखे। एसपी पीयूष पांडेय सुबह 10 बजे ही सिविल ड्रेस में रजरप्पा मंदिर पहुंच गएद्य करीब दो घंटे तक मंदिर प्रक्षेत्र में ही डटे रहे। इस दौरान उन्होंने पूरे मंदिर प्रक्षेत्र का दौरा कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस जवानों को दिशा-निर्देश देते रहे। एसपी की मौजूदगी में यहां काफी व्यवस्थित ढंग से लोगों ने कतारबद्ध होकर मंदिर में प्रवेश कियाद्य मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा नववर्ष के पहले दिन यहां अप्रत्याशित भीड़ होने के बावजूद मंदिर प्रक्षेत्र में किसी तरह की अफरातफरी नहीं हुई। क्योंकि बड़े वाहनों को 3 किलो मीटर पूर्व ही रोक दिया गया था। लोग पैदल ही मंदिर तक पहुंचे। एसपी के साथ रजरप्पा थाना के प्रभारी संजय नायक सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

## पतरातू प्रखंड कार्यालय व अंचल में शॉर्ट सर्किट हुआ, बड़ा हादसा टला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड व अंचल कार्यालय में शॉर्ट सर्किट होने से पूरे ऑफिस में अफरा तफरी मच गई लेकिन बड़ा हादसा होने से टल गया। बताते चले की प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ट्रांसफार्मर में पंछी बैठ गया था जिससे कि पंछी को गयराह हजार का शॉट लगा जिससे पंछी की तो मौके पर ही मौत हो गई लेकिन गयराह हजार का तार फोर फॉटी में सड़ गया जिससे कि पूरे ब्लॉक कैंपस में गयराह का करंट दौड़ गया जिससे की ब्लॉक के पंखे कंप्यूटर बल्ब इनवर्टर आदि सामानों को काफी क्षति पहुंचा मौके पर अंचलाधिकारी ने तुरंत बिजली विभाग एवं फायर ब्रिगेड को कॉल किया। लाइन काटने के बाद ही लाइन पर काबू पाया गया। स्थिति सामान्य होने के बाद अंचलाधिकारी शिव शंकर पांडे एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने ऑफिस के सभी चीजों का मुआइना किए जिससे अंदाजा लगाया गया कि काफी सामानों का करंट से नुकसान पहुंचा है।

## डीजे की धुन पर हुआ नव वर्ष का स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी व सयाल में नव वर्ष को लेकर पिकनिक स्पॉटो में लोगों की भीड़ अच्छी खासी देखने को मिली।यहां सयाल व उरीमारी दामोदर के नदी तट,जरजरा डैम,आफिसर कालोनी, पशेरिया झरना, गरसुल्ला नदी आदि जगहों परलोगों ने जमकर पिकनिक का आनंद उठाया। बिते रात युवकों ने नव वर्ष का स्वागत डीजे बजा कर नागपुरी व भोजपुरी गानों पर लोग खुब थिरकते हुए नजर आए। वही स्थानीय प्रशासन भी पिकनिक स्पॉटो पर अपनी निगाह जमाए हुए थे।किसी भी अप्रिय घटना ना घंटे इसे लेकर पुलिस हर ओर मुस्तैद दिखी।वहीं दूसरी ओर उरीमारी चेकपोस्ट स्थित सरकारी शराब दुकान में शराब लेने वाले लोगों की लगी रही भीड़, उरीमारी व सयाल में नव वर्ष को लेकर मुर्गा,मटन, मछ्ली दुकानों में जमकर हुई खरीदारी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल आरा में नए साल में नये प्रिंसिपल ने पदभार ग्रहण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुज्जू :** डी .ए. वी पब्लिक स्कूल आरा में नए साल में पदभार ग्रहण किया नए प्रिंसिपल आलोक कुमार को वाइस प्रिंसिपल सीडी मेहता ने बुके देकर स्वागत किया । वहीं मुख्य रूप से स्कूल के आर पी सिंह,एस ए बरियार, शमशीर आलम , के पी गुप्ता ने जोरदार स्वागत किया पदभार ग्रहण करने के बाद आलोक कुमार ने कहा कि आज फस्ट जनवरी को मैं पदभार ग्रहण कर रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि नए साल 2024 में बच्चों के उज्जवल भविष्य को लेकर मैं गंभीर रहूंगा जो बच्चे यहां से पढ़कर आगे जा कर आई एस ,आई पीएस सहित कई बड़े पदों पर विराजमान हो यह मेरी शुभकामनाएं है ।

## कड़ाके की ठंड में गरीबों का दर्द बांटने निकले इस्लाम ब्रदर्स



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में अचानक कड़ाके की ठंड में इजाफा हुआ है।इसके लिए लगातार समाजसेवियों द्वारा गरीबों के बीच कम्बल सहित विभिन्न सामग्री वितरण किया जा रहा है।पाकुड़ के समाजसेवी अली अकबर के पुत्र अज़हर इस्लाम और मज़हर इस्लाम ने अचानक कड़ाके की ठंड में हुई इजाफा को देखते हुए सदर अस्पताल सोनाजोडी पहुंच गए और कम्बल व फल का वितरण किया।अजहर इस्लाम से प्रभात मन्त्र के संवाददाता ने समाजसेवा को लेकर विस्तार से बात की।अजहर ने कहा कि इंसानियत के धर्म के कायदे से ही एक व्यक्ति दुसरे से प्रेम करता हैं. इंसान वही बेहतर है जो अपने में खुश रहता हो लेकिन वो नहीं जो सिर्फ अपने बारे में सोचता है।जब आप किसी गरीब इन्सान की किसी भी तरह से हेल्प करते है ।

## खरसावां गोलीकांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया और नीता बेदिया ने घुटूवा में खरसावां के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सरायकेला, खरसावां को उड़ीसा राज्य में शामिल करने की प्रस्ताव को वहां की जनता बिहार में बने रहकर झारखंड अलग राज्य की लड़ाई लड़ रहे थे और उड़िसा में शामिल करने के प्रस्ताव का विरोध कर रहे थे। घोषणा होने के दिन ही जनसभा के माध्यम से विरोध करना था जिस जनसभा को संबोधित करने के लिए जयपाल सिंह मुंडा को जाना था। लेकिन जयपाल सिंह मुंडा को नजरबंद कर 1 जनवरी 1948 को उड़ीसा राज्य के मिलेट्री रिजर्व फोर्स ने खरसावां बाजार में आयोजित पचास हजार से अधिक के भीड़ जनसभा में गोली चालन कर हजारों महिला-पुरुष, बच्चे-बुजुर्ग को गोली मारकर उनके शवों को ट्रकों में लादकर विरान जंगलों में ले जाकर दफन कर दिया गया तो कुछ राजा जमींदार के आंगन के कुआं में शवों को डालकर ऊपर से मिट्टी भर दिया गया जहां आज भी उन शहीदों की समाधि स्थल है। जहां जाकर लोग श्रद्धाजंलि देते हैं। उन तमाम हजारों शहीदों के प्रति एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। झारखंड में आज का दिन खुशी का दिन नहीं है बल्कि शहीदों को स्मरण कर श्रद्धांजलि देने का दिन है। यह खरसावां का आंदोलन झारखंड अलग राज्य के निर्माण करने के मार्ग को प्रशस्त किया है।

## कोराम्बे में आयोजित जय गुरुदेव सत्संग में लोगों से शाकाहारी जीवन जीने की हुई अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के बाबा उमाकांत जी महाराज पूर्वांचल जय गुरुदेव आश्रम कोराम्बे में नववर्ष के अवसर पर सोमवार को सत्संग सह् सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे सादा जीवन उच्च विचार की धारणा के साथ जीवन यापन करें। लोगों से अपील की गई कि वे मांशाहार और मदिरापान का त्याग करें। वक्ताओं ने अपील की कि शाकाहारी खानपान ही सर्वश्रेष्ठ खानपान है। भगवान ने सभी जीवों को जीने की आजादी दी है लेकिन मनुष्य स्वार्थवश जीव जन्तुओं की हत्या कर अपना निवाला बना लेते हैं। इस दौरान वहाँ भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें शाकाहारी भोजन परोसा गया। साथ हीं विद्यार्थी प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा के सफल 30 छात्र/छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान नये वाहन पुजन एवं मुंडन संस्कार भी किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा उमाकांत जी महाराज के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई। मौके पर उपरबरगा पंचायत के मुखिया जीतलाल टुडू, जनार्दन बेदिया, हेमलाल टुडू, राकेश करमाली, किशोर मुर्मू, सुभाष बेदिया, मधु करमाली, खुशीलाल बेदिया, सुरेंद्र करमाली, अकलेश बेदिया, कृष्णा बेदिया, कामेश्वर टुडू, कामेश्वर बास्के, कामेश्वर बेदिया, महावीर मुर्मू, बासुदेव सोरेन, लालधन बेदिया एवं भूपति महतो सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## रजरप्पा थाना प्रभारी का सेवानिवृत होने पर बोरोबिंग के ग्रामीणों ने की विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** चितरपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत बोरोबिंग में रजरप्पा थाना प्रभारी हरीनन्दन सिंह के सेवा निवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन पंचायत के समाजसेवीओ के द्वारा किया गया, हरिनन्दन सिंह थाना प्रभारी के अपने कार्यकाल में जनता के साथ प्रभावशाली सम्बन्ध स्थापित किए एव लोगो के हर सुख दुख में शामिल होकर वेमिसाल 1 वर्ष पुलिसिंग रोल अदा करते हुए विधि समधारन कुशल प्रभारी का एक अनोखा उदाहरण स्थापित किए जिसे क्षेत्र लोग इनको हमेशा याद रखेंगे। रजरप्पा थाना क्षेत्र में रहकर बेहतर कार्य करने पर ग्रामीणों को काफी खुशी मिली थी । इस अवसर पर मुख्य रूप से समाजसेवी चित्रगुप्त महतो मनोज महतो,चितरपुर बीस सूत्री उपाध्यक्ष लछ्मन महतो, समाजसेवी अनिल कुमार चौधरी, विशाल स्पजं के जीएम रमेश तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष खुदी राम महतो ,शयामदेव महतो, मनोज कुमार दांगी ,आशिष कुमार,देव प्रकाश दांगी, दीपक दांगी, अमित कुमार, जुगेश महतो कामेश्वर महतो ,राधानाथ महतो ,प्रितम महतो, रामलगन नायक शिक्षक, नन्दकिशोर महतो शिक्षक , गुलाबचंद चौधरी ,मोहर लाल महतो.अजय कुमार, रोशन मुंडा, श्याम कुशवाहा, चन्द्र देव महतो, पिंटू कुमार, लखन लाल महतो , होन्री लाल महतो , ललकु महतो ,कंचन कुमार, असेशवर महतो ,बासुदेव महतो, आदि शामिल थे ।

## हर परिस्थिति में हज़ारीबाग के नागरिकों के साथ खड़ा हूं : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हज़ारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हज़ारीबाग लोकसभा वासियों के साथ हर सुख-दुख में खड़े रहते हैं। क्षेत्र का कोई नागरिक चाहे देश में हो या विदेश में वे उसकी सहायता करते हैं। ज्ञात हो कि सऊदी अरब में हज़ारीबाग के 25 मज़दूरों समेत गिरिडीह ज़िले के 16 और बोकारो ज़िले के 4 मज़दूर फंसे हुए हैं। यह सभी वहां रोज़गार की तलाश में गए थे। हज़ारीबाग के मज़दूरों के परिवारों ने जयंत सिन्हा से उन्हें भारत वापस लाने हेतु मदद मांगी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उन्होंने विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर जी से आग्रह किया है और विदेश मंत्रालय से लगातार चर्चा कर रहे हैं। सांसद जयंत सिन्हा ने विदेश मंत्री से कहा कि हमें यह जानकारी दी गयी है कि इन सभी मज़दूरों को एजेंट द्वारा सऊदी अरब के अल-हरिक शहर में कंपनी में काम करने के लिए मई, 2023 में भेजा गया था। ये सभी मज़दूर वहां फंस चुके हैं, इनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है और पिछले 5 महीने से उन्हें वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। इनको दिन में मात्र एक समय ही भोजन दिया जाता है। यह सभी भारत वापस आना चाहते हैं लेकिन पासपोर्ट के अभाव में यह मुमकिन नहीं हो पा रहा है।जयंत सिन्हा ने विदेश मंत्री जी से से विनम्र निवेदन किया कि वे इस मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र ही ठोस कदम उठाने की कृपा करें और सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास को इन मज़दूरों को जल्द से जल्द भारत भिजवाने का निर्देश दें।इस पर शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए सांसद जयंत सिन्हा को विदेश मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने मज़दूरों की सहायता के लिए सऊदी अरब स्थित भारतीय दूतावास को निर्देश दिया है। दूतावास के अधिकारीयों ने कंपनी, हितधारकों और मज़दूरों से संपर्क कर लिया है। इस गंभीर मामले के शीघ्र समाधान के लिए वे साइट का दौरा कर रहे हैं। दूतावास ने मामले पर बारीकी से नजर बनाई हुई है और श्रमिकों को हर संभव सहायता मिले यह सुनिश्चित किया जा रहा है। सांसद जयंत सिन्हा इस पूरी प्रक्रिया व हर गतिविधि पर नज़दीकी से नज़र बनाये हुए हैं और वे और उनका कार्यालय मज़दूरों और उनके परिवारों के संपर्क में हैं। वे सभी श्रमिक भाइयों को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए प्रयासरत हैं। इससे पूर्व में भी वे विदेश में फंसे हज़ारीबाग के नागरिकों को भारत वापस लाये हैं। उन्होंने यूक्रेन, मलेशिया, सऊदी अरब, पश्चिम अफ्रीका, आबूधाबी व कोरोना महामारी के समय अन्य कई देशों में फंसे क्षेत्रवासियों की सहायता की है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि मैं अपने क्षेत्र के नागरिकों की सेवा व सहायता में 24 घंटे उपलब्ध हूँ और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा हूँ। विदेश में आज हर भारतीय इस विश्वास से रह रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार उनकी सहायता के लिये सदैव उपलब्ध है। हमारे सभी श्रमिक सकुशल भारत वापस लौटें, मेरी यही कामना है। उन्होंने इस अवसर पर हर सहयोग उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री जी और विदेश मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## फर्जी सेटलमेंट पेपर देकर ट्रक ऑनर से एक लाख की ठगी का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** फर्जी सेटलमेंट पेपर देकर ट्रक ऑनर से एक लाख रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित रफीकुल आलम ने पाकुड़ पुलिस से न्याय की गुहार भी लगाई है। पीड़ित रफीकुल आलम साहिबगंज जिले के बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर गांव का निवासी है। उन्होंने बताया कि मैंने टाटा मोटर्स फाइनेंस लिमिटेड से एक एलपीटी 3718 निबंधन संख्या एनएल 01 एबी 4205 ट्रैक फाइनेंस में लिया था। जिसका लोन एग्रीमेंट संख्या 5002527207 है। मैं उक्त ट्रक का किस्त की राशि समय पर हर महीना जमा कर रहा था। उक्त ट्रक के दुर्घटना हो जाने के कारण करीब 15 महीने किस्त जमा नहीं कर सका। मैं सलाह लेने के लिए टाटा फाइनेंस कंपनी पाकुड़ गया था। वहां मैं अपनी समस्याओं को बताया। इसी दौरान चंदन तिवारी नामक व्यक्ति ने मुझे कार्यालय से बाहर बुलाया और कहा कि 6,80,000 रह दोगे तो मैं तुम्हारा फाइनेंस कंपनी से लोन सेटेलमेंट कर अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दूंगा। इसके बदले मुझसे 1,00000 रुपए मांगे। ऑफिस खर्चा और अपना खर्चा बताकर रुपए मांगा। मैंने उस व्यक्ति पर भरोसा करते हुए 3 अक्टूबर 2023 को 50,000 रुपए नगद और 7 अक्टूबर को 50,000 रुपए दिया। उसने मुझे 2 नवंबर को सेटलमेंट का एक कागज दिया। उस कागज को लेकर 3 नवंबर को पाकुड़ टाटा फाइनेंस के कार्यालय में जमा करने पहुंचे। लेकिन वहां के कर्मियों ने सेटलमेंट के कागज को फर्जी बताया। इसके बाद चंदन तिवारी से मुलाकात कर फर्जी कागज के बारे में बताया, तो उसने बात को स्वीकार किया और 5 दिन का समय लेकर असली कागज देने का भरोसा दिया। इसके बाद मुझसे मुलाकात नहीं किया। फोन करने पर तरह-तरह के बहाने करता हैं। पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी भी देता है।

## नशे में धुत बाइक सवारों ने सीसीएलकर्मी को मारी जोरदार टक्कर, रेफर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल आठ नंबर के समीप सोमवार शाम को सड़क दुघर्टना में सीसीएलकर्मी सुदामा राम को विपरीत दिशा व नशे में धूत एक बाइक जेएच 02बीपी 1511पर सवार तीन युवकों ने अपने चपेटे में ले लिया। जहां दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं इस दुर्घटना में सीसीएलकर्मी सुदामा राम को सर पर व पैर में गंभीर चोटे आई है। तो दुसरी ओर नशे में धूत बड़कागांव गरीकला निवासी मोहम्मद अब्बास के दो मित्र उसे मरा हुआ समझ कर भाग खड़े हुए। वहीं स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को स्थानीय क्लीनिक में इलाज करा भुरकुंडा अस्पताल भेज दिया गया। वहीं बताया गया कि सीसीएलकर्मी सुदामा राम उरीमारी पीओ कार्यालय से सयाल प्रिंस रोड अपने घर पैदल ही जा रहे थे। तभी सयाल आठ नंबर स्थित तीखे मोड़ पर बाइक सवार युवकों ने सीसीएलकर्मी को धक्का मार दिया।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## सरिया-मारवाड़ी समाज ने बिरहोर समाज के बीच किया कंबल वितरण

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरिया प्रखंड के पिपराडीह बिरहोर कॉलोनी में मारवाड़ी समाज के द्वारा आदिम जनजाति बिरहोर समाज के लोगो के बीच कंबल का वितरण किया गया ।इस कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि सरिया एसडीपीओ नौशाद आलम मौजूद थे इस दौरान मारवाड़ी समाज के हर्ष अग्रवाल ने बताया कि पूस माह के इस भीषण ठंड मे लोगो का जीना दूभर हो गया है इस ठंड के मौसम को देखते हुए समाज के लोगो के द्वारा हर वर्ष कम्बल वितरण गरीबो असहाय लोगो के बीच किया जाता है इसी के तहत बिरहोर समाज के लोगो के बीच लगभग 200 कंबल ,गर्म कपड़े व नव वर्ष के पूर्व खान पान के सामग्री वितरण किया गया इसके अलावे और जरूरत मंद लोगो के बीच कम्बल का वितरण किया जायेगा ।इस कार्यक्रम के दौरान, सांसद प्रतिनिधि नरेश रजक,प्रमोद अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, दीपक अग्रवाल,महेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल,सुभाष अग्रवाल, सिद्धान्त अग्रवाल, पंकज गर्ग, भावेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## अयोध्या से आई अक्षत, आमंत्रण पत्र और राम मंदिर का छायाचित्र का वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को मनईटांड़ स्थित बजरंगबली मंदिर में राम भक्तों के द्वारा अयोध्या से आई अक्षत, आमंत्रण पत्र और मंदिर का छाया चित्र आम जनता को वितरित किया गया। सबसे पहले बजरंग बली मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा गया। तत्पश्चात प्राणप्रतिष्ठा की गीत गाते हुए रामभक्त आमजनों से आह्वान किया गया कि 22 जनवरी को पूरे भारत वासी भजन कीर्तन, संख ध्वनि, घंटानाद, आरती एवं प्रसाद वितरण कर सभी अपने घरों में दिया जला के दीवाली मनाए। इस अवसर पूर्व महापौर शेखर अग्रवाल, धीरज शर्मा, पप्पू, बबलू, चंदन गोस्वामी, इंद्रभूषण, अजय मिश्रा, शंकर चौधरी, दीपक गुप्ता, दिलीप साव एवं अन्य भक्तजन उपस्थित थे।

## फूल बगान का हुआ उद्घाटन

**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैथन डैम परियोजना में नव वर्ष के उपलक्ष्य पर प्रत्येक वर्ष की भांति फूल बागान का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक व परियोजना प्रधान अंजनी कुमार दुबे द्वारा किया गया। प्रत्येक वर्ष इस गार्डन की 7 सजा में कुछ बदलाव किए जाते हैं और पर्यावरण अनुकूल तरीके से एक नई थीम का प्रयोग किया जाता है ताकि बाहर से आने वाले पर्यटक इसका आनंद उठा सके। इस मौके पर वरिष्ठ महाप्रबंधक संजीत कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक संजय कुमार शर्मा, महाप्रबंधक अनिल कुमार झा तथा विभिन्न अनुभागों के कार्मिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सब्जी विक्रेता विमल गुप्ता के ऊपर चाकू से हमला

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डिगवाडीह बाजार में सोमवार की सुबह में पुरानी रंजिश को लेकर रंजीत गिरी नए सब्जी विक्रेता विमल गुप्ता के ऊपर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद बाजार के सब्जी विक्रेताओं ने हमलावर रंजीत को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। जोरापोखर पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना के सम्बंध में विमल गुप्ता ने बताया कि वह डिगवाडीह मांझी बस्ती में रहते हैं। पड़ोस के रहने वाले रंजीत गिरी से कई वर्षों से विवाद चल रहा है। सुबह बाजार में अपना व्यसाय कर रहे थे तभी रंजीत वहां आकर विमल को गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर चाकू से हमला कर दिया। हम हाथ से रोकने का प्रयास किए तो चाकू हाथ मे लग गया। जोरापोखर पुलिस ने घायल विमल को चासनाला अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया है। जोरापोखर पुलिस ने चाकू जप्त कर लिया है।

## नए साल की शुरुआत इंसानियत की सेवा के साथ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौजवान कमिटी पुराना बाजार के संस्थापक सदस्य सह चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के संचालन समिति के सदस्य सोहराब खान ने अपने दोस्तों के साथ सोमवार को आरा मोड़ वासेपुर स्थित जमायत-उल-मदीना, बुरहान-ए-मिल्लत (दवात-ए-इस्लामी) में जरूरतमंद 50 बच्चों के बीच गर्म कपड़े (स्वेटर), मॉफलर, जैकेट का वितरण किया गया। मौके पर सोहराब खान ने कहा कि कड़ाके की ठंड और मासूम बच्चों की जरूरत नेकियों की गर्माहट जिस्म से होकर रूह तक पहुंचती है। सोहराब खान और उनकी टीम कोयलांचल में अपनी सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। मौके पर सोहराब खान, इमरान अली, फैयाज अख्तर, मोइन अंसारी, अफरोज खान, अबरार आलम, रफीक आलम, तनवीर अंसारी, इमरान अली जुगनू, गुलाम मुरसलीन, हुमायूं रज़ा, सलाउद्दीन महाजन आदि मौजूद थे।

## रोबोटिक्स प्रतियोगिता रोबोफेस्ट में आईआईटी आइएसएम बना विजेता

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी रोबोटिक्स प्रतियोगिता रोबोफेस्ट में आईआईटी-आईएसएम के छात्रों की टीम विजेता बनी है। टीम को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। गुजरात के अहमदाबाद में स्थित साइंस सिटी में 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया गया था। जिसमें आईआईटी आईएसएम के टेक छात्रों ने स्व-संतुलन रोबोट विकसित किया था। टीम में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष का छात्र शैलेश और दो अंतिम वर्ष के छात्र इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के तनिष्क चौधरी और माइनिंग के अनिकेत कुमार रॉय शामिल हैं। प्रतियोगिता के लिए आईआईटी- आईएसएम टीम के मेंटर सहायक प्रो अरुण दयाल उदय ने बताया कि टीम ने एक स्व-संतुलन रोबोट विकसित किया है। जो खुले कंटेनर में पानी ले जाया जा सकता है जो दिए गए रास्ते से गुजर सकता है। अधिक जानकारी देते हुए टीम के मेटर पीएचडी (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के छात्र आशीष सिद्धार्थ ने बताया कि टीम ने पहले आयोजित प्रतियोगिता के लेवल 1 में 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार जीता था। पिछले साल जनवरी में भाग लेने वाली टीमों को अपना कॉन्सेप्ट नोट जमा करना था। जिसमें रोबोट बनाने की पद्धति और रोबोट के घटक और डिजाइन किया गया था। कुल मिलाकर 150 टीमों ने सात श्रेणियों में प्रतियोगिता के लेवल 2 के लिए क्वालीफाई किया। जून में आयोजित प्रतियोगिता के लेवल 2 में, जिसके दौरान सेल्फ लेवल 1 के 29 क्वालीफायर स्व-संतुलन रोबोट श्रेणी को उनकी अवधारणा के अनुसार एक कार्यात्मक छोटा रोबोट प्रस्तुत करना आवश्यक था। जिसमें अपने-अपने क्षेत्र में टॉपर बनकर 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार जीता है।

# कोल डीपो से 200 टन से अधिक स्टॉक किया गया अवैध कोयला जब्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला खनन टास्क फोर्स ने तेतुलमारी थाना अंतर्गत ग्राम गण्डुवा, 8 लेन सड़क में सिटी हर्ट होटल के समीप अवैध कोल डिपो की जांच की। इस संबंध में अनुमंडल



पदाधिकारी उदय रजक ने बताया कि जांच के क्रम में उक्त स्थल पर लगभग 200 टन से अधिक स्टॉक किया गया अवैध कोयला बरामद किया गया। बरामद कोयला को जब्त कर बीसीसीएल कतरास एरिया-4 को सुपूर्द किया गया।साथ ही खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक ने तेतुलमारी थाना में उक्त स्थल की जांच-पड़ताल कर यदि रैयती भूमि हो तो रैयत एवं इसमें सम्मिलित अन्य सभी लोगों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 7/9/13 एवं द झारखंड मिनिरल्स प्रिवेंशन ऑफ़ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल्स, 2017 तथा आइपीसी की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत एफआइआर नंबर 67/23, दर्ज की गई है।अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि कोयला के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी रहेगा। अभियान में खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक, सीआइएसएफ व तेतुलमारी थाना प्रभारी व पुलिस बल शामिल थे।

## सरकार द्वारा लाई गई कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों ने एन एच 2 को किया जाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तोपचांची :** तोपचांची थाना क्षेत्र के अन्तर्गत साहुबहियार स्थित एन एच 2 को ट्रक ड्राइवरों ने दो घंटे जाम किया क्योंकि सरकार ने जो कानून गृह मंत्री द्वारा लाई गई है, उस कानून के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों ने सरकार कि गलत कानून लागू कर हम पांच हजार, दस हजार कमाने वाले गरीब आदमी अपने बाल बच्चे का भरन पोषण करते हैं। अगर हमारे हाथों दुर्घटना हो गई तो हम जीते जी मर जायेंगे। इसी का विरोध में जाम किया गया था। ससमय प्रशासन पहुंच कर समझा बुझा कर जाम को हटाया गया तब जाकर एन एच में सुचारू रूप से आवागमन शुरू हुआ।

## एसएसपी एचपी जनार्दनन ने किया पदभार ग्रहण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नए एसएसपी एचपी जनार्दनन बरवा अड्डा स्थित नए भवन में बने ऑफिस में पद भार ग्रहण किया। इस मौके पर पुराने एसएसपी संजीव कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर जिले के तमाम एसपी डीएसपी मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए नए एसएसपी ने कहा कि सात साल पहले इस जिले में ग्रामीण एसपी के पद पर कार्य कर चुका हूं। यहां के भौगोलिक स्थिति के बारे में मुझे सब जानकारी है। धनबाद में लॉ एंड आर्डर ठीक करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कुछ सालों से संगठित अपराध और फिरौती का क्राइम बढ़ा है। इसे काबू में करने के लिए कोशिश की जाएगी। कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत पूरे जिले में हर एक थाने में जन सहयोग टीम की गठन की जाएगी और हर थाने में महीने में दो बार जनसहयोग समिति के साथ बैठक करेंगे। जनता की बात सुनेंगे, इनके द्वारा दिए गए सुझाव पर हम लोग रणनीति तैयार करेंगे और इस पर काम करेंगे। आने वाले साल में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव भी है। भय मुक्त वातावरण में



चुनाव कराना है। कम उम्र के अपराधियों के बारे में बताया कि सब महंगा मोबाइल, बाइक और पैसा के चाहत में क्राइम मे संलिप्त हो जाते हैं, पढ़ाई भी छूट जाती है। यह सब को ठीक करने के लिए गांव-गांव और स्कूलों में जाकर बच्चों को जागृत किया जाएगा। साइबर क्राइम के बारे में बताया कि साइबर क्राइम वाले झारखंड को कैपिटल बना लिए हैं इसलिए पुलिस साइबर थाना भी खुल गई है। हर तरह का क्राइम को समाप्त करने के लिए हम लोग तैयार हैं और झारखंड से इसका नामोनिशान मिटा देंगे।

## आश्रम में वृद्धजनों की सेवा सम्मान कर कार्तिक हाड़ी ने नववर्ष का किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के अधिकांश युवाओं ने पिकनिक, होटल और बार में डूब कर नव वर्ष 2024 का स्वागत किया। वहीं अपने व्यक्तिगत आनंद और मनोरंजन का त्याग करते हुए हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के जिला प्रवक्ता कार्तिक हाड़ी ने अपने परिवार एवं मित्रों के साथ बरवाअड्डा टुंडी रोड स्थित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों की सेवा के साथ नव वर्ष का स्वागत किया। समाजसेवा एवं जनसेवा में हर समय सब के लिए अग्रणी कार्तिक ने वृद्धजनों की सेवा के साथ केक काटकर, अपने हाथों से प्रेम पूर्वक स्वादिष्ट भोजन परोसकर, सभी पुरुष एवं महिला वृद्धजनों को स्नेहपूर्ण श्रद्धा भाव से सम्मान एवं अभिनंदन किया जिसके चलते नववर्ष पर खुशी से अभिभूत नजर आए। वृद्धजनों ने कार्तिक हाड़ी समेत सभी को नववर्ष मंगलमय का आशीर्वाद दिया। कार्तिक खाली ने कहा कि नववर्ष में वृद्धजनों की सेवा सम्मान कर इनका निस्वार्थ




आशीर्वाद प्राप्त कर हार्दिक संतुष्टि मिली है। मैं सभी युवाओं से अपील करता हूं कि अपना कुछ वक्त निकाल कर इन वृद्धजनों की सेवा सम्मान करे जिसका परिणाम भविष्य में बहुत ही लाभप्रद और आत्मसंतुष्टि दायक होगा। आश्रम में नारायण हाड़ी, अमित हाड़ी, मानिक हाड़ी, अशोक हाड़ी, बिट्टू कुमार, छोटू कुमार, भोलू कुमार, सोहन कुमार, विकाश हाड़ी, जयराम कुमार, बादल हाड़ी, दिनेश हाड़ी, डब्लू हाड़ी सहित अन्य ने वृद्धजनों की सेवा की।

## नववर्ष के स्वागत पर सैलानियों का पिकनिक स्पॉट में लगी भीड

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर / गिरिडीह :** नववर्ष के स्वागत को लेकर सोमवार को जिले के पिकनिक स्पॉटों पर सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी । सुबह से ही सैलानी विभिन्न पिकनिक स्पॉट में पहुंचने लगे थे जिसमें बगोदर के खटैया पहाड खेतको स्थित जमुनिया नदी के तट तथा कारी पहरी के सीमावर्ती क्षेत्र में जबकी महत्वपूर्ण पिकनिक स्पॉटो में खटैया पहाड खेडुआ नही एक अलग स्थान रखता है । लोगों ने इन स्पॉटो में पहुंचकर जहां मनोरम वादियों का लुफ्फ उठाया वहीं पिकनिक स्पॉट के आस पास ही लजीज व्यंजनों का स्वाद भी चखा नये साल के जोश में हर वर्ग उत्साहित होकर अपने अपने अंदाज में नववर्ष का जश्न भी मनाया । कोई सेल्फी लेने में व्यस्था था तो इन पलों को यादगार बनाने को दोस्तो व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ फोटो सूट करने मसगुल रहा । खटैया पर्यटन स्थल पर वैसे तो इस प्राकृतिक का मनोरम दृश्य के साथ जंगली बंदरो से खुब आनन्द लिए । वहीं जमुनिया नदी के तट पर सैलानी डीजे के धून में खूब मनोरंजन किए

# कैलूडीह आउटसोर्सिंग के मजदूरों ने 40 कमेटी पर लगाया गंभीर आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कतरास :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत कार्यरत कैलूडीह स्थित एसटीजी डेको आउटसोर्सिंग कंपनी में एटक के नेतृत्व अनिश्चितकालीन धरना के सातवें दिन मजदूर हाई पावर कमेटी के तहत मजदूरी भुगतान की मांग कर रहे मजदूर छोटेलाल यादव सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 40 कमेटी के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाया है। श्री यादव ने कहा कि



पिछले 7 दिन से मजदूर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। ना तो आउटसोर्सिंग कंपनी न ही बीसीसीएल प्रबंधन कोई पहल कर रही है। समय रहते अगर मामले का निपटारा नहीं किया गया तो एरिया तीन के पूरे बीसीसीएल का चक्का जाम कर दिया जाएगा। श्री यादव ने आरोप लगाया कि 40 कमेटी के लोगों द्वारा धरना में बैठे लोगों को डराया धमकाया जा रहा है। धरना पर बैठे मजदूरों के साथ कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार 40 कमेटी के लोग होंगे। प्रेस वार्ता में मो शाहनवाज, मो नाज, मो सद्दाम, विजय यादव, अवध दसौंधी, सुजीत कुमार, विक्रम यादव, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

## मैथन एवं पंचेत डैम पर कुल एक लाख से ज्यादा की संख्या में पहुंचे पर्यटक

*सुरक्षा को लेकर हर क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवान एवं मजिस्ट्रेट रहे तैनात*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मैथन :** नये साल के अवसर लोगों का हुजुम मैंथन एवं पंचेत इस कदर पहुंचा कि इनकी संख्या मैंथन एवं पंचेत मिलाकर एक लाख से ऊपर आंकी गयी है। झारखंड एवं पशचिम बंगाल के दोनों ओर गाड़ियों के प्रवेश निषेध के बाद भी लोगों का आने का सिलसिला लगातार जारी रहा। डैम परिसर पर पैदल चलने वालों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि लोग एक दुसरे से टकराये बिना नहीं रह सके।चारों ओर सिर्फ मोबाइल के कैमरे से लेते फोटो एवं सेलफी युवक एवं युवतियों को देखा गया। नौका विहार पर उमड़ी भिड़ से लोगों को टिकट लेने के बाद भी कुछ समय बाद ही नौका विहार पर सैर करने को मिला। इस तरह लोग यहां बिना डिजे के लुत्फ उठाते देखे गये। डीजे पर पाबंदी होने से पुरे डैम परिसर मे मायुसी छायी रही।भीड़ को देखते हुए आज डीवीसी प्रबंधन, सीआईएसएफ एवं जिला प्रशासन के लोग पूरे मुस्तैदी के साथ मैथन एवं पंचेत डैम



पर तैनात थे। भीड़ को लेकर जिला प्रशासन मैथन डैम के गोगना छठ घाट, स्पोर्ट्स हॉस्टल, कालीपहाड़ी चौक, मिलेनियम पार्क एवं वोट घाट, एवं पंचेत डैम के आसपास मजिस्ट्रेट की तैनाती की थी तो वहीं सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस, सीआईएसएफ, डीवीसी सुरक्षा प्रहरी के अलावा अन्य सुरक्षा विभाग के लोग जगह-जगह तैनात रहे।वही सुरक्षा का जायजा तथा डैम का आनंद लेने ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी भी पहुंचे थे तथा देर शाम लौट गये।

## प्रवक्ता बनने पर शमशेर आलम का हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव शमशेर आलम के आवास पर, उनके प्रवक्ता बनने के उपलक्ष मे अल्पसंख्यक कांग्रेस धनबाद जिला की टीम, जिला अध्यक्ष जहीर अंसारी के नेतृत्व में बुके, शॉल, माला और मिठाई भेंट कर उन्हें स्वागत एवं सम्मानित किया गया।शमशेर आलम ने कहा कि वह आलाकमान का शुक्रिया अदा करते हैं, विशेष कर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का जिन्होंने उन्हें इस पद पर सुशोभित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। धनबाद जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग जाहिर अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का हम



सभी दिल से आभार व्यक्त करते हैं। शमशेर आलम को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता की जिम्मेवारी देकर धनबाद वासियो का सम्मान बढ़ा कर यह साबित किये कि निष्ठा से कार्य करने वाले को कांग्रेस पार्टी मे कार्यकर्ताओ को आगे किया जाता है।मौके पर जिला कांग्रेस अलपंखयक उपाध्यक्ष शकील अहमद, मो जुल्फिकार, अफ़ज़ल खा़न, इस्लाम अंसारी, मो सलीम, जिला कांग्रेस महासचिव दुआए बिरेंद्र गुप्ता, अशिफ रजा, नौशाद आलम, मास्टर अब्दुल अजीज, इम्तियाज आलम, एकराम कुरैशी, अब्दुल रहीम, महासचिव सह प्रवक्ता सिकंदरे आजाम, मास्टर कलीम, शेख सुमन, सरफराज आलम, पप्पू अंसारी, झरिया प्रखंड कांग्रेस अलपंखयक अध्यक्ष मो जमालुददीन, नगर अध्यक्ष सब्बीर अहमद, गणेश साव, शंकर सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल थे।

## महाप्रबंधक खंडेलवाल ने रेलकर्मियों को दी नववर्ष की शुभकामना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने आज सभी अधिकारियों, रेलकर्मियों, कर्मचारी यूनियन को नववर्ष की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर आज मुख्यालय प्रांगण के रेल निकेतन में महाप्रबंधक सहित सभी अधिकरी एवं रेलकर्मी एकत्रित हुए जहां उन्होंने सभी रेलकर्मियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें नववर्ष की बधाई दी और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की ।महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके सामूहिक प्रयासों से वर्ष 2023 में पूर्व मध्य रेल द्वारा कठिन चुनौतियों के बावजूद प्रत्येक क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किये गए । उन्होंने कहा कि पूर्व मध्य रेल भारतीय रेल में सर्वाधिक ऑरिजनेटिंग आय वाला जोन है । दिनांक 23 दिसंबर, 2023 को 23 हजार करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय (Originating Earning) के बेंचमार्क को पार करते हुए न्यूनतम अवधि में इस आंकड़ा को प्राप्त कर एक नया रिकॉर्ड कायम किया गया ।दिसंबर, 2023 में पूर्व मध्य रेल को 232.03 करोड़ रूपए की इंक्रीमेंटल अर्निग प्राप्त हुई है । इस दौरान भारतीय रेल को 523.37 करोड़ की इंक्रीमेंटल अर्निग प्राप्त हुआ । इस प्रकार भारतीय को प्राप्त इंक्रीमेंटल अर्निग में पूर्व मध्य रेल का योगदान 44.33 प्रतिशत है । जबकि चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर तक पूर्व मध्य रेल को 2596.15 करोड़ रूपए का इंक्रीमेंटल अर्निग प्राप्त हुआ है । इस अवधि में भारतीय रेल को 4626.90 करोड़ रुपये का इंक्रीमेंटल अर्निग प्राप्त हुआ जिसमें पूर्व मध्य रेल का योगदान 56.11 प्रतिशत है ।माल ढुलाई में वृद्धि दर उत्साहवर्द्धक रही है । वर्ष 2023-24 में दिसंबर माह तक 145.39 मीलियन टन माल ढुलाई की गयी जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10.48 प्रतिशत अधिक है । उन्होंने कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आप सभी के कठिन प्रयास से 23 दिसंबर को एक दिन में हमने 164 रेक की लोडिंग की, जो एक रिकॉर्ड है । महाप्रबंधक ने विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही पूर्व मध्य रेल आय के साथ-साथ माल लदान में भी भारतीय रेल के समस्त जोनों में प्रथम स्थान पर होगा ।यात्री सुविधा की दिशा में कार्य करते हुए स्टेशनों पर उन्नत यात्री सुविधायें उपलब्ध करायी गयी। इसी कड़ी में 92 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य जारी है । ये सभी उपलब्धियां आप सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।महाप्रबंधक ने कहा कि देश की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ''दरभंगा-अयोध्या धाम-आनंद विहार टर्मिनल' का परिचालन प्रारंभ करने का गौरव पूर्व मध्य रेल को हासिल हुआ है । आगे उन्होंने कहा कि देश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है । हम विश्व की पांचवीं इकोनॉमी बन चुके हैं तथा तीसरी इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है । इसमें भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।विदित हो कि पूर्व मध्य रेल द्वारा चालू वित्त वर्ष (2023-24) के दिसंबर तक लगभग 262 किलोमीटर नई लाईन/आमान परिवर्तन/ दोहरीकरण का कार्य पूरा किया गया एवं लगभग 190 ट्रैक किलोमीटर का विद्युतीकरण का कार्य पूरा किया गया । साथ ही 27 आर.ओ.बी./आर.यू.बी. का निर्माण कार्य भी पूर्ण किया गया ।

## मेरा पुत्र और भाई निर्दोष है, उसे फंसाया जा रहा है : बेलाल खान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोरापोखर थाना के पहला नंबर निवासी लड्डन खान उर्फ वकार के घर पर रविवार कि रात हुई गोली चालन कि घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना कि वास्तिवकता को सामने लाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने को गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी बिनोद उरांव ने घटना के बारे में बताया कि लड्डन के घर पर गोली चलने कि घटना हुई है। गोली कौन और किस कारणों से चलाया है उसका पर्दाफाश जल्द किया जाएगा। वही घटना में आरोपी बनाए गए लोजपा नेता बेलाल खान के पुत्र और भाइयों को निर्दोष बताते हुए बेलाल खान ने सोमवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर कहा कि हर वर्ष कि तरह इस साल भी उसके घर पर नए साल के आगमन पर समारोह आयोजित कि गई थी। परिवार के सारे लोग समारोह में थे। समारोह देर रात तक चली जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। समारोह में शुरुआत से समाप्ति तक उसके आवास में लगे छह सीसीटीवी कैमरे में सब कि गतिविधियां कैद है। साथ ही घटनास्थल के आसपास भी आधा दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगे है। पुलिस जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। श्री खान ने कहा कि लड्डन और उसके पड़ोसी शाहनवाज खान से उसका वर्षो से अदावत है। कई बार उन लोगों ने उनके एवं परिवार के लोगों को झूठा मुकदमा में फंसा चुके है। उन्होंने रात कि गोली चालन कि घटना का मास्टरमाइंड शाहनवाज को बताते हुए कहा कि शाहनवाज लड्डन को इस्तेमाल कर हमें फंसाने कि साजिश किया है।

## मानस मंदिर में नववर्ष की संध्या पर कर्णप्रिय भजनों पर झूमे श्रद्धालु

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मानस प्रचार समिति द्वारा मानस मंदिर में सोमवार को पश्चिमी कैलेंडर के अनुसार नववर्ष की संध्या में भजन का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ डॉक्टर आर्यन राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। भजन मंडली में प्रसिद्ध गायक सुरेन्द्र ओझा, अरुण पांडे एवं स्मृति ठाकुर के द्वारा प्रस्तुति दी गई। नए वर्ष के कारण मंदिर में भक्तों की भीड़ ने भजन का आनंद लिया। समारोह के अंत में नित्य सामूहिक आरती के बाद विशेष प्रसाद का वितरण किया गया। कैलाश राव एवं उनकी म्यूजिक टीम ने गायकों को विभिन्न वाद्य यंत्र पर अच्छी संगति दी। गायक सुरेंद्र ओझा द्वारा प्रभु हम भी शरणागत हैं स्वीकार करो तो जाने। अब हमे पतित से पावन सरकार करो तो जाने। प्रेमी जन तुमको भाते हम भक्ति भाव बस आते। हम कुटिल हृदय से कलुषित उपचार करो तो जाने। प्रभु हम भी शरणागत है स्वीकार करो तो जानें। गायिका स्मृति ठाकुर के द्वारा वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम राशियों रे, प्रभु मन बसियो री। अंजनी के लाला दिन दयाला कृपा कारियो री, प्रभु मन बसियो री, शरण जो आए ध्यान लगाए उनकी सुनियो री, प्रभु मन बसियो री एवं अन्य कर्ण प्रिय भजनों से श्रोता झूमते रहे। समिति के निरंजन सिंह, विनोद दुबे, निशांत नारायण, रामप्रवेश शर्मा, राजेश सिंह, जगत गुप्ता, किशोरी, काजल कुमार दांगी, मुक्तेश्वर महतो, सपन दा, कन्हाई भट्टाचार्य, शुभेंदु दा, लालटू जी, विजय दा आदि ने व्यवस्था पूरी की।

## संक्षिप्त खबरें

### सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 04 जनवरी को

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी से संबंधित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को दिनांक 04.01.2024 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण समाहरणालय सभाकक्ष में दिनांक 04.01.2024 को 11.30 बजे पूर्वाहन से दिया जाएगा जिसमें कार्मिक कोषांग, सामान्य प्रशिक्षण कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, ईवीएम कोषांग, कम्प्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी व आइटी कोषांग, स्वीप कोषांग, विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता-रूट चार्ट कोषांग, ईवीएम एवं वीवीपैट कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, नर्वाचन व्यय लेखा कोषांग, बैलेट पेपर, पोस्टल बैलेट व इटीपीबीएस कोषांग, मीडिया कोषांग, कम्युनिकेशन, मतदाता सूची विखंडिकरण कोषांग, कंप्लेंट्स रीड्रेसल एवं वोटर हेल्पलाईन, प्रेक्षक कोषांग आदि के वरीय पदाधिकारी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

### मुखिया एवं वार्ड सदस्य ने मसूरियाखाड़ का किया दौरा

**कुडू-लोहरदगा :** बड़की चापि पंचायत के उप मुखिया के साथ बंदुआ गांव की वार्ड सदस्य ने बड़की चाँपि पंचायत के सुदूरवर्ती/जंगलवर्ती गांव मसूरियाखांड का दौरा किया एवं ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपने साथ पंचायत के जनप्रतिनिधियो बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी, वार्ड सदस्य बंदुआ गीता भगत से मिलकर खुशी व्यक्त की। ग्रामीणों ने इस गांव के कई समस्याओं से उपस्थित पंचायत जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

## प्रखंड के कई मनमोहक पर्यटन स्थलों पर जुटे सैलानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में अंग्रेजी नव वर्ष 2024 की शुरुआत लोग कुडू प्रखंड के ऐतिहासिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों में महादेव मंडप धाम समेत कुडू प्रखंड के कई मनमोहक पर्यटन स्थल में की। यहां आने वाले सैलानी एक और यहां की प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाये।वहीं दूसरी ओर महादेव मंडप शिव धाम सहित प्रखंड क्षेत्र के दुर्गा मंदिर बड़की चाँपि,शिव मंदिर बड़की चाँपि सहित कई देवालयों में मत्था टेक लोग अपने परिवार की मंगलकामना की और नववर्ष की शुरुआत की। महादेव मंडा धाम में पूरे जिले सहित कई दूसरे जिलों के दूरदराज के लोग सैकड़ो की संख्या में पूजा-अर्चना कर नव वर्ष की सुखमय शुरुआत की। वहीं कुडू प्रखंड के कई खूबसूरत वादियों का लुत्फ भी लोगो ने उठाया। महादेव मंडा धाम शिव धाम लोहरदगा-चंदवा मुख्य मार्ग के बीच सलगी एवं बड़की चाँपि पंचायत सिमाना में स्थित महादेव मंडप प्राचीन शिव मंदिर है। माना जाता है कि जो भी भक्त अपनी इच्छित कामना को लेकर यहां आते हैं उनकी मन्नत को भगवान शिव जल्द ही पूरा कर देते हैं। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते है। सैलानियों के लिए ये मनमोहक पर्यटन स्थल, कुडू प्रखंड के बड़की चांपी तथा सलगी पंचायत के बीचो-बीच स्थित 27 नंबर रेलवे ब्रिज के आस पास काफी संख्या में लोग पिकनिक मनाये। 27 नंबर रेलवे ब्रिज पिछले 6-7 वर्षो में यह पर्यटन क्षेत्र युवाओं की पहली पसंद के रूप में देखने को मिला है। यहां पर लोग विदेशों से भी आ चुके हैं।वही टीको नदी के पास शिवधाम में लोगो ने पूजा अर्चना कर अपने अपने परिवार की सुख समृद्धि की मांग भगवान से की। वही कई लोगो ने चूल्हापानी जाकर पूजा अर्चना की।चुल्हापानी सलगी पंचायत क्षेत्र में है।जंहा से देवनद-दामोदर का उदगम स्थल चूल्हा पानी की अद्भुत छटा मनोहरी है। वहां से निरंतर निकलते निर्मल जल का सेवन कर लोग अपनी थकान को भूल जाते हैं। जामुन,बट व कुसुम तीनों संयुक्त वृक्षों की जड़ से बहता निर्मल जल का स्वाद अविस्मरणीय है। अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत में महादेव मंडा धाम, 27 नंबर रेलवे ब्रिज, चुल्हापानी, टीको शिव धाम, तान पहाड़ी क्षेत्र, 33 नंबर रेलवे ब्रिज के पास सहीत कई स्थानों में लोगो ने जाकर नववर्ष मनाया।इस मौके पर कुडू के प्रशासनिक अधिकारी सहित पुलिस बल के जवान, वन समिति के लोग अपने कर्तव्य निर्वहन में चुस्त दुरुस्त लगे रहे।





## विधायक भूषण बाड़ा ने पर्यटक स्थल बसतपुर में किया नव वर्ष का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा अपने परिवार के साथ नव वर्ष का स्वागत पर्यटक स्थल बसतपुर में किया। मौके पर विधायक नव यहां वनभोज का भी लुत्फ उठाया। साथ ही वहीं पहुंचे लोगों को नव वर्ष की बधाई दी। उन्होंने जिले में शांति और जिले के चहुंमुखी विकास के लिए कृत संकल्प रहने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के अवसर पर जिले में अमन व शांति हो इसके लिए वे भगवान से प्रार्थना करेगें। उन्होंने लोगों से अपनी सभी बुराईयों को छोड नव वर्ष में अच्छाईयों को अपनाते हुए जिले के चंहुमुखी विकास में सहयोग की अपील आम लोगों से की है। उन्होंने जिले वासियों को आपसी प्रेम और भाईचारे के माहौल में नव वर्ष मनाने की बात कहते हुए शुभकामना दी। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि वर्ष 2024 में जिले के लाचार, गरीब एवं बुर्जुगों को उनका हक के साथ साथ बेहतर सुविधा मिले। बच्चों का शिक्षा पूर्वत की भांति सुचारु रुप से चले इसके लिए वे प्रार्थना करेंगी।

## 51 वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता का आकस्मिक निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो नयाटोली निवासी स्व0 फकीर लोहरा के 51 वर्षीय पुत्र अकला लोहरा की आकस्मिक निधन हो गया है। अकला लोहरा अपने पीछे 32 वर्षीय विवाहित राज लोहरा पुत्र एवं पत्नी छोड़ गये। वे मृदुभाषी एवं व्यव्हार कुशल समाजिक व्यक्ति थे। कैरो नयाटोली मतदान केंद्र संख्या 169 मे भारतीय जनता पार्टी के बूथ सद्स्य के रुप मे भी अकला लोहरा की पहचान भाजपा कार्यकर्ता के रुप मे जानी जाती थी। वे लोस एवं विस चुनाव मे एनडीए प्रत्याशी के जीत के लिये काफी सक्रिय भूमिका निभाने वाले मे एक थे। उनकी निधन की सूचना मिलते ही स्थानीय निवासी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष नजीर आलम खान, जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू, पुर्व 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, जिला भाजपा कार्यसमिति सद्स्य विशेश्वर प्रसाद दीन, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, विनोद रविदास इत्यादि ने गहरा शोक प्रकट किया,वही दिवंगत अकला लोहरा के पत्नी से मिल ढाडस बांधाया। और कहा की दुख की इस घड़ी मे कैरो प्रखंड भाजपा परिवार दिवंगत अकला लोहरा के परिवार के साथ खड़ा है, परिजनो को भाजपायीईयों ने हरसंभव मदद का भरोषा दिलाया।



## नव वर्ष के मौके पर चितरी कोयल नदी तट सहित अन्य रमणीक स्थलों पर लोगों ने मनाया पिकनिक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के चितरी कोयल नदी तट, धरधरिया जलप्रपात, नन्दगाँव फार्म, सीठीयो कोयल नदी तट सहित अन्य रमणीक स्थलों पर लोगो ने अंग्रेजी नव वर्ष पर पिकनिक मनाया। सुबह से ही लोग दार्शनिक स्थल, जंगल पहाड़, नदी के अलावे अन्य जलाशयों के ओर जाते दिखे। नव वर्ष पर पिकनिक मनाने के लिये युवक युवतियों में हर्षोल्लाष और खुशी देखने को मिला वही पिकनिक को लेकर क्षेत्र में मुर्गा,खस्सी मिट खरीदने के लिये सुबह से ही सभी जगह दुकानों में काफी भीड़ रही। तो वही बहुत से लोग परिवार के साथ ही घर पर रह कर नव वर्ष का आनन्द लिया नव वर्ष के मौके पर सभी रमणीक जगहों पर मेला जैसा युवक युवती, बच्चे बुजुर्ग जवानों का भीड़ रहा। वही लोग पिकनिक में मन पसन्द लजीज व्यजनों का स्वाद लिया और डीजे का धुन में नाच गाना करते हुए नव वर्ष का स्वागत किया। प्रकृति की गोद मे स्थित धरधरिया जलप्रपात, चितरी कोयल नदी तट, नन्दगाँव फार्म पिकनिक के लिये जिला का मुख्य पर्यटक स्थल में से है। जहाँ लोग हमेसा घूमने और पिकनिक मनाने आते हैं। वही सभी प्रमुख पिकनिक स्थलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेन्हा थाना के पुलिस एस आई गणेश यादव, कुलदीप राम, पंकज यादव दल बल और दंडाधिकारी के साथ गस्ती में मुस्तैद रहे। साथ ही थाना प्रभारी अभिनव कुमार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आये।



## सड़क दुर्घटना में दो गंभीर रूप से हुए घायल

## पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से भेजा गया अस्पताल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो कुडू चेटर मेन रोड न्याटोली नहर पुल पर सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल। दोनों को कैरो थाना पुलिस एवं ग्रामीणों की मदद से भेजा गया प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल। ज्ञात हो कि जिन्गी निवासी रूपेश उरांव पिता स्वर्गीय भिखारी टाना भगत उम्र लगभग 28 वर्ष और दुर्गा उरांव पिता स्वर्गीय शनी टाना भगत उम्र लगभग 30 वर्ष दोनों अपने दो पहिया मोटरसाइकिल वाहन संख्या जेएच 08 जे 6970 होन्डा राइडर से किसी काम से जिन्गी की ओर से कैरो आने के दौरान कैरो न्याटोली नहर पुल के पास मोटरसाइकिल वाहन अनियंत्रित होकर नहर में लगे बेरियर से जा टकराया जिससे दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सड़क पर यात्रा कर रहे यात्रियों ने बताया कि वाहन चालक द्वारा अत्यधिक रफ्तार से गाड़ी चलाने के कारण यह घटना हुई है। आयेदिन पुलिस प्रशासन के द्वारा सड़क सुरक्षा नियम को लेकर लोगो को जागरूक किया जाता है। परंतु वाहन चालकों द्वारा नियमों का अवहेलना कर अपने जीवन को एक संकट की ओर ले जाते है।



## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उपायुक्त को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री रघुवर जी के अवधपुरी में प्राण प्रतिष्ठा होना है निमंत्रण को स्वीकार करो अब सबको अयोध्या चलना है। इसी के साथ 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सभी राम भक्तों के घर तक अक्षत और निमंत्रण पत्र पहुंचना है। इस निमित्त आज लोहरदगा जिला उपायुक्त डॉ0 श्री कृष्ण प्रसाद बाघमारे को अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ लोहरदगा जिला जज प्रथम श्री अखिलेश कुमार तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित, लोहरदगा अंचल पदाधिकारी श्री आशुतोष, लोहरदगा सदर थाना प्रभारी श्री अनिल उरांव को निमंत्रण दिया गया। एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक श्री सच्चिदानंद अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती अंजलि अग्रवाल एवं विश्व हिंदू परिषद प्रांत मार्गदर्शक मंडल स्वामी कृष्ण चेतन ब्रह्मचारी को निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर इस अभियान के जिला अभियान प्रमुख श्री सचिन कुमार साहू, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष अशोक काश्यकार, जिला कार्यालय प्रमुख सत्यम अग्रवाल, बजरंग दल सदस्य दीपक साहू, हसमुख रंजन आदि उपस्थित थे।



## आशा अपेक्षा व उत्साह के साथ लोगो ने नववर्ष का किया स्वागत, पिकनिक स्थलो पर पुलिस कर रही थी गश्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत नववर्ष 2024 को लोगो ने उत्साह, उमंग एवं आशा अपेक्षाओं के साथ लोगो ने किया नववर्ष का स्वागत। इस अवसर पर प्रखंड के पंचायत हनहट, सढ़ाबे, कैरो, गुड़ि, गजनी व नरौली पंचायत के गाँवो मे आज 01 जनवरी सोमवार को काफी संख्या मे लोगों के द्वारा धार्मिक स्थलों मे पुजा पाठ करते हुए लोगो ने ईश्वर से नववर्ष की सुख शांति व समृद्धी की कामना किया। वही स्कुली बच्चियों के द्वारा सड़को मे भी हैपी न्यू ईयर का आकर्षक रंगोली बनाकर भी नववर्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर खरता स्थित मनोकामना भोलेनाथ मन्दिर, एवं नन्दनी डैम इत्यादि जलाशयो के आस-पास अहले सुबह से ही लोग पिकनिक को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। वही इस अवसर पर नन्दनी डैम मे लोगो ने जमकर नाव मे चढ़कर बीच डैम के पानी मे जाकर स्वीमिंग का आनन्द लिया। वही इस अवसर पर नववर्ष को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कैरो थाना पुलिस पिकनिक स्थलों पर गश्ती कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, छेड़खानी इत्यादि घटनाओं को अंजाम देने वाले पर कैरो थाना पुलिस कड़ी नजर बनाये रखी थी। मौके पर कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उराँव, पुलिस अवर निरीक्षक ऋषिकांत कुमार, एएसआई संजय कुमार राय के अलावा कैरो थाना के सदल-बल पिकनिक सपाट स्थलो पर ड्यूटी मे मुश्तैद थे।

## लूट एवं झूठ के बुनियाद में बनी झारखंड की हेमंत सरकार : कोचे मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा परिसदन में तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने झारखंड सरकार के चार वर्षो के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए उन्होंने वर्तमान सरकार को जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जिस चुनावी वादे के साथ सत्ता में बैठी थी उसे भूल कर लूट झूठ के सहारा लेकर 4 वर्षो का कार्यकाल पूरा किया है, जो कि इन चार वर्षो में किसी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं हुए हैं और सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से इनका कार्यकाल शून्य है। हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं को रोजगार एवं स्नातकोर लोगों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी लेकिन सिर्फ आश्वासन रह गया ।आज सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सिर्फ और सिर्फ आवेदन लेकर उसे कूड़ा के ढेर में रखने का काम कर रही है जमीनी हकीकत पर कोई काम नहीं हो रहा है।अबुआ आवास के नाम पर अभी से ही विचौलियां हावी होना शुरू हो गए हैं। 10000 लेकर इस योजना को अपने पसंदीदा लोगों को देने का काम कर रहे हैं ,हालांकि अभी तक इस योजना का लाभ किसी को शुरू नहीं किया गया है। यह सरकार क्षेत्र में नदी घाटों में बालू का टेंडर नहीं कर बालू को जिस प्रकार चोरी करवा रही है उसी प्रकार यहां के खनन सभी चीजों का राजस्व का चोरी कर जेब भरने का काम कर रही है। भाजपा की सरकार थी तब सड़कों का जाल ना लेकिन वर्तमान सरकार में कहीं पर भी सड़क नहीं बन रही है। इसके अलावा विद्युतीकरण की बात करें तो झारखंड की रघुवर सरकार के कार्यकाल में गांव-गांव तक बिजली पहुंचाने का काम हुआ लेकिन वर्तमान सरकार में एक भी बिजली का खंबा नहीं लगा है। केंद्र सरकार के दिए गए राशन को हेरा फेरी करते हुए प्रधानमंत्री गरीब वन कल्याण योजना के राशन को चोरी करने का काम कर रही है। आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में अस्पताल में दवाई उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके वजह से मरीजों को काफी दिक्कत हो रही है। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सत्ता के नशे में इतने मदहोश हो चुके हैं कि वह सिर्फ जेब भरने से परेशान है और लगातार जिस प्रकार इस राज्य में खनिज संपदा के लूट मची है इसे पूछने के लिए जब ईडी बार-बार बुलाती है तब वह डर से नहीं जाते हैं। लोगों के बीच में कहते हैं कि हमें डर नहीं लगता अगर आपको डर नहीं लगता है तो आप ईडी के द्वारा बुलाए गए समन में जाएं और जवाब दें। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता जानती है और आने वाले चुनाव में वर्तमान सरकार को सत्ता से बेदखल करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएगी और पूर्व में जिस प्रकार से क्षेत्र में विकास के कार्य होते थे वह होगी।मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक,सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद ,जिला महामंत्री दीपक पुरी ,कोषाध्यक्ष अनुप प्रसाद कृष्णा ठाकुर नरेंद्र बड़ाईक सुभाष कुमार अनिरुद्ध सिंह, संटू गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



## कार्यकाल के दौरान मुखिया के आकस्मिक निधन पर 25 लाख का मुआवजा दे सरकार : संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सिठियो कोयल नदी के तट पर रविवार को जिला मुखिया संघ के बैनर तले मुखिया मिलन समारोह सह परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के साथ मुखियाओं की विभिन्न मांग को लेकर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष बासुदेव उरांव की अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस दौरान मुखिया जनों का वर्तमान स्थिति और आनेवाले समय के मद्देनजर कई मुद्दों एवं समस्याओं पर चर्चा किया गया। सबों ने सर्वसम्मति से आठ सूत्री से अधिक मांगों को लेकर लोहरदगा विधायक सह वित्तमंत्री,जिला उपयुक्त, झारखंड पंचायती राज निदेशक एवं झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौपने का निर्णय लिया। कहा कि जिले के मुखिया को अधिकार और सम्मान के साथ सांसद विधायक की तरह सम्मान जनक वेतन भता एवं पेंशन यथा शीघ्र लागू कि जाय। मुखिया एवं उनके परिवार के सदस्यों को निशुल्क चिकित्सा व्यवस्था लागू कि जाय, पंचायत अंतगर्त क्षेत्र भ्रमण कार्य के लिए सरकारी वाहन की व्यवस्था कराएं। मुखिया के कार्यकाल के दौरान यदि किसी भी मुखिया कि आकस्मिक निधन हो जाता है उसके परिवार को 25 लाख रुपए का मुआवजा राशि का प्रावधान किया जाए। पंचायत में कार्यरत सभी कर्मीयो की मानमानी पर अंकुश के लिए सभी पंचायत कर्मीयो का मासिक सत्यापन एवं प्रतिवेदन मुखिया के द्वारा करने बाद ही कर्मीयो के वेतन भता की अग्रेतर कार्यवाही की व्यवस्था लागू कि जाय,15 वें वित्त आयोग योजना अंतर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा मापी पुस्त निर्गत की मानमानी पर यथा शीघ्र रोक लगाते हुए मापी पुस्त निर्गत की स्वतंत्रता मुखिया, पंचायत सचिव को दी जाय, पंचायत क्षेत्र के कार्यरत सभी कर्मीयो की उपस्थिति बायोमेट्रिक उपस्थित एवं राजस्व कर्मचारी की रोस्टर के अनुसार उपस्थिति की यथा शीघ्र कार्यवाही की जाय। मनरेगा योजना अंतर्गत भेंडर टेंडर एवं अन्य सप्लायर की पूर्ण स्वतंत्रता मुखिया, पंचायत सचिव को दी जाए। मुखिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत सरकार के राजस्व क्षति एवं पर्यावरण सुरक्षा की द्रष्टि से खनिज बालू,मोरम,पत्थर क्रैसर,ईट भठठा एवं लघु उद्योग का वार्षिक सत्यापन के बाद ही विभाग द्वारा अग्रेतर कार्यवाही करने की सुनिश्चित लागू कि जाय। मुखिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत जैसे, सामाजिक विवाद, घरेलू विवाद, जमीन विवाद, आपसी विवाद,डायन कुप्रथा विवाद, वैवाहिक विवाद, राजस्व विवाद, पोक्सो अधिनियम जैसे केस पर थाना प्रभारी की मानमानी पर बलपूर्वक धमकी से आमजन शोषित एवं पीड़ित होते हैं, जिसपर मुखिया से परामर्श एवं समायक विचार के बाद प्राथमिक की अग्रेतर कार्यवाही का नियम लागू कि जाय, दस मुखिया के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत जिला स्तरीय विभागीय कार्ययों की पूर्ण जानकारी एवं सत्यापन (जन उपयोगी अथवा अन्य उपयोगी संबंधी) की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। इसके अलावा भी कई और मांग शामिल हैं। मौके पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष वासुदेव उरांव ने कहा कि मुखिया के सभी अधिकार का पूर्ण रूप से पालन हो और सरकार इस दिशा में मुखियाओं की मांग पर पहल करें। यदि इन सभी मांगों पर किसी भी प्रकार का कोई विचार या मंतव्य सरकार नहीं देती है,तो जिला मुखिया संघ पूरजोर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इसके बाद भी यदि सुनवाई नहीं होती है तो सभी मुखिया सामूहिक रूप से त्याग पत्र सौंपने के लिए विवश होगें। और इसकी सारी जवाबदेही प्रशासन एवं सरकार की होगी। मौके पर मुख्य रूप से जिला मुखिया संघ के सचिव प्रमेशवर महली, कार्यकारिणी अध्यक्ष दिलिप कुमार उरांव, उपाध्यक्ष सुमित उरांव, बिरेंद्र उरांव, अनिल उरांव, राजू उरांव, धनेश्वरी उरांव, बसंत उरांव, बंधना उरांव, कामिल टोपनो, राजकिशन उरांव, सुमन उरांव, कमला देवी, राजू उरांव, चमरा उरांव, लक्ष्मी उरांव, मुनि देवी, फुलमनी देवी, कैली देवी, बसंती देवी, रानी देवी, शोभा देवी, यशोदा उरांव, सुषमा देवी, सुमित्रा देवी, सुमित्रा कुमारी, चमनी टोप्पो, सहित जिले के सभी मुखिया शामिल थे।



## चलते चलते एक नजर

### गढ़वा : बीपीडीएवी क्वॉर्टर फाइनल में



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में बीपीडीएवी ने जिला शिक्षा निकेतन को 41 रनो से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच से पूर्व गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी अनूप कुमार तिवारी, पूर्व खिलाड़ी सह अधिवक्ता सच्चिदानंद धर दुबे,प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बीपीडीएवी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तरुण के शानदार 52 रन और पीयूष के 36 रनो के सहयोग से तीन विकेट खोकर 135 रन बनाए। 136 रनो के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी जिला शिक्षा निकेतन की टीम 94 रन ही बना पाई। टीम की और से शशिकांत ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए।बीपीडीएवी के तरुण को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर सचिव आनंद सिन्हा,नवनीत दुबे, अभय दुबे,अभिषेक द्विवेदी,मनोज तिवारी,विशाल,सुमित मिश्रा,धीरज,मनीष उपाध्याय, मनीष पाठक, आलोक कुमार,दिव्य रंजन ,प्रिंस दुबे, शहजाद खान आदि शामिल थे।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा सोलन और शिमला में 5 जनवरी को करेंगे जनसभा

**शिमला :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 5 जनवरी को हिमाचल प्रदेश में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वह सोलन में एक रोड करेंगे। साथ ही तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं की ओर से अध्यक्ष नड्डा का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने सोमवार को बताया कि तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचण्ड जीत के बाद जेपी नड्डा की सोलन और शिमला में जनसभाओं का आयोजन जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र के लोग सोलन व शिमला में जगत प्रकाश नड्डा का स्वागत करेंगे। सबसे पहले प्रातः 9 बजे सोलन मॉल रोड पर जेपी नड्डा का रोड शो होगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे होटल पीटरहॉफ शिमला में अभिनंदन समारोह होगा। डॉ बिंदल ने बताया कि सायंकाल 6 बजे भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की कोर ग्रुप की बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा संबोधित करेंगे। राजीव बिंदल ने कहा कि तीन बड़े राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत ने देश का संपूर्ण माहौल भाजपामय कर दिया है और नरेन्द्र मोदी देश के अभिजीत नेता के रूप में उभरे हैं। बिंदल ने कहा कि 2024 का वर्ष एक बार फिर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का वर्ष शुरू हुआ है और मोदी व भाजपा के साथ ही देश की तरक्की सुनिश्चित होनी है। नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का काम शुरू किया है और हम सब लोगों को मिलकर उसे पूरा करना है।

# पिकनिक मनाकर लोगों ने किया नए साल का स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** नव वर्ष के आगमन पर लोगों ने पिकनिक मनाकर नए साल का स्वागत किया। विभिन्न पिकनिक स्पाट नए साल पर गुलजार हो गए तथा लोगों ने खूब मस्ती की। विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर तथा गीत संगीत पर झूमते हुए लोगों ने नए साल का जश्न मनाया। नए साल पर कोहरा छाए रहने के कारण बहुत से लोग पिकनिक स्पाट पर जाने की बजाय घर पर ही रहे तथा विभिन्न पकवानों का आनंद उठाया। जबकि युवाओं में इसको लेकर उत्साह देखने को मिला तथा वह मौसम का परवाह किए बगैर विभिन्न स्थानों पर पिकनिक मनाने पहुंच गए।जिले में लोगों ने अलग अलग तरीके से नए साल का स्वागत किया। बहुत से लोगों ने विभिन्न मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन किया तथा वर्ष 2024 बेहतर रहने को ले ईश्वर से कामना की। वहीं कई लोगों ने केक काटकर नया वर्ष मनाया। सभी में नए साल का उत्साह देखने को मिला। लोग पूरे जोश-खरोश में दिखे। गौरतलब हो कि नए साल के जश्न की शुरूआत रविवार की रात से ही शुरू हो गई थी। लोग रात में पटाखे छोड़कर नए साल का स्वागत कर रहे थे तथा विभिन्न स्थानों में रात में नए साल के जश्न को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। लोग गीत संगीत की धुन पर रात भर थिरकते देखे गए। सुबह होने पर भी यह क्रम जारी रहा। जिले के अन्नराज डैम, बंडा पहाड़, लहसुनिया पहाड़, जुड़वनिया मंदिर, सुखलदरी, गुरूसिद्धू, सतबहिनी समेत अन्य स्थानों पर पिकनिक मनाने वालों की भीड़ देखने को मिली।



## भारत-पाक ने साझा की कैदियों की सूची पाकिस्तान की कैद में है 418 भारतीय

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से अपनी हिरासत में नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची आदान-प्रदान की है। कॉन्सुलर एक्सेस पर 2008 के समझौते के प्रावधानों के तहत हर साल 1 जनवरी और 1 जुलाई को इन सूचियों का आदान प्रदान किया जाता है। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत ने अपनी हिरासत में बंद 337 नागरिक कैदियों और 81 मछुआरों की सूची साझा की है, जो पाकिस्तानी हैं या पाकिस्तानी माने जाते हैं। इसी तरह पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में मौजूद 47 नागरिक कैदियों और 184 मछुआरों की सूची साझा की है, जो भारतीय हैं या माना जाता है कि वे भारतीय हैं। भारत सरकार ने पाकिस्तान की हिरासत से नागरिक कैदियों, लापता भारतीय रक्षा कर्मियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया है। इस संदर्भ में पाकिस्तान को उन 184 भारतीय मछुआरों की रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने के लिए कहा गया, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। इसके अलावा पाकिस्तान से कहा गया है कि वह पाकिस्तान की हिरासत में मौजूद शेष 12 नागरिक कैदियों को तत्काल राजनयिक पहुंच प्रदान करे, जिनके बारे में माना जाता है कि वे भारतीय हैं। पाकिस्तान से सभी भारतीय और भारतीय माने जाने वाले नागरिक कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है, जब तक कि उनकी रिहाई और भारत वापसी नहीं हो जाती।

## आगामी तीन महीने में उत्तर भारत में बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले तीन महीनों में उत्तर भारत में बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना जताई है। सुदूर दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, सुदूर उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना जताई है। सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जनवरी से मार्च 2024 के लिए वर्षा का पूर्वानुमान और जनवरी 2024 के दौरान वर्षा और तापमान की जानकारी दी गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी शीत ऋतु (जनवरी से मार्च 2024) के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में वर्षा सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है, जो कि लंबे समय की अवधि के औसत (एलपीए) का 86 फीसदी से अधिक है। इसे रबी की फसल के लिए अच्छा माना जा रहा है। विभाग के अनुसार, देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक ऋतु वर्षा होने की संभावना है केवल सुदूर दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, सुदूर उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर, जहां सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। वहीं, जनवरी 2024 में बारिश के पूर्वानुमान के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में मासिक वर्षा सामान्य से अधिक होने की संभावना है।

## सीसीएल को वीपीआर कंपनी ने 151 रनों से हराया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ ।** बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित मगध परियोजना में वीपीआर आउटसोर्सिंग कंपनी और सीसीएल के ब्वीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ ।मगध-संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) नृपेंद्र नाथ ने मगध परियोजना की सीसीएल टीम का नेतृत्व किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वीपीआर की टीम ने निर्धारित 16 ओवर खेलते हुए 3 विकेट खोकर 269 बनाया ।जवाबी पारी खेलते हुए मगध परियोजना की टीम 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 118 पर आल आउट हो गई। परिणामस्वरूप वीपीआर कंसोर्टियम ने 151 रनो से मैच को जीत कर विजेता का खिताब जीता। वीपीआर की टीम से गुदीवाड़ा नायडू ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन दिखते हुए 30 गेंदों पर 95 रन की पारी खेली जिसमे उन्होने 12 छक्के लगाए और सबसे ज्यादा छक्के लगाने का खिताब भी अपने नाम किया। पवन रेड्डी ने भी अपनी टीम के लिए 23 गेंदों पर 68 रन की पारी खेली एवं गेंदबाजी करते हुए चार विकेट भी लिए ।वही प्लेयर आफ द मैच का खिताब पवन रेड्डी बने। मगध परियोजना की टीम से नन्द किशोर भोगता ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। अभिषेक आनंद, उप प्रबंधक (कार्मिक), सत्यनारायन प्रसाद, प्रबन्धक (खनन) और अन्य कर्मी मगध परियोजना के क्रिकेट टीम का हिस्सा थे। मगध परियोजना के परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यनारायणा, खान प्रबंधक मो. अकरम, वीपीआर के मैनेजर जीएम श्रीनिवास रेड्डी सहित वरिष्ठ अधिकारीयों ने विजेता टीम को ट्राफ़ी एवम् प्राइज वितरण किया ।मैच के अंपायर साजिद अख्तर और बी. नायडू थे ।मौके पर परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी, वीपीआर के अधिकारी एवं कर्मी, आस-पास के ग्रामीण, रैयत एवं अन्य उपस्थित थे।




### संजय राउत और उद्धव ठाकरे पर बरसे सत्येन्द्र दास, कहा

# उन्हें ही मिला निमंत्रण, जो हैं राम के भक्त

एजेंसी

**अयोध्या :** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए लोगों को निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। आज से देशभर में आरएसएस और विहिप के कार्यकर्ता अक्षत देकर अयोध्या के लिए आमंत्रण सौपेंगे। वहीं इसी बीच महाराष्ट्र में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजनीति और आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। शिवसेना (यूबीटी) के नात और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने इस विषय को लेकर कई सवाल आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही उद्धव ठाकरे ने भी निमंत्रण ना मिलने पर हैरानी जताई थी। अब इस पर टिप्पणी करते हुए श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने रविवार को कहा कि निमंत्रण केवल उन्हीं को दिया गया है जो भगवान राम के भक्त हैं। उन्होंने कहा,निमंत्रण केवल उन लोगों को दिया गया है जो भगवान राम के भक्त हैं। यह कहना पूरी तरह से गलत है कि बीजेपी भगवान राम के नाम पर लड़ रही है, हमारे पीएम का हर जगह सम्मान किया जाता है। उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है। यह उनकी भक्ति ही है कि इस मामले में राजनीति नहीं बल्कि काम हुआ है।वहीं संजय राउत के भाजपा को अब भगवान राम को अपना उम्मीदवार घोषित करना बाकी है वाले बयान पर उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण से उन्हें बहुत दिक्कत है। ये वही लोग हैं जो भगवान राम के नाम पर चुनाव लड़ते थे। लेकिन अब उन्होंने इससे समझौता कर लिया, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते थे वे सत्ता में हैं, वह क्या बकवास कर रहे हैं, यह मुझे नहीं मालूम है? मुख्य पुजारी ने कहा कि ये लोग भगवान राम का अपमान कर रहे हैं।

इससे पहले शिवसेना (यूबीटी गुट) नेता संजय राउत ने अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर चल रहे हंगामे के बीच भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि वह अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले भगवान राम के नाम पर वोट मांगेगी। राउत ने कहा, ÷पीएमओ और सरकार को अपना आधार अयोध्या स्थानांतरित कर लेना चाहिए। वे केवल राम के नाम पर वोट मांगेंगे क्योंकि उन्होंने और कुछ नहीं किया है।÷ राउत ने कहा कि शिवसेना के सदस्यों ने राम मंदिर आंदोलन में अपना खून और मेहनत की है।



## बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा गोल्डी बराड़ आतंकी घोषित

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को यूएपीए के तहत आंतकवादी घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत आतंकी सूची में कनाडा के ब्रैम्पटन में रह रहे गोल्डी बराड़ का नाम शामिल किए जाने से जुड़ी अधिसूचना जारी की है। इस कानून के तहत बब्बर खालसा इंटरनेशनल को पहले ही आंतकी संगठन घोषित किया जा चुका है। पंजाब के मुक्तसर साहिब का रहने वाला गोल्डी बराड़ अपने साथियों के साथ देश विरोधी गतिविधियों और हमलों तथा लक्षित हिंसा में संलिप्त है। उसके खिलाफ पिछले साल जून में रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। पाकिस्तानी एजेंसियों की मदद से देश में राष्ट्रवादी विचारों से जुड़े लोगों की हत्या और धमकाने की वारदात में शामिल रहा है।

# बच्चों ने मुख्यमंत्री योगी से कहा हैप्पी न्यू ईयर महराज जी

एजेंसी

**गोरखपुर :** नववर्ष का पहला दिन, गोरखनाथ मंदिर दर्शन-पूजन करने गए कुछ बच्चों के लिए यादगार बन गया। नए साल की पहली सुबह न केवल उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलाने वाली रही बल्कि उन्हें मुख्यमंत्री को हैप्पी न्यू ईयर बोलने का मौका भी मिला। इतना ही नहीं, प्रत्युत्तर में बच्चों ने सीएम योगी का ढेर सारा प्यार-दुलार भी बटोरा। संयोगवश सीएम योगी से मिलने का अवसर अकस्मात प्राप्त करने वाले बच्चों में से एक का जन्मदिन भी था, लिहाजा मुख्यमंत्री ने उसे अपने स्नेहिल आशीष से भी खूब अभिसिंचित किया।गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हमेशा की तरह सोमवार सुबह भी मंदिर परिसर का भ्रमण कर रहे थे। संयोग से यह नए साल का पहला दिन भी है। मंदिर परिसर का भ्रमण करते मुख्यमंत्री की नजर कड़ाके की ठंड में मंदिर में दर्शन पूजन करने आए कुछ बच्चों पर पड़ गई। उन्होंने प्यार से उन्हें अपने पास बुलाया। योगी से मुलाकात इस तरह हो जाएगी, इसका बच्चों को यकीन ही नहीं हो पा रहा था। प्रफुल्लित होकर वह मुख्यमंत्री के पास पहुंचे और चरण स्पर्श कर बोल पड़े, हैप्पी न्यू ईयर महराज जी। यह सुनते ही मुख्यमंत्री मुस्कुराने लगे। सिर पर हाथ फेरकर शुभकामनाएं,आशीर्वाद दिया। उन्होंने बच्चों का नाम और उनकी पड़ाई के बारे में पूछा। शिवम पटेल नाम के बच्चे ने बताया कि वह प्रयागराज का रहने वाला है और परिजनों के साथ धर्मस्थलों की यात्रा करते हुए गोरखनाथ मंदिर आया है। जबकि गोरखपुर के रहने वाले बालक आकाश ने मुख्यमंत्री से कहा कि आज उसका जन्मदिन है और वह गुरु गोरखनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लेने आया है। यह सुनते ही सीएम योगी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को खूब पढ़ने, स्वस्थ रहने और खूब आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।



## नव वर्ष को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर जिले में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** एक तरफ ठंड का सितम और दूसरी तरफ कोहरे के आगोस में जहां पूरा लातेहार शहर लिपटा हुआ है। लोग अपने अपने घरों में दुबकने को मजबूर हैं।तो वही लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार अपनी पूरी टीम के साथ रात के अंधेरे में सुरक्षा में तैनात नजर आ रहे हैं।आपको बता दें कि इस हाड़ कंपा देने वाली ठंड के वाबजूद नये साल में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और लोग शांति और आनंद से नया साल मना सके इसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। नए साल के जश्न के दौरान शराब पीकर ड्राइविंग करने वालों पर प्रशासन के द्वारा खास नजर रखी गई है ताकि सड़क दुर्घटना को रोका जा सके इसको लेकर विशेष रूप से सख्ती बरती जा रही है। थाना प्रभारी खुद रात में स्पेशल ड्राइव चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच में जुटे रहे। नववर्ष को लेकर पुलिस ने सुरक्षा की व्यूह रचना पूरी तरह से तैयार कर ली है।इस दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों को रोकने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है।इस दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में लातेहार थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के दिर्नेश पर शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नए साल के जश्न में किसी भी तरह की बाधा ना आए इसके लिए पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी की है। उन्होंने बताया कि नए साल के मद्देनजर लातेहार के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सभी पार्कों, डैम, पर्यटन स्थलों के इर्द-गिर्द पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आगे उन्होंने लातेहार के आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की है।

## एनआईए ने 2023 में 56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की और 625 लोगों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली:**आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में राष्टीय जांच एजेंसी (एनआईए) लगभग शत प्रतिशत कार्रवाई करने में सफल रही। एजेंसी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक एनआईए ने 2023 में 94.70 प्रतिशत दोष सिद्धि दर दर्ज की और 56 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की। इस दौरान 625 लोगों को गिरफ्तार किया। आईएसआईएस मामलों में अब तक एनआईए ने 65 आरोपित, जिहादी आतंकी मामलों में 114, मानव तस्करी के मामलों के 45, आतंकवादी और संगठित आपराधिक गतिविधि के 28 आरोपित और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) मामलों के 76 आरोपितों को गिरफ्तार किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने 2023 में कुल 68 मामले दर्ज किए। 2023 के दौरान दोषी ठहराए गए 74 आरोपितों को सजा के रूप में कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई ।

# नव वर्ष के जश्न में झूमा हिमाचल

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की वादियों में लाखों पर्यटकों ने बीती देर रात नए साल का जश्न मनाया। नववर्ष के जश्न को यादगार बनाने के लिए रविवार को प्रदेश के पर्यटन स्थलों में लाखों सैलानी पहुंचे। देर शाम तक शिमला के रिज मैदान, माल रोड, मनाली और धर्मशाला में तिल धरने की जगह नहीं थी। पर्यटकों से होटल भी पैक रहे। कड़ाके की ठंड के बीच शाम से देर रात तक सैलानी मस्ती करते नजर आए। होटलों में शाम से गीत-संगीत और प्रतियोगिताओं का दौर चला। शिमला के रिज मैदान पर रात 12 बजे पर्यटक जमे रहे। पर्यटकों ने शिमला विंटर कार्निवल में चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का खूब लुत्फ लिया। डीजे व ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए पर्यटकों ने नव वर्ष के जश्न को यादगार बनाया। एक अनुमान के अनुसार नव वर्ष मानने के लिए लगभग पांच लाख सैलानियों ने हिमाचल का रुख किया। शिमला शहर में दिन भर जाम लगा रहा। हजारों नए पर्यटक वाहन शहर में दाखिल हुए। पुलिस के मुताबिक रविवार देर शाम तक करीब 15 हजार वाहन शिमला शहर में दाखिल हुए। बर्फ की चाह में पर्यटकों ने लाहौल-स्पीति और सिसु का रुख किया। अटल टनल रोहतांग में 12 हजार के करीब गाड़ियां आर-पार हुईं। शिमला और मनाली के होटलों में सोमवार और मंगलवार के लिए भी 80 से 100 फीसदी एडवांस बुकिंग है। पर्यटकों की आमद बढ़ने से पर्यटन कारोबार में भी बूम आया। हिमाचल घूमने आने वाले सैलानियों को इस बार पुलिस की सख्ती का सामना नहीं करना पड़ा। राज्य सरकार के निर्देश पर शराब के नशे में झूलने वाले सैलानियों पर सख्ती की बजाय पुलिस ने उन्हें उनके होटलों में पहुंचाया।इस बीच हिमाचल प्रदेश में इस बार भी मौसम की बेरुखी ने सैलानियों को निराश किया। सैलानियों की व्हाइट न्यू ईयर मनाने की हसरत पूरी नहीं हुई। शिमला, मनाली और कुफरी में अक्सर दिसम्बर महीने में बर्फबारी होती रही है। लेकिन इस बार सैलानियों को बर्फबारी का दीदार नहीं हुआ है।नववर्ष के भव्य आगाज के लिए भारी संख्या में लोग पर्यटन स्थलों में पहुंचे हैं। हजारों लोग ऐसे भी हैं, जो शक्तिपीठों में माथा टेक कर अपने दिन की शुरुआत कर रहे हैं। नव वर्ष के उपलक्ष्य पर प्रदेश की शक्तिपीठों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। ज्वाला जी, बृजेश्वरी, बगलामुखी, चामुंडा, श्री नैना देवी जी व बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न शक्तिपीठों के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सोमवार सुबह जल्दी खोल दिये गए। साल के पहले दी। शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नतमस्तक हो रहे हैं।

